सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:41

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.1 न्यू | 14.6 अधि |
| धर्मशाला | 6.5 न्यू | 22.3 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78148.49 |
| निफ्टी | 23688.95 |
| सोना 78,820 | चांदी 93,766 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




बुमराह गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 9 जनवरी 2025 | 26 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 22, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### संभल जामा मस्जिद मामले की सुनवाई पर लगी रोक



**इलाहाबाद।** उत्तर प्रदेश स्थित संभल जामा मस्जिद विवाद को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट में चल रहे मुकदमे की सुनवाई पर रोक लगा दी है। सभी पक्षों को एक महीने के भीतर जवाब दाखिल करना होगा। संभल की शाही जामा मस्जिद की इंतजामियां कमेटी की तरफ से दाखिल याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सुनवाई की। पक्षकारों को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करना होगा। पक्षकारों के जवाब पर मस्जिद कमेटी को दो हफ्ते में अपना रिवाइंडर यानी प्रत्युत्तर दाखिल करना होगा।

### 21 को आएगा 1984 के सिख दंगों पर फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 1984 सिख दंगों से जुड़े सरस्वती विहार में सिखों की हत्या के मामले में राउज ऐवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार के खिलाफ फैसला बुधवार को टाल दिया है। कोर्ट अब इस मामले में 21 जनवरी को फैसला सुनाएगा। 1 नवंबर, 1984 को सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या कर दी गई थी। पूर्व कांग्रेस नेता सरस्वती विहार इलाके में पिता-पुत्र की हत्या के आरोपी हैं।

### यूनुस सरकार ने किया शेख हसीना का पासपोर्ट रद्द



**ढाका।** बांग्लादेश की यूनुस सरकार ने जुलाई माह में हुई हिंसा को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत 97 लोगों का पासपोर्ट रद्द कर दिया। हसीना का पासपोर्ट रद्द होने के कुछ देर बाद ही भारत सरकार ने उनका वीजा बढ़ा दिया। इससे साफ हो गया है कि भारत हसीना को बांग्लादेश डिपोर्ट नहीं करेगा। इससे पहले 6 जनवरी को बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया था।

### बांग्लादेश की पूर्व पीएम खालिदा लंदन रवाना



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया इलाज करवाने के लिए लंदन के लिए रवाना हो गईं। जिया के सलाहकार जहीरुद्दीन स्वपन ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री एवं 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' की प्रमुख एयर एंबुलेंस से हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुईं।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- चुनावी वादे भूले कांग्रेस के नेता: जयराम ठाकुर -पेज 3
- दिव्यांग ने विधायक से की मनरेगा में रोजगार न मिलने की शिकायत -पेज 4
- विभिन्न उद्घाटनों और शिलान्यासों की रिपोर्ट तलब -पेज 9
- न सीएम और न ही प्रधानमंत्री आवास पहुंचे सके 'आप' नेता -पेज 13
- डोप टेस्ट में नाकाम धाविका अर्चना जाधव -पेज 14


# संगम तट पर भव्य तैयारियां, श्रद्धालुओं के लिए बसाई टेंट सिटी

**प्रयागराज** में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। महाकुंभ के दौरान कुल छह शाही स्नान होंगे। महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक मेला है। इसको लेकर संगम के तट पर भव्य तैयारियां की गई हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा का पूरा इंतजाम किया गया है ...




### 144 साल बाद महाकुंभ का शुभ संयोग

30-45 दिन तक चलने वाला महाकुंभ हिंदुओं के लिए काफी मायने रखता है। महाकुंभ का शुभ संयोग इस बार 144 साल बाद बन रहा है। महाकुंभ में देश-विदेश के 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु शामिल होने का अनुमान है।

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा की पूरी तैयारी

**महाकुंभ** में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। जगह-जगह पुलिस जवान तैनात किए जाएंगे। वहीं, सीसीटीवी कैमरों से भी पूरी नजर रखी जाएगी।

### साधु-संतों का लगने लगा जमावड़ा

**महाकुंभ** 2025 को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। दूरदराज से साधु-संतों, नागा संन्यासियों और बाबाओं का आगमन शुरू हो हो चुका है। अलहदा अंदाज में नागा साधु जो महाकुंभ की पहचान हैं, यहां डेरा जमा चुके हैं।

- सीएम योगी आज आएंगे महाकुंभ
- 6 कॉरिडोर का करेंगे लोकार्पण

### रात को दिखता सजावट का नजारा

महाकुंभ पर संगम किनारे आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक विशाल टेंट सिटी बसा दी गई है। इस टेंट सिटी का एरियल व्यू किसी दूसरी दुनिया का नजारा सा लगता है। रात के वक्त बिजली की सजावट से दमकता महाकुंभ की इस टेंट सिटी का नजारा स्वर्ग सा प्रतीत होता है।

### प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों पर पार्सल लोडिंग पर रोक

**रेलवे** ने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, नैनी जंक्शन और सूबेदारगंज स्टेशन से आरंभ होने वाली और अन्य डिवीजनों से शुरू होकर इन स्टेशनों से होकर गुजरने वाली और रुकने वाली गाड़ियों में पार्सल पर पूरी तरह रोक लगा दी है। इस दौरान बोनाफाइड लगेज, समाचार पत्रों-पत्रिकाओं एवं पेरिसेबल आइटम की लोडिंग ही होगी।

एक देश एक चुनाव पर गठित 39 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति की पहली बैठक

# कानून मंत्रालय ने जेपीसी को सौंपी 18000 पन्नों की रिपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देश** में लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले दो विधेयकों पर विचार करने के लिए गठित 39 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बुधवार को पहली बैठक हुई। भाजपा के सदस्यों ने एक देश एक चुनाव के विचार की सराहना की, तो विपक्षी सदस्यों ने कई सवाल खड़े किए।

वहीं, कानून मंत्रालय ने 18 हजार पेज का प्रेजेंटेशन दिया। एलजेपी की सांसद शांभवी चौधरी और बीजेपी के सांसद सीएम रमेश बैठक में व्यक्तिगत वजहों की वजह से शामिल नहीं हुए। बैठक में एक देश एक चुनाव से संबंधित विधेयक के प्रावधानों को समिति के सदस्यों के सामने रखा गया, साथ ही इसके प्रावधानों से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बैठक में विधेयक के समर्थन में इसकी जरूरत और पूर्व में दी गई विभिन्न सिफारिशों को भी समिति के सामने रखा गया। लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के प्रावधान वाले 'संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024' और उससे जुड़े 'संघ राज्य क्षेत्र विधि (संशोधन) विधेयक, 2024' पर विचार के लिए संसद की 39 सदस्यीय संयुक्त समिति का गठन किया गया है।




भाजपा के सदस्यों ने की सराहना, विपक्षी सदस्यों ने खड़े किए सवाल

### विपक्ष ने किया जमकर विरोध

**समाजवादी** पार्टी के सांसद धर्मेंद्र यादव ने इस बिल को संविधान की भावना के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्रीय दलों को खत्म करने की साजिश रच रही है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के नेता कल्याण बनर्जी ने पूछा कि खर्चा कम करना जरूरी है या लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा करना जरूरी है।

### पीपी चौधरी को बनाया है समिति का अध्यक्ष

**भाजपा** सांसद पीपी चौधरी को जेपीसी का अध्यक्ष बनाया है। इसके अलावा, पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पुरुषोत्तम रूपाला, मनीष तिवारी, सांसद प्रियंका गांधी, बांसुरी स्वराज और संबित पात्रा भी इस समिति के सदस्य हैं। समिति में 27 सदस्य लोकसभा और 12 सदस्य राज्यसभा से हैं।

### समिति विधेयक की निष्पक्ष जांच करेगी

**भाजपा** नेता पीपी चौधरी ने कहा कि जेपीसी विधेयक की निष्पक्ष तरीके से जांच करेगी। संसदीय पैनल इस मामले में प्रत्येक हितधारक की बात सुनेगा। हमारा प्रयास हर क्षेत्र के लोगों चाहे वह राजनीतिक दलों से हो या नागरिक समाज से हो या न्यायपालिका से सभी की बात सुनना होगा। हम सभी का इनपुट लेना चाहते हैं। हम सरकार की तरफ से पेश किए गए विधेयकों का निष्पक्ष तरीके से परीक्षण करेंगे।

# डाटा का डिजिटाइजेशन करे श्रम एवं रोजगार विभाग: सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने इस पहल को जल्द क्रियान्वित करने के दिए निर्देश



श्रम एवं रोजगार विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने श्रम एवं रोजगार विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों को सुव्यवस्थित करने के लिए डाटा डिजिटाइजेशन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ-साथ आधुनिक तकनीकें अपनाने को प्राथमिकता प्रदान करे। सीएम सुक्खू ने बुधवार को श्रम एवं रोजगार विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए कहा कि विभाग के सभी कार्यों का डिजिटाइजेशन किया जाना चाहिए और विभिन्न क्षेत्रों में कुशल लोगों का डाटा ऑनलाइन उपलब्ध होना चाहिए। उन्होंने विभाग को इस पहल को शीघ्र क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को विदेश में काम करने वाले अभ्यर्थियों का कुशलक्षेम सुनिश्चित करने और इन पर निगरानी रखने के भी निर्देश दिए। सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने दो साल में 39,220 रोजगार उपलब्ध करवाए हैं, जिनमें से 13,704 नौकरियां अकेले सरकारी क्षेत्र में दी गई हैं। विभिन्न विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया भी जारी है। युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने के लिए राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना शुरू की है।

### 200 ई-टैक्सी परमिट देने पर विचार

**सीएम** ने कहा कि सरकार पहले चरण में 200 ई-टैक्सी परमिट देने पर विचार कर रही है और इसके दृष्टिगत शीघ्र ही योजना शुरू की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य राज्य के पर्यावरण को संरक्षित करना और कार्बन उत्सर्जन को कम करना है।

### हिमाचल कैबिनेट की बैठक आज

**सुक्खू** कैबिनेट की बैठक वीरवार को राज्य सचिवालय में होगी। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में सरकार कई अहम फैसले लेगी। बैठक में आगामी बजट सत्र सहित कर्मचारियों के कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

### हिमाचल में 11 और 12 को फिर बारिश-बर्फबारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में फिर दो दिन बारिश और बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, 11 जनवरी को राज्य में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी की संभावना है।

12 जनवरी को मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी व निचले पर्वतीय-मैदानी क्षेत्रों के कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना है। 13 जनवरी से पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने का पूर्वानुमान है। वहीं, राज्य के सभी भागों में 10 जनवरी तक मौसम साफ बना रहेगा। उधर, जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में पीडब्ल्यूडी कर्मी बंद पड़ी सड़कों की बहाली में जुटे हुए हैं।

# चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून पर सुनवाई अब 4 फरवरी को

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने 2023 के कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई चार फरवरी तक टालते हुए कहा कि यह कानून बनाने की विधायी शक्ति बनाम अदालत की राय होगी।

एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ को सूचित किया कि मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार 18 फरवरी को सेवानिवृत्त होने वाले हैं और अगर न्यायालय ने हस्तक्षेप नहीं किया, तो नए कानून के तहत एक नया सीईसी नियुक्त किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने दो मार्च 2023 के अपने फैसले में सीईसी और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और प्रधान न्यायाधीश को शामिल करते हुए एक पैनल का गठन किया था। उन्होंने कहा कि नए कानून के तहत चयन समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, नेता प्रतिपक्ष या लोकसभा में सबसे बड़े विरोधी दल के नेता शामिल होंगे। उन्होंने प्रधान न्यायाधीश को चयन समिति से हटा दिया है।

### वी. नारायणन इसरो के नए चेयरमैन नियुक्त



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्पेस साइंटिस्ट वी. नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। उन्हें स्पेस डिपार्टमेंट का सचिव भी बनाया गया है। वह 14 जनवरी को इसरो चीफ एस. सोमनाथ की जगह लेंगे। नारायणन का कार्यकाल 2 साल का रहेगा। अभी वह वलियामाला स्थित लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) के डायरेक्टर हैं। नारायणन के पास 40 साल का अनुभव है। वह रॉकेट और स्पेसक्राफ्ट ऑपरेशन के एक्सपर्ट हैं।

# आंध्र को 2 लाख करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**



**पीएम** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आंध्र प्रदेश में हरित ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और अन्य क्षेत्रों से जुड़ी 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए।

वहीं, पीएम ने मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की मौजूदगी में डिजिटल माध्यम से विशाखापत्तनम के पास ग्रीन हाइड्रोजन हब प्रोजेक्ट की भी नींव रखी। इस परियोजना में लगभग 1,85,000 करोड़ रुपए का निवेश होगा। इसमें 1500 टीपीडी हरित हाइड्रोजन और 7500 टीपीडी हरित हाइड्रोजन उप उत्पाद का उत्पादन करने की क्षमता होगी। इससे पहले पीएम ने विशाखापत्तनम में रोड शो भी निकाला। पीएम ने कहा कि आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन है।

पीएम बोले- आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन है

### एचएमपीवी का 9वां केस मुंबई में बच्ची संक्रमित

**नई दिल्ली।** ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का महाराष्ट्र में बुधवार को तीसरा केस मिला। मुंबई के हीरानंदानी अस्पताल में 6 महीने की बच्ची संक्रमित मिली है। उसे 1 जनवरी को खांसी, सीने में जकड़न और ऑक्सीजन लेवल 84 फीसदी तक गिरने की वजह से अस्पताल में भर्ती किया था। हालांकि, अब वह ठीक है।

मुंबई में इस वायरस का यह पहला मामला है। मंगलवार को नागपुर में 2 केस सामने आए थे। यहां 13 साल की लड़की और 7 साल का लड़का संक्रमित मिला था। हालांकि इन्हें अस्पताल में भर्ती नहीं करना पड़ा। इलाज के बाद उनकी स्थिति कंट्रोल में है। देश में अब तक कुल मामले 9 हो गए हैं।

**पर्यावरण** तीन पंचायतों राउगी, कराड़सू व सोयल के लोग पर्यावरण के प्रति संजीदा, औरों के लिए बने प्रेरणा स्रोत

# कुल्लू में अनूठी परंपरा, पर्यावरण रहे हरा-भरा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

**कुल्लू** जिले में पर्यावरण संरक्षण की एक ऐसी अनूठी परंपरा सदियों से निभाई जा रही है, जो सबके लिए नजीर बन गई है। शुरुआत राउगी पंचायत से हुई और धीरे-धीरे जिले की तकरीबन सभी पंचायतें पर्यावरण के प्रति संजीदा हो गईं। राउगी के लोगों ने सबसे पहले यह प्रण लिया कि यदि गांव में किसी स्वजन की मृत्यु हो जाए तो उसके उपरांत घर के लोग मिल-जुलकर पौधरोपण करेंगे।

यह प्रण एक किस्म से आदेश जैसा ही मान्य हो गया। लोगों ने भी शिद्दत के साथ इसे परंपरा मान लिया और अब जब भी गांव में किसी व्यक्ति की मृत्यु होती है तो शोकाकुल परिवार के सदस्य स्वेच्छा से पौधरोपण कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)




स्वजन की स्मृति में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना सराहनीय कार्य है। ग्रामीण बधाई के पात्र हैं। सभी लोगों से अपील है खुद भी पौधरोपण करें और दूसरों को भी जागरूक करें।

**-किशन लाल, ग्रीनमैन एवं प्रसिद्ध पर्यावरणविद**

### पेड़ कटान पर पाबंदी

बुजुर्ग पुने राम बताते हैं कि एक पौधा लगाना अनिवार्य होता है, लेकिन एक से अधिक पौधे भी लगा सकते हैं। पेड़ की देखभाल परिवार ही करता है। पेड़ के साथ ही थड़ी में मृतक का नाम लिखा जाता है। पेड़ कटान पर पूरी तरह से प्रतिबंध है, अगर कोई काटता है तो संबंधित परिवार के अनुसार उस पर कार्रवाई होती है। कराड़सू पंचायत के बीडीसी सदस्य खेख राम ठाकुर और संजीव ठाकुर, मेघ सिंह, बजीर, धनी देवी, दुर्गी देवी व उत्तमी देवी के अनुसार, गांव में जिस भी व्यक्ति की मौत होती है, उसकी यादगार के तौर पर गांव में रास्ते की मरम्मत रास्ते में थड़ी भी बनाया जाता है, साथ ही पौधा भी लगाया जाता है।

### स्वजन की मौत पर पौधरोपण व विश्राम स्थल

**जिले** की खराहल घाटी की राउगी, कराड़सू व सोयल पंचायत में यह परंपरा सदियों से निभाई जा रही है। तीनों पंचायतों के मझधारी, खलटू, फशणी सोयल, कोटाधार, सौर, तांदला, विष्टबेहड़, पधरू गांव में पौधरोपण की परंपरा कायम हो चुकी है। वहीं, देखादेखी में अब लगघाटी सहित जिले की और पंचायतें भी इस परंपरा का निर्वहन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रही हैं। खराहल घाटी में स्वजन की मौत के एक साल के भीतर गांव में कच्चे रास्तों भी बनाए जा रहे हैं और उनकी मरम्मत भी की जा रही है। इसके अलावा कच्ची या पक्की थड़ी (विश्राम स्थल) का निर्माण भी वह करते हैं।

### कार्य पूर्ण न होने तक गांव में रहता शोक

जब तक स्वजन गांव में रास्तों की मरम्मत और थड़ी का निर्माण नहीं करते, तब तक गांव में शोक रहता है। ग्रामीण देव कारज के अलावा किसी अन्य समारोह में खुशियां नहीं मनाते। महिलाएं तब तक बिंदी नहीं लगाती तथा पुरुष की टोपी पर फूल नहीं लगता। थड़ी के साथ ही फलदार व अन्य पौधे भी रोपित किए जाते हैं, ताकि उस रास्ते से बोझा उठाकर आने वाला व्यक्ति थड़ी पर आराम कर सके।

# भारत और मालदीव समुद्री सुरक्षा पर मिलकर करेंगे काम

## राजनाथ की रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन के साथ द्विपक्षीय चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को भारत दौरे पर आए मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून से मुलाकात की। इस दौरान राजनाथ सिंह ने दिल्ली में मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून के साथ द्विपक्षीय चर्चा की और द्विपक्षीय रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की व्यापक समीक्षा की।

उन्होंने भारत-मालदीव के व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए संयुक्त दृष्टिकोण को साकार करने में मिलकर काम करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। राजनाथ ने कहा कि भारत रक्षा तैयारियों के लिए क्षमता वृद्धि में मालदीव को सहयोग देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत मालदीव को अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए समर्थन देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मालदीव के रक्षा मंत्री मौमून ने भारत की 'प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता' की भूमिका की सराहना की और भारत का धन्यवाद किया।

## न्यूज ब्रीफ

### 13 स्वयंसेवी अध्यापकों को दिया प्रशिक्षण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय केंद्र पाठशाला डुग्घा में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत खंड हमीरपुर के स्वयंसेवी अध्यापकों के लिए बुधवार को एक दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 साल या उससे ज्यादा उम्र के उन लोगों को पढ़ने-लिखने का मौका देना है, जो किसी वजह से साक्षरता नहीं हासिल कर पाए। इस योजना के तहत देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निरक्षरों को शामिल किया गया है। इस कार्यशाला में खंड हमीरपुर के 13 स्वयंसेवी अध्यापकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा खंड हमीरपुर से इस बार 69 अशिक्षित लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सभी स्वयंसेवी अध्यापकों को इस कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी अशोक कुमार मुख्य शिक्षक, सुरेंद्र कुमार केंद्रीय मुख्य शिक्षक, जिला प्रशिक्षण संस्थान गौना से सोनिया उल्लास प्रभारी विशेष रूप से उपस्थित खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर सुमन कुमारी रही। इस कार्यशाला के सफल आयोजन के स्थानीय पाठशाला की अध्यापिका सुनीता रानी व समता शर्मा भी उपस्थित थे।

### तकनीकी विवि ने जारी किया वार्षिक कैलेंडर



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने वार्षिक कैलेंडर-2025 जारी किया। तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने कैलेंडर का विमोचन किया। इस वर्ष के कैलेंडर में तकनीकी विवि ने धौलाधार पर्वत श्रृंखला के आंचल में स्थित महाराणा प्रताप जलाशय पौंग बांध के वन्यजीव अभयारण्य को स्थान दिया है। पौंग बांध में प्रतिवर्ष लगभग एक लाख देश-विदेश के प्रवासी पक्षियों का आगमन होता है, जो यहां के लोगों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। इस मौके पर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव कमल देव सिंह कंवर, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव व वित्त अधिकारी केवल कृष्ण मौजूद रहे।

### 10 से 12 तक नादौन प्रवास पर रहेंगे मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 10, 11 और 12 जनवरी को अपने गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन के प्रवास पर रहेंगे। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 10 जनवरी को सायं लगभग 3:40 बजे गौना हैलीपैड पर पहुंचेंगे और उसके तुरंत बाद सेरा के विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनेंगे। 11 जनवरी को भी सेरा में जनसमस्याओं की सुनवाई के बाद वह दोपहर लगभग साढ़े 12 बजे हड़ेटा में आर्थिक विकास एवं आजीविका सृजन परियोजना 'नवजीवन' की आधारशिला रखेंगे। दोपहर बाद वह सेरा लौट कर जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। 12 जनवरी को मुख्यमंत्री लगभग 12 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमलैहड़ में राजीव गांधी राजकीय मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल का शिलान्यास करेंगे। यहीं पर ही वह किटपल-बल्ह नौरी सड़क पर त्रिंगाल के पास मसेह नाले पर बनने वाले पुल का भी शिलान्यास करेंगे। इसी दिन दोपहर बाद लगभग 2 बजे वह गौना हैलीपैड से शिमला रवाना हो जाएंगे। एडीएम राहुल चौहान ने जिले के सभी अधिकारियों और नादौन के उपमंडल स्तर के अधिकारियों को मुख्यमंत्री के दौरे मद्देनजर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

### कार पार्किंग और दुकानों की नीलामी रदद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर परिषद हमीरपुर द्वारा शहर में कार पार्किंग और दुकानों के लिए टेंडर आमंत्रित किए थे, जिसके लिए नीलामी की तिथि भी निर्धारित की थी, लेकिन तकनीकी कारणों के कारण कार पार्किंग और दुकानों की नीलामी रद्द कर दी गई है। नगर परिषद हमीरपुर के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर ने बताया कि वार्ड नंबर 6 बाल स्कूल के साथ कार पार्किंग, नगर परिषद के रेस्ट हाउस के पास कार पार्किंग, कार पार्किंग शिव मंदिर वार्ड नंबर 6, पक्का भरो में कार पार्किंग वार्ड नंबर 1, शापिंग कांप्लेक्स की दुकानें और रेस्टोरेंट भोटा चौक, बाल स्कूल के पास दुकानों के अलावा वार्ड नंबर 6 की सराय की दुकानों की नीलामी रद्द कर दी है।

### 'पर्यावरण, समाज एवं नए शोध' पुस्तक बेहद उपयोगी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मशहूर पर्यावरणविद् आचार्य रत्न लाल वर्मा ने पर्यावरण पर 'पर्यावरण, समाज एवं नए शोध' नाम से एक पुस्तक प्रकाशित की है। उन्होंने दावा किया है कि इस पुस्तक में शोधकर्ताओं के लिए पर्यावरण पर बेहद उपयोगी, नवीन एवं मूल्यवान शोध सामग्री है। इस पुस्तक अध्ययन से शोधकर्ताओं को अपने शोध में काफी सहायता मिलेगी। लेखक एवं प्रकाशक इस पुस्तक को हिमाचल प्रदेश के महाविद्यालयों के पुस्तकालयों के लिए निःशुल्क भेंट करना चाहते हैं।

## डिपो धारकों की मांगें पूरी करे सरकार, नहीं तो स्थापना दिवस पर करेंगे आंदोलन

**बजट में 20 हजार रुपए मासिक वेतन का किया जाए प्रावधान : अशोक कवि**

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

वित्त वर्ष 2025 के बजट में पीडीएस डिपो धारकों को 20 हजार रुपए मासिक वेतन देने की मांग प्रदेश डिपो संचालक समिति ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से की है। समिति के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आम विधानसभा चुनावों से पूर्व डिपो धारकों की दयनीय आर्थिक स्थिति का आकलन करने के उपरांत अपने चुनावी घोषणा पत्र में प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर प्रदेश में डिपो धारकों को 20 हजार रुपए मासिक वेतन देने व वन टाइम लाइसेंस की व्यवस्था करने का वादा किया था।

डिपो धारकों को इस महंगाई के दौर में भी मात्र चार फीसदी कमीशन दिया जा रहा है। सरकार द्वारा दिए जा रहे इस कमीशन से डिपो धारकों को अपने परिवार का पालन पोषण करना व अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देना संभव नहीं है। कवि ने कहा कि पहले डिपो के लाइसेंस की नवीनीकरण की सालाना फीस 200 रुपए थी, लेकिन अब इस फीस को बढ़ाकर 700 रुपए कर दिया है। समिति ने सरकार से वन टाइम लाइसेंस की व्यवस्था करने की भी मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जो पीओएस मशीनें डिपो धारकों को विभाग द्वारा राशन वितरित करने के लिए दी हैं, उनमें डाली गई सिमें कई वर्षों से बंद पड़ी हैं। डिपो संचालकों ने इन मशीनों को चलाने के लिए बाईफाई कनेक्शन ले रखे हैं, जिन पर प्रति माह प्रत्येक डिपो धारक को 470 रुपए अपनी जेब से खर्च करने पड़ रहे हैं, जबकि एमओयू के मुताबिक यह सारा खर्च कंपनी ने करना था।

यह मामला भी कई बार विभाग व सरकार के समक्ष उठाया गया, लेकिन सरकार और विभाग द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया। अशोक कवि ने सरकार और विभाग से पुनः मांग की है कंपनी को इस बारे कड़े आदेश जारी किए जाएं, अन्यथा कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया जाए। समिति ने सरकार से मांग की है कि सरकार डिपो धारकों के साथ किए गए वादे को शीघ्र पूरा करे अन्यथा डिपो संचालकों द्वारा 14 अप्रैल को मनाए जाने वाले स्थापना दिवस पर प्रदेश भर के डिपो संचालक सरकार के खिलाफ आंदोलन करने का फैसला लेने पर मजबूर होंगे।


# रोपवे निर्माण पर व्यापार मंडल का विरोध श्रद्धालुओं की दशकों पुरानी मांग पर संकट

## पिछली सरकारों में भी रोपवे के लिए 9 बार आबंटित हो चुके हैं टेंडर, फिर भी नहीं बना रोपवे

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

सिद्धपीठ बाबा बालकनाथ मंदिर दियोटसिद्ध से शाहतलाई तक प्रस्तावित रोपवे का विरोध स्थानीय व्यापार मंडल ने शुरू कर दिया है। दशकों से श्रद्धालुओं की इस मांग को साकार करने के लिए सरकार ने 65 करोड़ रुपए की परियोजना का खाका तैयार किया है, जिसमें रोपवे भी शामिल है। हालांकि, व्यापारियों का कहना है कि इससे निचले बाजार का व्यापार ठप हो जाएगा और उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो जाएगा।

दियोटसिद्ध व्यापार मंडल ने मंदिर न्यास को ज्ञापन सौंपकर रोपवे के निर्माण का विरोध जताया है। व्यापारियों का तर्क है कि श्रद्धालु यदि शाहतलाई से सीधे रोपवे के जरिए मंदिर पहुंचेंगे, तो वे निचले बाजार में रुकेंगे ही नहीं। इससे स्थानीय दुकानदारों की आय पर गहरा असर पड़ेगा। गौरतलब है कि दियोटसिद्ध मंदिर न्यास पिछले कई दशकों से रोपवे निर्माण के प्रयास कर रहा है। पिछली सरकारों के कार्यकाल में इस परियोजना के लिए 9 बार टेंडर आमंत्रित किए गए, लेकिन कानूनी पेचीदगियों और शर्तों के कारण कोई भी कंपनी आगे नहीं आई। अब सुक्खू सरकार ने इस दिशा में ठोस कदम उठाए हैं, लेकिन स्थानीय विरोध के चलते परियोजना को अड़चन का सामना करना पड़ रहा है।



दियोदसिद्ध मंदिर की फाइल फोटो।

### व्यापारी अपनी जगह पर अडिग

दियोटसिद्ध व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने कहा कि रोपवे के निर्माण से उन्हें भारी नुकसान होगा। मंदिर न्यास और प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर विरोध जताया गया है। वहीं, प्रशासन का कहना है कि व्यापार मंडल की चिंताओं को सरकार के सामने रखा जाएगा। वहीं, श्रद्धालु और स्थानीय व्यापारी इस मुद्दे पर दो भागों में बंटे नजर आ रहे हैं। हालांकि, रोपवे का सपना कब साकार होगा, यह फिलहाल अनिश्चित है।

### किस ने क्या कहा

मंदिर अधिकारी संदीप कुमार चंदेल ने कहा, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोपवे निर्माण जरूरी है। न्यास इस दिशा में हरसंभव प्रयास कर रहा है।

वहीं, एसडीएम धर्मपाल नेगी ने कहा कि व्यापार मंडल ने अपनी आपत्तियां दर्ज कराई हैं। ज्ञापन सरकार को भेजा जाएगा।

**दियोटसिद्ध में 65 करोड़ की विकास परियोजना :** प्रदेश सरकार धार्मिक स्थलों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर दे रही है। इस कड़ी में दियोटसिद्ध नगरी के जीर्णोद्धार के लिए 65 करोड़ रुपए की योजना बनाई गई है। इस परियोजना में रोपवे निर्माण के अलावा अन्य विकास कार्य भी शामिल हैं, जिससे श्रद्धालुओं की सुविधाओं में वृद्धि होगी और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

## सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास के साथ होगा कार्य : राकेश ठाकुर

**नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार**

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा है कि सबका साथ सबका विश्वास और सबके प्रयास के मूल मंत्र के साथ जिले में संगठन के कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी देने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल, पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित अन्य शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया हे।



नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिला में संगठन पर्व के तहत हमारे सभी 532 बूथों पर सभी बूथ समितियों का गठन कर दिया गया है, जिसके लिए मैं सभी जिला कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करता हूं।

उन्होंने कहा कि शीश नेतृत्व के आदेशानुसार जो भी मंडल अध्यक्ष हैं, उनको निर्देश दिए हैं कि कोई भी मंडल अध्यक्ष अभी किसी तरह की कोई प्रतिबद्धता किसी कार्यकर्ता के साथ न करें। राकेश ठाकुर ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के आदेश हैं कि सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को कहा है के वे सभी अपने अपने मंडल में बूथ स्तर की सूची तैयार करें। उनके मंडल में किन बूथों पर कितने ओबीसी कितने अनुसूचित जाति वर्ग कितने महिला वर्ग और कितने युवा वर्ग हैं।

इन सूचियों को तैयार करें और यह सूची जिला स्तर पर दें, ताकि वे जिला स्तर के बड़े नेताओं से बैठकर ओर विचार-विमर्श करके ही आगे मंडल व जिला स्तर की कार्यकारणी का विस्तार करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### कार्यकारिणी में समर्पित लोग ही आएंगे

जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा कि शीर्ष नेतृत्व का आदेश हे कि जो लोग पूरी तरह से संगठन को समय दे सकते हैं और संगठन में पूरी निष्ठा के साथ एवं सबके सहयोग और समर्थन के साथ कार्य करेंगे, उन्हीं लोगों को जिला व मंडलों में जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमीरपुर जिला को पुनः प्रदेश स्तर पर नंबर एक संगठन के तौर पर मजबूत किया जाएगा।

## राष्ट्रीय बाल विज्ञान सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के दो छात्रों की रिपोर्ट टॉप-20 में

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान सम्मेलन में हिमाचल प्रदेश के दो होनहार छात्रों की साइंस सर्वे रिपोर्ट देशभर की टॉप-20 में चुनी गई है। यह उपलब्धि प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। कांगड़ा जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालक रूपी के छात्र संचित मेहरा ने अपने गाइड टीचर तिलक राज के मार्गदर्शन में जंगली और घरेलू जड़ी-बूटियों से इम्यूनिटी एनर्जी बूस्टर कैंडी तैयार की, जो बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक है।

वहीं, ऊना जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला त्यूड़ी के छात्र कपिश शर्मा ने अपने गाइड टीचर हरदी सिंह के मार्गदर्शन में किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए एक प्रोजेक्ट तैयार किया। उन्होंने मिट्टी की गुणवत्ता के आधार पर आलू की गहराई और फसल उत्पादन से संबंधित निष्कर्ष निकाले।



मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित रवींद्र भवन में तीन से 6 जनवरी तक आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से 700 छात्रों ने अपनी साइंस सर्वे रिपोर्ट पेश की। हिमाचल के 16 छात्रों की रिपोर्ट चयनित हुई थी, जिनमें से दो छात्रों की रिपोर्ट टॉप-20 में जगह बनाने में कामयाब रही। (अनंत ज्ञान)

### स्टेट को-ऑर्डिनेटर ने दी बधाई

हिमाचल प्रदेश विज्ञान, तकनीकी एवं पर्यावरण परिषद के स्टेट कोऑर्डिनेटर राजेश गौतम ने इस उपलब्धि को प्रदेश के लिए गौरव का पल बताया। उन्होंने छात्र संचित मेहरा, कपिश शर्मा और उनके गाइड टीचर्स को बधाई देते हुए सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए हिमकॉस्ट, प्रदेश सरकार, भारत सरकार और आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

## 4 फुट गहरी नाली में भैंस गिरकर घायल

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन की पंचायत कोहला में कोहला पंचायत द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए बनाई गई 4 फुट गहरी नाली में एक भैंस गिर कर बुरी तरह घायल हो गई है।

लोगों ने जन सुधार संस्था कोहला के नेतृत्व में रमेश चंद, वीना देवी, राज कुमारी, रानु राम, तरसेम कुमार, सीमा कुमारी, सीता राम, राजीव कुमार, सुषमा, परवीन कुमारी, रिंकू, हरबंस लाल, रवि कुमार, जगदीश चंद, तिलक राज, गुलवंत सिंह, सुभाष चंद, सपना कुमारी, सुनील कुमार इत्यादि गांव वासियों ने इस पालतू भैंस को काफी मश्क्कत के बाद निकाला है। इससे पहले भी इस नाली में कई पालतू व लावारिस पशु गिर कर घायल हो चुके हैं। घायल भैंस उपचाराधीन है। जन सुधार संस्था अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि कोहला निवासी रमेश चंद की भैंस जो ब्यास नदी के पास अन्य पशुओं के साथ चरने गई थी, घर वापस आते समय इस नाली में गिर गई। गांव वासियों ने काफी मुश्किल से भैंस को इस गहरी नाली से बाहर निकाला।



नाली में गिरी भैंस को निकालने का प्रयत्न करते हुए गांववासी।

जन सुधार संस्था कोहला ने पंचायत से आग्रह किया है कि इस करीब 18 मीटर लंबी व 4 फुट गहरी नाली पर लोहे का जाला डाला जाए ताकि लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके। कोहला पंचायत की प्रधान निशा मैहता ने बताया कि नाली खुली होने की बजह से यह घटना घटी है। इस नाली पर लोहे का जाला डाला जाएगा ताकि इस तरह की घटना की पुर्नावृत्ति न हो।

## सेना दिवस समारोह के जयराम होंगे मुख्यातिथि, पूर्व सैनिकों में उत्साह

**सुजानपुर के चौगान में 15 जनवरी को होगा आयोजन**

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा 15 जनवरी को सुजानपुर के ऐतिहासिक चौगान में मनाए जाने वाले सेना दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। इस भव्य आयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे, जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर स्पेशल गेस्ट ऑफ ऑनर होंगे।

समारोह की अध्यक्षता सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल बीएस जस्वाल करेंगे। ट्रस्ट के संस्थापक और पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने बताया कि इस विशेष समारोह में सांसद, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और भारतीय सेना के कई रिटायर्ड अधिकारी गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में मौजूद रहेंगे।

इस कार्यक्रम को लेकर पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सर्व कल्याणकारी ट्रस्ट हर वर्ष इस आयोजन को भव्यता प्रदान करता है। इस बार भी समारोह में पूर्व सैनिक, सेवारत सैनिकों के परिवारजन और अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

बैंड प्रदर्शन और देशभक्ति से परिपूर्ण विभिन्न कार्यक्रम इस समारोह के मुख्य आकर्षण होंगे।

### सेना दिवस बलिदान और समर्पण का प्रतीक

15 जनवरी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राणा ने कहा कि यह दिन भारतीय सैन्य इतिहास और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। हम भारतीय सेना दिवस पर उन वीर जवानों को नमन करते हैं, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। हिमाचल प्रदेश को देवभूमि और वीर भूमि के रूप में जाना जाता है, जहां के सपूतों ने सदैव देश की रक्षा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राजेंद्र राणा ने बताया कि सुजानपुर की भूमि भी ऐसे वीरों की जननी रही है।

## बिलासपुर की टीम ने 77.5 ओवर में 157 रन बनाए

**अनंत ज्ञान, नादौन।** क्रिकेट स्टेडियम अमतर में बिलासपुर व हमीरपुर की अंडर-14 टीम के क्वार्टर फाइनल क्रिकेट मैच शुरू हो गया है। बिलासपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। बिलासपुर की टीम ने पहली पारी खेलते हुए 77.5 ओवर में 157 रन बनाए। बल्लेबाज अखिल ने 74, ध्रुव ने 15, अभिनव ने 14 जबकि अंश ने 16 रन बनाए। हमीरपुर के गेंदबाज अशरफ ने 4 विकेट झटके, जबकि अरनव चौहान ने 2 विकेट ली। गेंदबाज विवान व अंशाक शर्मा ने 1-1 विकेट ली जबकि दो बल्लेबाज रन आऊट हो गए। मुकाबले में हमीरपुर की टीम ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पानी में 13 ओवर में 38 रन बनाए हैं। बल्लेबाज दिवांश 16 व कनिष्क 20 रन अनाकर नाबाद रहे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि हमीरपुर की टीम अगले दिन 38 रन से आगे खेलेगी।

## नवोदय प्रवेश परीक्षा 18 को, वेबसाइट से डाउनलोड करें अपने रोल नंबर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 18 जनवरी को सुबह 11:30 से दोपहर डेढ़ बजे तक जिला हमीरपुर के विभिन्न केंद्रों पर होगी।

विद्यालय के प्राचार्य विक्रम कुमार ने बताया कि इस चयन परीक्षा के रोल नंबर एवं प्रवेश पत्र सीबीएसई के वेब लिंक सीबीएसई आईटीएमएस.रोल.जीओवी.इन से डाउनलोड किए जा सकते हैं। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे सुबह 10 बजे तक परीक्षा केंद्रों पर पहुंच जाएं। प्राचार्य ने बताया कि रोल नंबर एवं प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में अगर कोई दिक्कत हो तो जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी के कार्यालय में विपिन कुमार मोबाइल नंबर 8219482550, सत्येंद्र नाथ झा मोबाइल नंबर 8954039120, माया देवी मोबाइल नंबर 8219844779 और विनोद कुमार मोबाइल नंबर 8219371570 से सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

प्राथमिक खंड शिक्षा अधिकारी से भी संपर्क किया जा सकता है। प्राचार्य ने कहा कि रोल नंबर एवं प्रवेश पत्र में दिए गए परीक्षा केंद्र के अलावा किसी भी अन्य परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने की अनुमति नहीं होगी।

**रोष** झनिक्कर में सड़क और पानी के लिए दूसरे दिन भी ग्रामीणों का दिखा आक्रोश

## स्कूल-कॉलेज नहीं पहुंच रहे छात्र, नारेबाजी कर स्थिति सुधारने की मांग

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

झनिक्कर से केहरवीं सड़क की अपग्रेडेशन के कारण सड़क और पानी की सुविधा से वंचित ग्रामीणों ने दूसरे दिन भी अव्यवस्था को लेकर अपना आक्रोश दिखाया। सड़क को 27 जनवरी तक बंद करने के प्रशासनिक आदेशों के बाद बुधवार को ग्रामीणों ने नारेबाजी की तथा एसडीएम भोरंज से मिल स्थिति को तुरंत सुधारने का निर्णय लिया।

ग्रामीणों ने फिर चेतावनी दी है कि अगर दो दिन में पानी तथा सड़क बहाल नहीं की तो 11 जनवरी को सुबह झनिक्कर में नेशनल हाईवे जाम कर दिया जाएगा। ग्रामीणों के मुताबिक सड़क को इतनी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया है कि दोपहिया वाहन भी निकाल पाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने ठेकेदार, जेसीबी मालिक और जल शक्ति विभाग के खिलाफ सख्त एक्शन लेने की मांग भी की है।



झनिक्कर-केहरवीं सड़क के अपग्रेडेशन को लेकर हो रही परेशानियों से लोगों में रोष है।

**सड़क की खराब स्थिति के कारण दोपहिया वाहन चलाना भी हुआ मुश्किल**

ग्रामीणों के मुताबिक कोई कोई राशन के लिए तरस रहा है तो कोई पानी के लिए। किसी को चिंता है कि अचानक रात को बीमार हो गया तो हॉस्पिटल कैसे पहुंचाएंगे। स्टूडेंट्स स्कूल-कॉलेज तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। किसी के घर शादी है तो तैयारियां अधूरी पड़ी हुई है।

लोग पूछ रहे हैं कि यह कैसी अपग्रेडेशन हो रही है। आपको बता दें कि झनिक्कर से केहरवीं सड़क अपग्रेड हो रही है। करीब 4 फुट की गहराई और चौड़ाई में पाइपलाइन नए सिरे से बिछाई जा रही है। दिक्कत यह है कि करीब पांच मीटर चौड़ी सड़क को इतनी बुरी तरह से उखाड़ फेंका है कि दोपहिया वाहन तक निकाल पाना असंभव कर दिया गया है। लोग परेशान हैं, लेकिन सुनने को कोई तैयार ही नहीं। (अनंत ज्ञान)

### किस ने क्या कहा

इस बारे ठेकेदार अनिल चौहान का कहना है कि जिस क्षेत्र में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो गया हैख वहां टेस्टिंग के बाद सड़क को रात तक समतल कर दिया जाएगा।

उधर, जलशक्ति विभाग के बारी सेक्शन के कनिष्ठ अभियंता पंकज कुमार का कहना है कि लोगों के घरों तक प्राथमिकता के आधार पर सुबह तक पानी पहुंचा दिया जाएगा। टूटे पाइप कनेक्शन जोड़े जा रहे हैं।

### 16 तक बंद रहेगी अणू-मोहीं-बड़ू सड़क लोगों से सहयोग की अपील

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव मोहीं के पास सड़क की आवश्यक मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य के चलते अणू-मोहीं-बड़ू सड़क पर यातायात 16 जनवरी तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कार्यकारी जिलाधीश राहुल चौहान ने बताया कि मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए अणू-मोहीं-बड़ू सड़क पर वाहनों की आवाजाही 16 जनवरी तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक दोसड़का से होकर आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### हेडमास्टर कैडर ऑफिसर एसोसिएशन के पदाधिकारियों की विधायक से मुलाकात



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश हेडमास्टर कैडर ऑफिसर एसोसिएशन की जिला हमीरपुर की कार्यकारिणी ने सुजानपुर के विधायक कैप्टन रंजीत सिंह राणा के साथ अपनी मांगों के संदर्भ में मुलाकात की। संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला प्रधान एवं प्रदेश महासचिव केवल ठाकुर की अध्यक्षता में विधायक से मिला। संघ ने बताया कि प्रदेश के वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में लगभग 600 पद प्रधानाचार्य के रिक्त चल रहे हैं, जिसमें से 450 पद मुख्याध्यापक कैडर से और 150 पद प्रवक्ता कैडर के रिक्त हैं। एक मुख्याध्यापक 30 वर्ष की लंबी नौकरी के बाद प्रधानाचार्य बनता है। 2022 के पदोन्नत मुख्याध्यापकों में से 74 मुख्याध्यापक बिना पदोन्नति के 31 दिसंबर तक सेवानिवृत्त हो गए और 40 मुख्याध्यापक अप्रैल 2025 तक और सेवानिवृत्त हो जाएंगे। संघ ने विधायक से निवेदन किया वो मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से संघ की इस वेदना को साझा करें और शीघ्रातिशीघ्र प्रधानाचार्य की सूची निकालने के लिए विभाग को निर्देश दें। विधायक ने संघ की मांगों को सुना एवं शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस दौरान संघ के वरिष्ठ राज्य उपप्रधान यशवीर जम्वाल, जिला महासचिव संजीव ठाकुर, कार्यकारी प्रधान रवि दास, दिलजीत चौहान सहित 20 पदाधिकारी शामिल थे। संघ ने उम्मीद जताई कि सरकार इस दिशा में जल्दी उचित कदम उठा कर जल्दी पदोन्नति सूची जारी करेगी।

### छात्रा ईशा शर्मा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखेंगी अपना दृष्टिकोण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विकसित भारत यंग लीडर में राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय में बीएड प्रथम सत्र की छात्रा ईशा शर्मा ने अपनी जगह बनाकर शिक्षण संस्थान का नाम रोशन किया है। ईशा ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के बल पर तीन राऊंड सफलतापूर्वक पार कर लिए हैं। अब वह चौथे और अंतिम राऊंड में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत करेगी। इस राउंड में ईशा का ध्यान विकसित और विरासत पर केंद्रित रहेगा, जहां वह यह बताएगी कि कैसे परंपरा और आधुनिकता का संतुलन बनाते हुए देश को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। ईशा की इस उपलब्धि पर राज राजेश्वरी कॉलेज प्रबंधन कमेटी के चेयरमैन मनजीत सिंह डोगरा, सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर, कॉलेज प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने उसे बधाई दी।

### टौणी देवी के चारों अनुभागों में कल बाधित रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** निर्माणाधीन नेशनल हाईवे के किनारे खंभों एवं लाइनों को बदलने के कार्य के चलते 10 जनवरी को विद्युत उपमंडल टौणी देवी के चारों अनुभागों टौणी देवी, टिक्करी, काले अंब और कोट में सुबह 9 से सायं 7 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। विद्युत उपमंडल टौणी देवी के सहायक अभियंता दीपक चौहान ने इस दौरान क्षेत्र के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### राजस्व मंत्री ने नौतोड़ भूमि आवंटन मामले को लेकर राज्यपाल पर किया पलटवार

# 700 करोड़ से ज्यादा लागत वाली स्कीमें केंद्र को भेजीं, लेकिन एक भी पैसा नहीं दिया : नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को नौतोड़ भूमि उपलब्ध करवाने के लिए हिमाचल में लागू वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) से छूट देने के लिए राजभवन की ओर से उठाए गए सवाल पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने पलटवार किया है। शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्लान का पैसा भाजपा की केंद्र सरकार ने बंद कर दिया।

इसके बाद भाजपा नई स्कीम लाई, जिसका नाम वाइब्रेंट विलेज रखा। हमने 700 करोड़ रुपए से ज्यादा लागत वाली स्कीमें केंद्र को भेजीं, लेकिन आज तक एक भी पैसा नहीं दिया गया। नेगी ने नौतोड़ भूमि मामले पर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने भाजपा नेताओं से पूछा कि क्या आप जनजातीय लोगों को नौतोड़ में भूमि देने के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पांच साल में जनजातीय सलाहकार समीति की एक बैठक हुई। जगत सिंह नेगी ने कहा कि यह पहली बार नहीं है, जब वन संरक्षण अधिनियम को निलंबित करने की बात हो रही है।





प्रेस वार्ता करते राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी।

इससे पहले भी तीन राज्यपाल की ओर से अधिनियम को निलंबित किया गया। उन्होंने कहा कि नौतोड़ को लेकर काफी गलतफहमी है। नेगी ने कहा कि राज्यपाल ने नौतोड़ को लेकर फेक करेंगे शब्द का इस्तेमाल किया।

**कहा-पहले भी तीन राज्यपाल निलंबित कर चुके हैं वन संरक्षण अधिनियम, यह पहली बार नहीं**

फेक का मतलब यह है कि गलत करेंगे, जबकि नौतोड़ नियम के तहत जिस व्यक्ति के पास 20 बीघा से कम जमीन है, वह इसके लिए पात्र है। नेगी के अनुसार राज्यपाल ने पूछा है कि नौतोड़ के कितने मामले लंबित हैं।

नेगी ने कहा कि वन संरक्षण अधिनियम को निलंबित किया गया था, उसमें भाजपा ने नौतोड़ दिए नहीं। इसलिए आज नौतोड़ के लंबित मामलों की संख्या 12,742 है, जो प्रोसेस में है। आज भी नौतोड़ के लिए आवेदन कर सकते हैं। राजभवन की ओर से सभी केसों का नाम-पता मांगा गया है, जिसे उपलटध करवाया जाएगा, लेकिन सवाल यह है कि उससे फर्क क्या पड़ने वाला है? नेगी ने कहा कि नौतोड़ मामलों का डाटा प्राप्त किया जा रहा है। इसका बस्ता राजभवन भेज दिया जाएगा। राज्यपाल से दो साल के लिए वन संरक्षण अधिनियम में छूट मांगी गई है।

### कांग्रेस के मंत्री अपनी राजनीति चमकाने के लिए कर रहे राजभवन पर टिप्पणी : कश्यप

**भाजपा** के सांसद सुरेश कश्यप ने कहा की कांग्रेस के मंत्री जगत नेगी केवल अपनी राजनीति चमकने के लिए राजभवन पर आरोप लगाते है। राजभवन और राज्यपाल ने अगर नौतोड़ को लेकर कुछ कहा है तो आप उसका जवाब नहीं देते है अपितु आप इस मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का काम कर रहे है। अगर आप प्रेस वार्ता के माध्यम से नौतोड़ की लाभार्थी सूची जनता के बीच रखते तो अच्छा होता, पर आपने तो अपने वक्तव्य को राजनीतिक भूमिका में रखा जो कि निंदनीय है। केंद्र सरकार को दोष देना कांग्रेस के नेताओं का रोजमर्रा का काम हो गया है, पर भाजपा उनसे पूछना चाहती है कि जो योजनाएं केंद्र सरकार से आ रही है आप उसकी डीपीआर समय पर तैयार कर रहे क्या? यह आपकी नाकामी है कि पैसा कैसे से समय पर नहीं आ पा रहा है क्योंकि आप समय पर काम नहीं करना चाहते।



# 'शान-ए-भज्जी' में अरुण जस्टा के पहाड़ी गानों ने मचाया धमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर के बहुउद्देशीय हॉल में सुन्नी भज्जी छात्र संघ एवं युवा संगठन द्वारा द्वितीय वार्षिक लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम (शान-ए-भज्जी) का आयोजन किया गया, जिसमें लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। लोक नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय उभरते कलाकारों द्वारा नाटी, गिद्दा, छोड़ नृत्य सहित सुन्नी की अकादमी के कलाकारों द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई।

इसके अतिरिक्त, हिमाचल के मशहूर कलाकार अरुण जस्टा, विवेक राजटा, रोहिणी डोगरा तथा पाल सिंह ने भी दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इस दौरान पहाड़ी गाना 'तूए लोग टुनकी शुनो मेरी' पहाड़ी गाने पर अरुण जस्टा ने धमाल मचाया।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि यह सांस्कृतिक कार्यक्रम हर वर्ष आयोजित किया जाता है। हिमाचल एक पहाड़ी राज्य है और इस राज्य के विभिन्न क्षेत्रों की अलग-अलग भाषा एवं पुरातन संस्कृति है, जिसको प्रदर्शित करने के लिए ऐसे मंच बहुत ही सहायक सिद्ध होते हैं।




उन्होंने कहा कि नशे को रोकने के लिए ऐसे कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण है इसलिए सरकार का प्रयास है कि युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए अलग-अलग मंच मिले। इसके लिए समर फेस्टिवल व अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ शिमला विंटर कार्निवाल भी आरंभ किया गया है।

कार्यक्रम के दौरान शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरीश जनार्था, पूर्व विधायक सोहन लाल, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल अन्य पार्षदगण, जिला परिषद सदस्य प्रभा वर्मा एवं चुन्नीलाल गर्ग, धर्मपाल वर्मा, प्रत्यूष शर्मा, एडवोकेट प्रदीप वर्मा, नारायण हिमराल, टांगरी स्वर्ण आभूषण के मालिक, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोपाल शर्मा, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, सुन्नी छात्र संघ आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### तिब्बत में भूकंप से हुए तबाही दलाईलामा ने जताई चिंता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बत के डिंगरी में भूकंप से हुए भारी नुकसान पर मारे गए लोगों के प्रति तिब्बतियों के धर्मगुरु दलाईलामा ने इस आपदा पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए एक संदेश साझा किया है, जिसमें कई लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। उन्होंने कहा है कि तिब्बत के डिंगरी और आसपास के क्षेत्रों में आए विनाशकारी भूकंप के बारे में जानकर मुझे बहुत दुख हुआ है। इसके परिणामस्वरूप कई लोगों की जान चली गई, कई लोग घायल हो गए और घरों और संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है। अपने संदेश में दलाईलामा लिखा है, मैं उन लोगों के लिए प्रार्थना करता हूं जिन्होंने अपनी जान गंवाई है और जो लोग घायल हुए हैं, उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।



### रामपुर में नाबालिग से दुष्कर्म प्रसव के बाद मौत, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिला के रामपुर में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म व प्रसव बाद उसकी मौत होने का मामला साने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन में जुटी है। पुलिस थाना रामपुर में नाबालिग के पिता ने दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया है। नाबालिग के पिता ने बताया कि उनकी तीन बेटियां है, जिनमें से दो की शादी हो चुकी है, तीसरी बेटी जो अभी नाबालिग है। बीते दिनों तीसरी बेटी के पेट में अचानक दर्द हुआ और परिजनों ने उसे खनेरी अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने उसका अल्ट्रासाउंड कराने को कहा। अल्ट्रासाउंड कराने के बाद पता चला कि उनकी बेटी 7 महीने की गर्भवती है। नाबालिग के परिजनों ने उससे इस संबंध में काफी पूछताछ की, लेकिन उसने कुछ भी नहीं बताया। वहीं बीती 7 जनवरी को उनकी बहू और उनका बेटा नाबालिग को दर्द होने पर अस्पताल ले गए, जहां उसने नवजात को जन्म दिया। किशोरी की बिगड़ती हालत को देखते हुए खनेरी अस्पताल के डॉक्टर ने उसे उपचार के लिए आईजीएमसी शिमला रेफर किया। आईजीएमसी में उपचार के दौरान नाबालिग की मौत हो गई। वहीं पुलिस थाना रामपुर में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### शिक्षा बोर्ड फरवरी में करेगा 10वीं और 12वीं कक्षाओं का मूल्यांकन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा वार्षिक सत्र मार्च 2024-25 के लिए 10वीं और 12वीं की नियमित कक्षाओं के व्यावसायिक विषयों के विद्यार्थियों का व्यावहारिक मूल्यांकन फरवरी 2025 के महीने में आयोजित किए जाने की संभावना है। इसके लिए राज्य परियोजना निदेशक शिमला (एसपीडी), राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी), सेक्टर स्किल काउंसिल (एसएससी) और संबंधित संस्थानों के प्रधानाचार्य, प्रमुखों को कार्यक्रम के अनुसार व्यावसायिक व्यावहारिक मूल्यांकन आयोजित करने के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए सूचित किया है। बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम के अनुसार 3 फरवरी से 28 फरवरी तक केवल ग्रीष्म स्कूलों में समापन तथा 13 फरवरी से 28 फरवरी तक केवल शीताकालीन स्कूलों समापन किया जाएगा।





# सीएम ने पेश की मिसाल, दुर्गम क्षेत्र से एयरलिफ्ट कर शिमला पहुंचाया मरीज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एक बार फिर मानवता की मिसाल पेश की है। शिमला जिले के दुर्गम क्षेत्र क्वार में एक जिंदगी को बचाने के लिए मुख्यमंत्री ने तुरंत सक्रियता दिखाई। मेडिकल इमरजेंसी की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री ने शिमला जिला प्रशासन को वीरेंद्र ठाकुर को तुरंत एयरलिफ्ट करने के निर्देश दिए। वीरेंद्र ठाकुर उपमंडलाधिकारी कार्यालय क्वार में तैनात हैं, जिन्हें अचानक असहनीय दर्द उठा, जिस पर तुरंत चिकित्सा सहायता की जरूरत थी। मुख्यमंत्री ने अपने हेलिकॉप्टर को तुरंत क्वार भेजा। वीरेंद्र और उनकी बेटी को 4:13 बजे एयरलिफ्ट कर शाम पांच बजे शिमला के आईजीएमसी शिमला पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने बताया कि अब वीरेंद्र की हालत स्थिर है। सीएम सुक्खू ने इससे पहले भी दुर्गम क्षेत्रों के जरूरतमंद लोगों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए अपना हेलिकॉप्टर उपलब्ध करवाया है।



### धाली बागड़ा की समस्याओं को समयबद्ध पूरा किया जाएगा : अनिरूद्ध

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

मशोबरा ब्लॉक की अंतिम छोर की ग्राम पंचायत पीरन के वार्ड धाली बागड़ा के एक प्रतिनिधिमंडल ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नरायण सिंह ठाकुर के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर स्थानीय विधायक एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री राणा अनिरूद्ध सिंह से उनके आवास पर भेंट की। सचिव अमर सिंह ठाकुर ने बताया कि उनके प्रतिनिधि मंडल द्वारा वार्ड की विभिन्न समस्याओं बारे मंत्री को अवगत करवाया, जिसमें धाली बागड़ा वार्ड को उठाऊ पेयजल योजना मगलेड खडड से जोड़ना, राजकीय हाई स्कूल का दर्जा बढ़ाकर वरिष्ठ माध्यमिक करना, सोलन ठूंड बस सेवा शीघ्र आरंभ करना इत्यादि मांगे शामिल है। ग्रामीण विकास मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा



## चुनावी वादे भूले कांग्रेस के नेता : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के नेता को लगता है अपना चुनावी वादा भूल गए हैं और इधर-उधर की बात करके प्रदेश के लोगों का ध्यान बंटाना चाहते हैं। कांग्रेस के जो नेता चुनावी वादे को पूरा करने का हवाला दे रहे हैं, लगता है वह अपने चुनावी वादे भूल गए हैं। मैंने सरकार को विधानसभा के अंदर भी उनके चुनावी वादे याद दिलाए थे, विधानसभा अध्यक्ष महोदय को कांग्रेस की गारंटियों के कार्ड सौंपे थे और विधानसभा के अध्यक्ष ने भी कांग्रेस के चुनावी वादे सदन के भीतर मुख्यमंत्री को याद दिलाए थे।



अब मैं कांग्रेस के बाकी नेताओं को फिर से कांग्रेस के चुनावी वादे याद दिला देता हूं। कांग्रेस के छोटे बड़े नेताओं ने सड़क-चौराहे पर चीख-चीख कर 18 साल से 59 साल की हर महिला को हर महीने 1500 रुपए देने की गारंटी दी थी। प्रदेश के युवाओं को 5 साल में 5 लाख नौकरी देने का भी वादा था। प्रदेश के हर बिजली उपभोक्ता को 300 यूनिट तक फ्री बिजली देने की गारंटी भी कांग्रेस के नेताओं ने हिमाचल प्रदेश आकर दी थी भी। जयराम ने कहा कि झूठ के हाथ पैर नहीं होते हैं और कांग्रेस का झूठ सिर्फ हिमाचल प्रदेश नहीं पूरे देश के सामने बेनकाब हो चुका है।

## शांता, बुटेल परिवार और मंत्री शांडिल ने छोड़ी बिजली सब्सिडी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आह्वान पर कांग्रेस ही नहीं बल्कि भाजपा नेता भी बिजली सब्सिडी छोड़ने के लिए आगे आ रहे हैं। भाजपा के दिग्गज नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने बिजली सब्सिडी छोड़ने का निर्णय लिया है। शांता ने प्रदेश के संपन्न लोगों से भी स्वयं ही बिजली सब्सिडी छोड़ने की अपील की है







वहीं, कांग्रेस के पूर्व सीपीएस एवं पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल तथा मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (आईटी) गोकुल बुटेल ने भी बिजली सब्सिडी छोड़ दी है। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने भी मुख्यमंत्री सुक्खू की अपील पर बिजली पर मिलने वाले अनुदान को छोड़ने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही शांता ने बिजली सब्सिडी छोड़ने को लेकर मुख्यमंत्री सुक्खू को कुछ सुझाव भी दिए हैं।

### शांता ने सीएम सुक्खू को दिए सुझाव

**पूर्व** मुख्यमंत्री शांता कुमार ने सुझाव दिया है कि प्रदेश के गरीब बीपीएल परिवारों को सब्सिडी पहले की तरह ही मिलती रहे। बाकी सभी से सब्सिडी 50 प्रतिशत कम कर दी जाए। स्वयं सब्सिडी छोड़ने वाले बहुत कम लोग होंगे, लेकिन 50 प्रतिशत सब्सिडी कम करने के कारण सरकार को अधिक आय होगी। सरकार के गैर-योजना व्यय में बचत करने का बहुत अवसर होता है। मुख्यमंत्री आदेश करें कि सभी विभाग गैर-योजना व्यय में 10 प्रतिशत की कमी करें। इस प्रकार सरकार को अधिक लाभ होगा। सरकार के आर्थिक साधन बढ़ाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति बनाएं।



## विंटर कार्निवाल में पहाड़ी गायक मदन झालटा ने नचाए दर्शक



विंटर कार्निवाल में प्रस्तुति देते कलाकार।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में चल रहे विंटर कार्निवाल के अंतिम दिन हिमाचल पुलिस बैंड और पहाड़ी गायक मदन झालटा ने धमाल मचाया। मदन झालटा ने माला रे गाने पर रंगारंग प्रस्तुति दी और दर्शकों को खूब नचाया। वहीं पुलिस बैंड वालों ने भी समा बांधा। शिमला में विंटर कार्निवाल का समापन हो गया है।

### सरकार मना रही केवल सत्ता में बने रहने का उत्सव : राजीव बिंदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की वर्तमान प्रदेश सरकार केवल सत्ता में बने रहने के लिए प्रयास कर रही है और सत्ता में बने रहने का उत्सव मना रही है। 2022 के नवंबर माह में कांग्रेस पार्टी के नेता देश के कोने-कोने से हिमाचल में आए, रैलियां की और लाखों-करोड़ों की गारंटियां प्रदेश के बेरोजगारों को, महिलाओं को, युवाओं को, किसानों को, गरीबों को, मरीजों को दे दी गई, लेकिन 2 साल बाद मुख्यमंत्री और उनके मंत्रीगण अब प्रदेश की जनता को ज्ञान बांट रहे हैं कि प्रदेश की माली हालत को ठीक करने के लिए बिजली की सबसिडी छोड़ो।



## लक्कड़ बाजार में एक सप्ताह बाद दिखा स्केटिंग का नजारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में ब्रिटिश काल में बने आइस स्केटिंग रिंक में एक सप्ताह बाद स्केटिंग का नजारा देखने को मिला है। मौसम में हुए बदलाव के चलते स्केटिंग नहीं हो पा रही थी। ऐसे में बुधवार को स्केटिंग हुई। अब यहां स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों की भीड़ लग गई है।

लोग स्केटिंग का आनंद उठा रहे है। शिमला के लक्कड़ बाजार में ब्रिटिश काल से आइस स्केटिंग रिंक बना हुआ है। यहां दिसंबर के दूसरे सप्ताह से अगले दो महीने तक स्केटिंग होती है, जिसमे लोकल के साथ साथ देशी-विदेशी पर्यटक भी स्केटिंग का आनंद उठाते हैं। अगर मौसम ने साथ दिया तो छुट्टी के दिन यहां पर ज्यादा भीड़ देखने को मिल सकती है। बता दें कि प्राकृतिक विधि से आइस जमाने वाला यह एशिया का इकलौता आइस स्केटिंग रिंक है। यहां पर अब अगले दो महीने तक 300 रुपए फीस देकर स्केटिंग की जा सकेगी। पर्यटक भी स्केटिंग का आनंद उठा सकेंगे। उन्हें अपने साथ स्केट लाने की भी जरूरत नहीं है।



## दोगुने दामों पर मिल रहे डब्ल्यू व एक्स फॉर्म, ठेकेदार परेशान



**दशमी रावत, रोहड़ू।** ठेकेदार यूनियन रोहड़ू की बैठक यूनियन के प्रधान वीरेंद्र नेगी की अध्यक्षता में सर्किट हाऊस, रोहड़ू में आयोजित हुई। इस बैठक का मुख्य मुद्दा डब्लू व एक्स फॉर्म मंहगे दामों पर मिलना रहा है, जिसका बैठक में कड़ा विरोध हुआ। इसके तहत ठेकेदारों को ये फार्म पट्टा मालिक दोगुने दामों पर दे रहे है, जिससे काम करना बेहद मुश्किल हो गया है।

इसके अलावा ट्रेजरी में लगभग 50 दिन से लंबित पड़ी हुई पेमेंट का भुक्तान भी न होने और विभाग द्वारा टेंडर समय पर न भेजे जाने पर सभी ठेकेदारों ने रोष जाहिर किया है। यूनियन ने प्रस्ताव पारित किया गया कि यूनियन पहले स्थानीय विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री से मिलेगी और उनको इन समस्याओं से अवगत करवाएगी। (अनंत ज्ञान)

### कल्याण संयोजक के रिक्त पदों के लिए लिखित परीक्षा 6 फरवरी को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों के पूर्व सैनिकों, विकलांग पूर्व सैनिकों व पूर्व जूनियर कमीशंड अधिकारी के लिए सैनिक कल्याण विभाग में कल्याण संयोजक के पद रिक्त हैं। इन पदों के लिए लिखित परीक्षा और कंप्यूटर पर प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित की जाएगा। उपक्षेत्रीय रोजगार अधिकारी रविंद्र कुमार ठाकुर ने बताया कि कल्याण संयोजक के रिक्त पदों के लिए कागजातों की जांच 22 जनवरी को की जाएगी।

इन पदों के लिए 6 फरवरी लिखित परीक्षा और कंप्यूटर प्रैक्टिकल लिया जाएगा। परीक्षा पूर्व सैनिक रोजगार सेल हमीरपुर में ली जाएगी। इन पदों के लिए अनिवार्य योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय, बोर्ड से कम से कम मैट्रिकुलेट होना चाहिए या सशस्त्र बलों से समकक्ष परीक्षा उतीर्ण होनी चाहिए। साथ ही अभ्यर्थी सेना से जेसीओ रैंक या नौसेना और वायु सेना से इसके समकक्ष रैंक का होना चाहिए।

**प्रतियोगिता** 180 पीएमश्री स्कूलों के 275 प्रतिभागी ले रहे भाग, मार्च पास्ट में कुल्लू प्रथम

# सुन्नी में पीएमश्री स्कूलों के बच्चे दिखा रहे प्रतिभा

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

पीएम योजना के तहत पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला सुन्नी में बुधवार को दो दिवसीय राज्य स्तरीय पीएमश्री विद्यालय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आगाज हुआ। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा सुनीता सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

इस दौरान उनके साथ राज्य परियोजना अधिकारी डॉ सुरेश ठाकुर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ। स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक सचिव विपिन रघुवंशी ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यातिथि ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे सभी प्रतिभागी भाग्यशाली है। यूनियन कहा कि पूरे देश पीएमश्री विद्यालयों की संख्या 14,500 है जबकि अकेले हिमाचल में इनकी संख्या 180 है और इन विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों को गौरवान्वित महसूस करना चाहिए।



प्रतियोगिता में डिजिटल क्वेस्ट के दौरान अपने मॉडल प्रदर्शित करते बच्चे।

उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियों में हिस्सा लेना भी काबिले तारीफ है। उन्होंने सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या में लगातार आ रही गिरावट पर भी चिंता व्यक्त की और उपस्थित समस्त अध्यापक वर्ग को विद्यार्थियों की संख्या को बढ़ाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में यह पहला मौका है जब इस तरह की प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है।

बता दें कि पार्टियों में 11 जिलों से 180 पीएमश्री स्कूलों के लगभग 275 प्रतिभागी सहित लगभग 50 अध्यापक हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान भाषण, डिजिटल क्वेस्ट में प्रजातन्त्र, डिस्कवरी, ड्रामा, लोकनृत्य, लैंगिक, स्टडी, आर्ट एंड क्रॉफ्ट गतिविधियां आयोजित की रही हैं।

इस दौरान मार्च पास्ट का प्रथम ईनाम कुल्लू को दिया गया। बुधवार को आयोजित म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में मंडी प्रथम, कुल्लू द्वितीय तथा सोलन तृतीय स्थान पर रहा। चम्मच रेस में सोलन प्रथम, द्वितीय स्थान पर शिमला और कुल्लू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। (अनंत ज्ञान)

### कुपवी ब्लॉक ने अर्जित की एक और उपलब्धि

## 200 प्रतिशत से अधिक मनरेगा कार्य दिवस अर्जित कर जिले में प्रथम

**सपना सूद, नेरवा/कुपवी**

खंड विकास अधिकारी कुपवी की उपलब्धियों की फेहरिस्त काफी लंबी है। उन्होंने कुपवी ब्लॉक का कार्यभार संभालने के बाद कुपवी में एक मुहिम शुरू कर विलुप्त हो रहे मोटे अनाज के संरक्षण के लिए 'मोटा अनाज उगाओ- मनरेगा पाओ' चलाकर ब्लॉक को पूरे प्रदेश में एक नई पहचान दिलवाई थी।

इसके बाद किसानों ने इस मुहिम का हिस्सा बनकर पिछले वर्ष कुपवी के विभिन्नस्थानों में मोटे अनाज की खेती फिर से शुरू कर दी है। इस साल कुपवी ब्लॉक के नाम एक और उपलब्धि जुड़ने से लोग अरविंद गुलेरिया की कार्य क्षमता की भरपूर प्रशंसा कर रहे है।



अरविंद गुलेरिया, बीडीओ कुपवी

इस वर्ष कुपवी ब्लॉक ने 201.03 फीसदी मनरेगा कार्य दिवस अर्जित कर जिला शिमला के तेरह ब्लॉक में प्रथम स्थान हासिल कर बीडीओ कुपवी अरविंद गुलेरिया की कार्य कुशलता को एक बार फिर से उजागर कर दिखाया है। ठियोग 190.65 व कोटखाई 182.59 मनरेगा कार्य दिवस अर्जित कर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे है, जबकि चौपाल विधान सभा क्षेत्र के दूसरे ब्लॉक चौपाल को 116.91 प्रतिशत मानव कार्य दिवस के साथ 11वें स्थान पर संतोष करना पड़ा है।

# बड़ा भंगाल को सड़क से जोड़ने को सरकार गंभीर : किशोरी लाल

## बीड़ में 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम में सुनी लोगों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

विधायक किशोरी लाल ने बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बीड़ में 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम में शिरकत की।

विधायक ने कहा कि बैजनाथ हलके में लोगों के लिए आधारभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ हलके के समग्र और संतुलित विकास से प्रदेश में मॉडल विधानसभा क्षेत्र बनाने का प्रयास जारी है। बड़ा भंगाल पंचायत को भी सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि बड़ा भंगाल पंचायत ही उनके विधानसभा क्षेत्र में एकमात्र पंचायत है जो अब तक सड़क मार्ग से नहीं जुड़ी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस अति दुर्गम पंचायत तक सड़क सुविधा का आश्वासन दिया है और इसके लिए बजट का भी प्रावधान करवा दिया गया है, ताकि बड़ा भंगाल के लोगों को सड़क सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और लोगों द्वारा जो भी मांगे रखी जा रही हैं, इन्हें चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का प्रयास की जा रहा है। इस अवसर पर विधायक ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर समाधान किया और अधिकारियों को जनहित की मामलों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में बीपीए के अध्यक्ष अनुराग शर्मा, उपप्रधान बीड कपिल शर्मा, उपप्रधान बड़ा भंगाल संजय कुमार, युवा अध्यक्ष अतुल चौधरी, अजय गौड़, विक्रम चौधरी, हरबंश लाल कपूर, चमारु राम बंगालिया, आलोक कुमार, संतोष ठाकुर, बीडीओ बैजनाथ राकेश पटियाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं लोग उपस्थित रहे।





## न्यूज ब्रीफ

### ब्वॉयज स्कूल परागपुर में मनाया वार्षिक उत्सव



**अनंत ज्ञान, गरली।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर में बुधवार को वार्षिक पारितोषिक समारोह बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर चीफ गेस्ट कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व वाइस चेयरमैन सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने शिरकत की। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। स्कूल प्रधानाचार्य सीमा कौसल ने अपने स्कूल की गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। वहीं, कार्यक्रम के अंत में चीफ गेस्ट सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने स्कूल के होनहार छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न आदि इनाम बांट कर सम्मानित किया।

### डीएवी तियारा में छात्रों का किया मार्गदर्शन



**अनंत ज्ञान, गगल।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा की प्रधानाचार्या एकता अत्री ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि बुधवार को कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से तीन सदस्यीय वैज्ञानिक की टीम डॉ. सपना गौतम, डॉ. मधुर कटोच और डॉ. अरुणा राणा ने स्कूल के बारहवीं के विद्यार्थियों के साथ उनके भविष्य संबंधित शैक्षणिक मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को सामाजिक ऐप से दूरी बनाएं। कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के चारों कॉलेज के बारे में बताया, जिसमें वेटेरनरी साइंस, बेसिक साइंस, एग्रीकल्चर साइंस और कम्युनिटी साइंस के बारे में और इसमें आगे क्या भविष्य है उसके बारे में बताया। डॉ. सपना गौतम ने अपने जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि कोई भी राह आसान नहीं होती, जब तक कड़ी मेहनत न हो।

### बैजनाथ पुलिस ने दो दिन में काटे 20 चालान



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** बैजनाथ में अब तीव्र गति तथा शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों की खैर नहीं है। प्रदेश के सबसे युवा एचपीएस अधिकारी बने अनिल शर्मा ने अपनी टीम के साथ खुद मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस जहां तीव्र गति तथा शराब पीकर वाहन चलाने वालों को किसी भी सूरत में नहीं बख्श रही है, वहीं बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाने वालों को चेतावनी जारी करके हेलमेट पहनने के लिए जागरूक भी कर रही है। पुलिस ने दो दिनों के भीतर ही तीव्र गति से वाहन चलाने वालों के लगभग 20 चालान किए हैं।

### सैन्य कॉलेज में 8वीं में प्रवेश को मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज (आरआईएमसी) देहरादून में सत्र 2026 में आठवीं कक्षा में प्रवेश पाने के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक पात्र उम्मीदवार 31 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 1 जून को होगी। अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने बताया कि प्रवेश पाने के लिए छात्र और छात्राएं दोनों ही पात्र हैं। उम्मीदवार की आयु पहली जनवरी, 2026 को साढ़े 11 साल से कम और 13 साल से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि लिखित प्रवेश परीक्षा 400 अंकों की होगी। अंग्रेजी की परीक्षा 125 अंक, गणित 200, सामान्य ज्ञान का पेपर 75 अंक का होगा। उतीर्ण उम्मीदवारों का 50 अंक का साक्षात्कार रखा गया है। साक्षात्कार की तारीख बाद में तय की जाएगी।

# दिव्यांग ने विधायक से की मनरेगा में रोजगार न मिलने की शिकायत

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**



केशव राम ने विधायक 'जनता के द्वार' कार्यक्रम में बताई अपनी समस्या

हर रोज चाहे दिव्यांगों के उत्थान के लिए कई घोषणाएं सुनने को मिलती हैं, परंतु सच्चाई आज भी इसे कोसों दूर है। दिव्यांग को रोजगार न मिलने का ऐसा ही एक मामला बैजनाथ विधानसभा के मझैरना गांव में सामने आया है। मझैरना गांव में दिव्यांग को रोजगार न दिए जाने पर दिव्यांग और उसके परिजन ने पंचायत के खिलाफ विधायक किशोरी लाल से शिकायत की है। गांव में आयोजित 'विधायक जनता के द्वार' कार्यक्रम में दिव्यांग केशव राम और उसके बेटे विनीत कुमार ने मनरेगा के तहत रोजगार न दिए जाने पर शिकायत की है। उन्होंने कहा कि बार-बार पंचायत कार्यालय के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें रोजगार नहीं दिया जा रहा है। दरअसल कुछ साल पहले उनके दाएं हाथ में कार्य करते हुए लोहे के औजार से चोट लग गई थी, जिस वजह से टांडा अस्पताल में उनका ऑपरेशन हुआ था और उसके बाद से उसका हाथ काम करना बंद हो गया है। लिहाजा अब वह दिव्यांग हो चुका है। कुछ साल पहले उनकी पत्नी तक का भी देहांत हो चुका है। उनका बेटा विनीत कुमार भी दिहाड़ी मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण कर रहा है, लेकिन उसे भी मनरेगा या फिर पंचायत के किसी कार्य में दिहाड़ी पर नहीं रखा जा रहा है। इस पर विधायक किशोरी लाल ने संबंधित पंचायत प्रधान और पंचायत सचिव का निर्देश दिए कि दिव्यांग और उसके बेटे को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार मुहैया करवाया जाए। (अनंत ज्ञान)

# राष्ट्रीय स्तर पर छाई बीटीसी स्कूल नूरपुर की दो छात्राएं

**भूषण शर्मा, नूरपुर**



राजकीय पीएम श्री बीटीसी स्कूल नूरपुर की दो छात्राओं ने राष्ट्र स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन किया है। विद्यालय की दो छात्राएं श्रेया और शालिनी ने राष्ट्र स्तर पर इनोवेटिव रूफ सिस्टम मॉडल का प्रदर्शन किया। पूरे प्रदेश में यही एक सरकारी स्कूल है, जिसने प्रदेश का का नाम रोशन किया है। सोनीपत में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता में राष्ट्र स्तर पर विभिन्न प्रदेशों के स्कूलों से आए छात्रों ने अपने-अपने मॉडल प्रदर्शित किए थे। बुधवार को विद्यालय में इन छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल केसी दयोल और नीतू ने बताया कि विद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्र स्तर पर राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शन प्रतियोगिता में मॉडल का प्रदर्शन किया, जिसे बहुत सराहा गया। उन्होंने कहा कि यह न केवल हमारे क्षेत्र, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। छात्रा श्रेया ने इसके लिए विद्यालय के प्रिंसिपल और स्टाफ का आभार जताया है। (अनंत ज्ञान)

# उचित मूल्य की दुकानों के लिए करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि जिला कांगड़ा के विकास खण्ड रैत की ग्राम पंचायत मैटी के गांव बंगरेड़ वार्ड 3 और ग्राम पंचायत कनोल के गांव कनोल वार्ड 2 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकानें आवंटित की जानी हैं, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 29 जनवरी है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र पर वांछित दस्तावेजों सहित वैबसाइट पर 29 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद भेजे गए आवेदन-पत्र मान्य नहीं होंगे। आवेदनपत्र केवल ऑनलाइन माध्यम से ही प्राप्त किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए विभाग के दूरभाष नंबर 01892-222877 पर संपर्क कर सकते हैं।

# महिलाओं का सम्मान न भाजपा के आका कर पा रहे और न ही चेले : चेतन चौहान

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं हिमाचल के सह प्रभारी चेतन चौहान ने बुधवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि आज भाजपा के जो हालात है तथा भाजपा ने राजनीति का स्तर इतना नीचे कर दिया है, इससे शर्म आती। खुद को सबसे बड़ा दल बताने वाली भाजपा घटिया बयानबाजी कर रही है।

उन्होंने भाजपा के पूर्व सांसद और कालका विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी रमेश बधूढ़ी द्वारा कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी बाड्रा पर की गई टिप्पणी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा में जैसा गुरु वैसा चेला है। इससे पता चलता है कि भाजपा की देश की महिलाओं के प्रति क्या मानसिकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता उस परिवार पर टिप्पणी कर रहे हैं, जिसने देश के लिए अपनी जानें कुर्बान की हैं, यह बेहद शर्मनाक है। भाजपा का राजनीतिक स्तर इतना गिर चुका है कि उनके नेता अनर्गल बयानबाजी पर उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी ओर करनी में बडा अंतर है। महिलों का सम्मान करना न तो इनके आका को आता है ओर न ही उनके चेलों को आता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस संगठन की नई कार्यकारिणी जल्द ही तैयार की जाएगी, जो आगामी विधानसभा चुनाव में यह संगठनात्मक कार्यकारिणी अहम भूमिका निभाएगी और कांग्रेस मजबूत स्थिति में चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी के नेतृत्व में पार्टी प्रदेश में नई ऊर्जा के साथ आगामी चुनाव लड़ेगी। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### लारथ की बेटी शालू सेना में बनीं कैप्टन



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विधानसभा फतेहपुर की पंचायत लारथ की बेटी शालू पुत्री शाम लाल सेना में कैप्टन बनी हैं। इसपर फतेहपुर विधायक भवानी सिंह पठानिया ने उक्त बेटी व उसके परिजनों को बधाई दी है। बुधवार को विधायक भवानी सिंह पठानिया के कहा कि आज की बेटियां बेटों से कम नही हैं, बशर्ते उन्हें सही मार्गदर्शन मिलता रहे। वहीं, कैप्टन बनी शालू ने एक फोनिकली भेंटवार्ता में अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने परिजनों, गुरुजनों व खासकर अपने पति को दिया। ज्ञात रहे कैप्टन बनी शालू के पति डॉक्टर राहुल जागलान कमांड अस्पताल चंडीगढ़ में मेजर के पद पर तैनात हैं।

### गलत साइन बोर्ड से भ्रमित हो रहे वाहन चालक




**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा-कछियारी बायपास के मुख्य चौक पर नेशनल हाईवे आर्थोरिटी द्वारा कार्य के चलते गलत साइन बोर्ड लगा दिया है। इस मामले को अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने प्रमुखता से उठाया था, परंतु खबर छपने के बाद भी विभाग ने इस गलती को सुधारना उचित नहीं समझा। गल साइन बोर्ड के चलते यहां से गुजरने वाले वाहन चालक अभी भी भ्रम में पड़ जाते हैं कि आखिर सही रास्ता कौन सा है। रात्रि के समय यह समस्या और भी जय गंभीर बनजाती है।

### लिटिल फ्लावर स्कूल दुराना में वार्षिकोत्सव की धूम



**अनिल छांगू,जवाली।** लिटिल फ्लावर पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दुराना में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। इसमें कुलभूषण कुमार सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य मुख्यतिथि तो करतार चंद सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व सरस्वती वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा पहाड़ी, पंजाबी, हरियाणवी, गुजराती गानों पर प्रस्तुति कर खूब वाहवाही लूटी। साथ ही मोबाइल के दुष्प्रभावों व नशे के विरुद्ध नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूकता संदेश दिया। वहीं, स्कूल के प्रधानाचार्य राकेश कुमार ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहीं, मुख्यातिथि ने स्कूल के मेधावी बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

### हार में बताईं केसीसी बैंक की योजनाएं

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित व कांगडा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा परागपुर द्वारा बुधवार को ग्राम पंचायत हार में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बैंक अधिकारी अनिल शर्मा ने बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना डिजिटल बैंकिंग प्रणाली व आनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपायों के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी।

### भाजपा मंडल जयसिंहपुर ने की बैठक



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** भाजपा मंडल जयसिंहपुर की बैठक बुधवार को अपर लंबागांव स्थित भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई। इसमें गगरेट भाजपा के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी सुमित शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। वहीं, विशेष अतिथि के रूप में पालमपुर भाजपा जिलाध्यक्षा रागिनी रकवाल व जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र ने शिरकत की। इस अवसर पर जयसिंहपुर विधानसभा श्रेत्र के भाजपा के नवनिर्मित आलमपुर व पंचरुखी मंडल के नए अध्यक्ष चुने जाने हेतु विचार-विमर्श करके कार्यकर्ताओं से राय ली गई। इस मौके पर जयसिंहपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र राणा, पूर्व अध्यक्ष विनोद शर्मा, राम रत्न शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय पठानिया, जयसिंहपुर युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवा कटोच के अतिरिक्त सुनील चौधरी, सरस्वती जरयाल, रणवीर सिंह, शकुंतला देवी, हनुमंत प्रसाद, अमीषा वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रह।

### पद्दर पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन

**अनंत ज्ञान, योल।** पद्दर पंचायत में प्रधान इंदु रानी की अध्यक्षता में बुधवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया, इसका शुभारंभ सचिव अमित कुमार के द्वारा किया गया। ग्राम सभा में उपस्थित सभी ग्रामवासियों ने अपने अपने मुद्दे रखे। ग्राम सभा में 190 स्थानीय ग्रामवासियों ने भाग लिया। यह ग्राम सभा सभी ग्रामवासियों के सहयोग से पूरी हुई। सभा में प्रधान इंदु रानी ने सुरक्षा कर लगाने बारे सभी गांववासियों व दुकानदारों को बताया। वहीं पीएम आवास योजना के जिन पात्र लोगों को मकान उपलब्ध नहीं हुए हैं, उन लोगों का गांव में घर-घर जाकर अगले हफ्ते 15 जनवरी के बाद सर्वे किया जाएगा। वहीं, अप्रैल महीने में ग्राम सभा में बीपीएल परिवारों का सर्वे किया जाएगा।

### एचएमपीवी एक सामान्य वायरस, घबराएं नहीं

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** सिविल अस्पताल फतेहपुर में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की एक अहम बैठक हुई। इसमें ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर फतेहपुर डॉक्टर रिचा महरोत्रा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक दौरान चीन में फैले वायरस एचएमपीवी बारे जानकारी बांटी गई। बैठक बारे जानकारी देते हुए ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर फतेहपुर डॉक्टर रिचा महरोत्रा ने बताया कि चीन में फैला हुआ वायरस एचएमपीवी एक सामान्य वायरस है, इससे घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया किअ यह वायरस ज्यादातर बच्चों को प्रभावित करता है, लेकिन इसका इलाज संभव है।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर होने की जरूरत

**अनंत ज्ञान, गरली।** गरली पंचायत कार्यलय में बुधवार को महिला जागरुक शिविर का आयोजन किया गया। प्रधान शशिलता की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में आगनबाड़ी कार्यकर्ता के आलावा क्षेत्रभर की महिलाओं ने भाग लिया। नारी शक्ति को संबोधित करते हुए शशिलता ने कहा कि आज देशभर की महिलाओं को जागरूक होने व आत्मनिर्भर बनने की जरूरत है। महिलाओं के बगैर देश का विकास नहीं हो सकता। अब महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही हैं।

### राम नगर के वार्ड 13 में मकान में लगी आग

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** डलहौजी रोड पर स्थित मोहल्ला राम नगर के वार्ड 13 में एक घर में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया है। घटना दोपहर 4 बजे के करीब की है। हालांकि राहत की बात यह रही की किसी भी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ। जबकि घर का पूरा सामान जलकर खाक हो गया है। वार्ड के पार्षद दर्शन कौर के पति जुगल किशोर ने बताया कि उक्त घर में जब आग लगी तब वरुण वर्मा और अंकिता कुमारी घर में मौजूद थे। वहीं, घर में तीन कारपेंटर भी काम कर भी रहे थे। इतने में अचानक घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिस वजह से घर धूंधूं करके जल गया और घर में रखा सामान भी जलकर खाक हो गया। ऐसे में दमकल विभाग को भी आग लगने की सूचना दी गई और तीसरी गाड़ी भी दमकल विभाग की आग पर काबू नहीं पा सकी है।

### श्री चामुंडा मंदिर के चढ़ावे में 17 लाख का इजाफा

**अनंत ज्ञान, योल।** वर्ष 2024 में श्री चामुंडा मंदिर के चढ़ावे में अनुमानित 17 लाख रुपए का इजाफा हुआ है । जनवरी 2024 से 31 दिसंबर तक पूरे साल में 5,83,90,520 रुपए का चढ़ावा चढ़ा है। मंदिर में वर्ष 2023 के दौरान कुल चढ़ावा 5,66,71,883 का चढ़ावा चढ़ा था। मंदिर अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि यह चढ़ावा आदि हिमानी चामुंडा शिव मंदिर और श्री चामुंडा मंदिर का है।

### पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलमार्ग जम्मू डिवीजन में शामिल

**अनंत ज्ञान, ब्यूरो धर्मशाला।** हिमाचल में रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेललाइन को जम्मू डिवीजन में शामिल कर दिया है। लंबे समय से पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे लाइन चर्चाओं में था तथा इस विषय को लेकर कांगड़ा चंबा संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने संसद में उठाया था। इस पर संसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे के मुद्दे पर उन्होंने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव का ध्यान आकर्षित किया था, जिसका असर देखने को मिल रहा है।

### तिब्बत में भूकंप में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** तिब्बत के डिंगरी में भूकंप के कारण मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए तिब्बती समुदाय के लोगों ने बुधवार शाम को मैक्लोडगंज में कैंडल मार्च निकाल कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# पठानिया ने कल्याड़ा में ओबीसी सामुदायिक भवन का किया उद्घाटन

## 2 लाख से बनने वाली खेल मैदान कल्याड़ा की स्टेज की आधारशिला भी रखी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने बुधवार को कल्याड़ा में लगभग 10 लाख से बने अन्य पिछड़ा वर्ग के सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया। इसके उपरांत उन्होंने 2 लाख से बनने वाले खेल मैदान कल्याड़ा के स्टेज की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि इस खेल मैदान पर 15 लाख की धनराशि इसके सौंदर्यीकरण तथा अन्य कार्यों पर व्यय की जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के लोगों को आवागमन हेतु अच्छी सड़क सुविधा देने सरकार की प्राथमिकता है। यहां के नागरिकों को अच्छी सड़क सुविधा देने हेतु बनोई-कल्याड़ा-घरोह सड़क पर पुनः टारिंग की गई है और इस पर 51 लाख व्यय किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में विभिन्न पेयजल योजनाओं पर लगभग 2 करोड़ 50 लाख रुपये व्यय किये जायेगें। विद्युत व्यवस्था में सुधार हेतु 17 लाख की धनराशि खर्च की गई है तथा 6 लाख और व्यय किये जायेगें। उन्होंने ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए कि विभिन्न पंचायतों के रुके हुए विकास कार्यों को पारदर्शी तरीके से निर्धारित समयावधि में पूरा करें। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि ग्रामीण विकास विभाग में करोड़ों का जो बजट अभी खर्च नहीं हुआ है उसके लिए कार्ययोजना तैयार करें। सरकार द्वारा गरीब लोगों के लिए आबंटित की हुई धनराशि का प्रयोग पूरी पारदर्शिता के साथ आमजन के लिए होना चाहिए।

### कल्याड़ा स्कूल के मेधावी नवाजे



केवल सिंह पठानिया ने राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कल्याड़ा के वार्षिक पारितोषिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर मेधावी विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया।

# 'विजनेक्स्ट प्रयोगशाला' भारतीय फैशन उद्योग के लिए नए युग की शुरुआत: चंद्रा

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



'विजनेक्स्ट प्रयोगशाला' भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के तहत निफ्ट की एक अनूठी पहल है, जिसको वस्त्र मंत्रालय द्वारा सहयोग प्रदान है। यह बात निफ्ट के डायरेक्टर राहुल चंद्रा ने पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि भारत के फैशन और खुदरा बाजार के लिए अभूतपूर्व अनुसंधान और प्रवृत्ति अंतर्दृष्टि प्रदान करने पर केंद्रित है। यह विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रम, कार्यशालाएं और प्रवृत्ति-संबंधी परामर्श सेवाएं भी प्रदान करता है।

उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और भावनात्मक बुद्धिमत्ता (ईआई) को मिलाकर, विजनेक्स्ट ने एक स्वदेशी पूर्वानुमान प्रणाली को विकसित किया है, जो विशेष रूप से भारतीय बाजार की अद्वितीय गतिशीलता को पूरा करती है। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य भारत के फैशन जगत की विविधता और जटिलता को मापना, व्यवसायों, डिजाइनरों, ब्रांडों, खुदरा विक्रेताओं, कारीगरों और बुनकरों को भारतीय उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों का अनुमान लगाना और प्रतिक्रिया देने के लिए सशक्त बनाना है।

उन्होंने कहा कि 5 सितंबर 2024 को वस्त्र मंत्री ने लॉन्गचैंप हॉल, ताज महल होटल नई दिल्ली में गणमान्य व्यक्तियों पबिल मार्गेरिटा, माननीय विदेश और वस्त्र राज्य मंत्री, रचना शाह, सचिव, वस्त्र मंत्रालय और रोहित कंसल, अतिरिक्त सचिव, वस्त्र मंत्रालय की उपस्थिति में पहली भारत-विशिष्ट द्विभाषी फैशन ट्रेंड पुस्तक, 'परिधि 24×25' एवं एक वेब पोर्टल का विमोचन किया। परिधि के विमोचन के बाद, इसकी ई-कॉपी की डाउनलोड की संख्या 2000 है तथा वेबसाइट पर लगभग 23,000 देखने वाले हैं। (अनंत ज्ञान)

# स्कूल शिक्षा बोर्ड लेगा एकलव्य आवासीय विद्यालय की चयन परीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड प्रदेश में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की कक्षा-छठी में केवल अनुसूचित जनजाति के छात्रों के प्रवेश के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय चयन परीक्षा (ईएमआरएसएसटी)-2025 आयोजित करने जा रहा है। दिसंबर 2024 मार्च, 2025 में 5वीं कक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्र या 2024-25 के सत्र में उत्तीर्ण उम्मीदवार जो अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं और वे बच्चे जिन्होंने अपने माता-पिता को कोविड में खो दिया है, विधवा के बच्चे, दिव्यांग माता-पिता के बच्चे, अन्य जैसे भूमि दाता, अनाथ बच्चे आदि सभी अन्य श्रेणियों से संबंधित हैं, इस परीक्षा में भाग ले सकते हैं। बोर्ड के सचिव विशाल शर्मा ने बताया कि इस संबंध में पूरी जानकारी बोर्ड के बेवसाइट में भी देखी जा सकती है।

**आज से तीन फरवरी तक किया जा सकता है आवेदन**

उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रॉस्पेक्टस भी उपलब्ध हैं तथा इच्छुक उम्मीदवार 2025 परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा आवेदन 9 जनवरी से 3 फरवरी रात 11 बजे तक किया जा सकता है। इसके लिए अभ्यर्थियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 4 फरवरी से 6 फरवरी तक आवेदनों में सुधर किया जा सकता है। परीक्षा के चार दिन पहले बोर्ड की वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड करने होंगे। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए उम्मीदवारों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उम्मीदवार ऊपर बताई गई तिथियों पर अपने आवेदन पत्र में ऑनलाइन सुधार कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के संबंध में किसी प्रकार की जानकारी के लिए उम्मीदवार टेलीफोन नंबर 01892-242192 के माध्यम से बोर्ड से संपर्क कर सकते हैं।

### संजीव बने न्यायिक मानवाधिकार परिषद के जिला अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** संजीव कौशल को हिमाचल प्रदेश न्यायिक मानवाधिकार परिषद के जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह महत्वपूर्ण घोषणा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष तारा चंद राणा ने की। संजीव कौशल की इस नियुक्ति को लेकर परिषद के सदस्यों और शुभचिंतकों में उत्साह का माहौल है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व से संगठन को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। वहीं, संजीव कौशल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बिहारी लाल जसावत, प्रदेश महासचिव, और कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, मैं उसे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा। संगठन के उद्देश्यों और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए हर संभव प्रयास करूंगा।'

# टीबी मुक्त भारत बनाने का आह्वान

## लायंस क्लब धर्मशाला में प्रशिक्षुओं को टीबी बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन जिले में कर रहा है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी व टीबी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश सूद ने बताया कि आज बुधवार को धर्मशाला के लायंस क्लब में विभाग द्वारा संस्थान के अंतर्गत विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सौ से अधिक लड़कियों को टीबी के प्रति जागरूक करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब के हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में टीबी रोग के कारण तथा निवारण पर विस्तार से चर्चा करते हुए लोगों को इसे जुड़ी हर जानकारी से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम भारत सरकार का कार्यक्रम है और पूरे भारत मे इसे चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ सूद ने सभी को टीबी मुक्त भारत अभियान की सभी को शपथ भी दिलाई। डॉ. सूद ने बताया कि कार्यक्रम में 7 दिसंबर से शुरू हुए 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की जानकारी विस्तारपूर्वक साझा की गई। उन्होंने बताया कि टीबी कोई लाइलाज बीमारी नहीं है।

टीबी रोग के बारे में सही समय पर परीक्षण और नियमित दवाई लेने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी का आह्वान करते हुए सभी से जन सहयोग की अपील की तथा टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए जागरुकता अभियान को मजबूती से चलाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब धर्मशाला इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग ले रहा है और उनका योगदान सराहनीय है।

इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष आरण्पी चोपड़ा ने बताया कि क्लब टीबी के साथ जी रहे चौदह रोगियों को पोषण किटें उपलब्ध करवाने जा रहा है। इसमें संस्था द्वारा सात पोषण किटें भेंट कर दी गई हैं। इसी कड़ी में छह महीने तक निक्षय मित्र बनकर टीबी के साथ जी रहे रोगियों को लायंस क्लब धर्मशाला के सदस्य डाइट देंगे। उन्होंने लायंस क्लब द्वारा भविष्य में भी टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए प्रयास जारी रखने की बात कही।

### टीबी मुक्त भारत की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए 100 दिन टीबी अभियान शुरू किया गया है। इसी के तहत स्वास्थ्य खंड नूरपुर की आरबीएस के टीम व सिविल अस्पताल नूरपुर से काउंसलर ने बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जाच्छ में बच्चों को टीबी के प्रति जागरूक किया व टीबी के लक्षण, संक्रमण, उपचार, रोकथाम, संतुलित आहार, काउंसलिंग आदि महत्वपूर्ण विषय के बारे में भी संपूर्ण जानकारी प्रदान की। साथ ही बच्चों को टीबी मुक्त भारत करने की शपथ भी दिलाई। अंत में स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकालकर आसपास के लोगों को भी जागरूक किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की टीम से डॉ. भुवनेश व डॉ. ज्योति अनुराधा अभिषेक अंशुल व कुल 150 लोग उपस्थित रहे।

# पूर्व सैनिक की विधवा बेटी के अंधकारमय जीवन में सेना की पेंशन ने किया उजाला

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी के खुंडियां में स्थित पूर्व सैनिक लीग के चेयरमैन रिटायर्ड कर्नल एमएस राणा ने बताया कि तहसील थुरल के नलहेड़ गांव की श्रेष्ठा देवी को सेना ने नए साल में पेंशन लगाकर अंधकारमय जीवन में उजाला कर दिया है। तहसील पालमपुर के गांव रजेहड़ सिपाही रत्न चंद की इकलौती बेटी श्रेष्ठा की शादी 1985 थुरल के नलहेड़ निवासी गोपी चंद से हुई थी। सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था, लेकिन अचानक जनवरी 2001 में इनकी माता जी का देहांत हो गया और अक्तूबर 2011 में इनके पति की भी अचानक मृत्यु ही गई । बच्चे छोटे थे और परिवार को जीवन यापन का कोई सहारा न रहा । अत: बेटी पिता पर आश्रित हो गई, लेकिन अगस्त 2020 में इनके पिता रत्न चंद भी दुनिया को अलविदा कह गए। अब जीवन यापन का कोई भी सहारा न रहा।



श्रेष्ठा देवी

श्रेष्ठा देवी ने 2021 में पूर्व सैनिक लीग खुंडियां के माध्यम से अपने पिता के आर्मी रिकॉर्ड डीएससी से डिपेंडेंट पेशन लगाने की गुहार लगाई, लेकिन आर्मी रिकार्ड में इनके पिता का नाम और जन्म तिथि गलत दर्ज थी। लगभग दो साल के लंबे संघर्ष के बाद सितंबर 2023 में खुंडियां के पूर्व सैनिक नायक अशोक कुमार के माध्यम से पूर्व सैनिक लीग खुंडियां ने डीएससी रिकॉर्ड व सेना मुख्यालय में संबंधित अधिकारियों से बात की और जरूरी कागजात तैयार करवाए। केवल दो माह के अंदर ही इनके पिता का नाम और जन्म तिथि सही हो गई।

मार्च 2024 में पेंशन के कागजात जिला सैनिक कल्याण विभाग कांगड़ा स्थित धर्मशाला के माध्यम से तैयार हुए। अब सेना ने लगभग सोलह हजार की डिपेंडेंट पेंशन लगाकर श्रेष्ठा देवी के अंधकारमय जीवन में उजाला भर दिया। श्रेष्ठा देवी ने इस उपकार के लिए भारतीय सेना, जिला सैनिक कल्याण विभाग कांगड़ा तथा पूर्व सैनिक लीग खुंडियां का धन्यवाद किया है।

# जिप सदस्य संतोष ने ककड़ैं पंचायत में बांटे डस्टबिन



**राकेश डोगरा, डरोह**

सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 28 नौरा की जिला परिषद सदस्य संतोष कुमारी ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि बुधवार को 15वें वित्तायोग से वित्त वर्ष 2023-24 के तहत 'स्वच्छ और स्वस्थ्य होगा इंडिया, तभी तो आगे बढ़ेगा इंडिया' कार्यक्रम के चलते ग्राम पंचायत ककड़ैं में 490 परिवारों को व स्थानीय आंगनबाड़ियों में 7, सरकारी स्कूल में 2 व वेटरनरी में एक डस्टबिन बांटे इन्होंने कुल मिलाकर ककड़ैं पंचायत में 500 डस्टबिन बांटे। संतोष कुमारी ने हर घर को स्वच्छ बनाने का बीड़ा उठाया हुआ है। इसके साथ-साथ उन्होंने इस पंचायत के वरिष्ठ नागरिकों को बैठने व आराम करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर बैंच लगवाए हैं, जिनकी 43,070 रुपए है। पानी की व्यवस्था के लिए प्लास्टिक की टंकियां भी दी हैं, जिनकी कुल कीमत 23,000 रुपए है। पक्की नालियां बनाने के लिए उन्होंने इस पंचायत को 30,000 रुपए दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### केसीसी बैंक ने भड़वार में लगाया वित्तीय शिविर

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा भड़वार द्वारा ग्राम पंचायत भड़वार में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बैंक कर्मचारियों ने बैंक द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं और सेवाओं के बारे में उपस्थित लोगों को अवगत करवाया। बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं में डिजिटल सुविधा, जैसे नेट बैंकिंग, ऑनलाइन भुगतान व एटीएम इत्यादि के बारे में भी जानकारी उपलब्ध करवाई गई। सरकारी योजनाओं में जैसे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, स्वनिधी निधि योजना, अटल पेंशन योजना, ऋण संबंधी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के बारे में भी जानकारी दी गई है।

# कोतवाली व्यापार मंडल धूमधाम से मनाएगा लोहड़ी पर्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के कोतवाली व्यापार मंडल की ओर से 13 जनवरी को लोहडी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार मंडल की ओर से पर्व का आयोजन फव्वारा चौक पर किया जाएगा। इसमें व्यापार मंडल की ओर से दो घंटे के लिए कोतवाली बाजार से मैक्लोडगंज और खनियारा जाने वाले सडक़ मार्ग को बंद किया जाएगा। व्यापार मंडल की ओर से यह आयोजन पहली बार होने जा रहा है।

कोतवाली बाजार व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनुज कश्यप ने बुधवार को प्रेसवार्ता में कहा कि धर्मशाला में इस बार लोहड़ी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में डीसी कांगड़ा उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कोतवाली बाजार में पर्व की खरीदारी करने और पर्व मनाने आ रहे लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। इस दौरान फव्वारा चौंक को 2 घंटे शाम 5 से 7 बजे तक बंद रखा जाएगा। व्यापार मंडल की ओर से तैयार की गई योजना के अनुसार मैक्लोडगंज की ओर रूख करने वाले पर्यटकों सहित स्थानीय लोगों को बायपास रोड से जाना होगा।

मैक्लोडगंज से आ रहे लोगों को काली माता मंदिर के पास और खड़ा डंडा रोड़ से आ रहे वाहनों के बाजार से थोड़ा पीछे ही रोक दिया जाएगा। वहीं, खनियारा के लिए लोगों को श्याम नगर रामनगर वाले रूट से जाना होगा। उन्होंने कहा कि लोहडी पर्व पर फव्वारा चौक को बंद करने के लिए जिला उपायुक्त हेमराज बैरवा और पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री से मंजूरी मिल चुकी है।

### कनोल बीट में गाड़ी से जंगली जानवर का 6 किलो मांस बरामद

**अनंत ज्ञान शाहपुर।** शाहपुर उपमंडल के तहत वन विभाग के अधिकारियों ने कनोल बीट में एक गाड़ी में 6 किलो मांस पकड़ा है। इस पर वन विभाग के वीओ दिनेश्वर सिंह ने पुलिस थाना में शिकायत दी है। उन्होंने बताया कनोल बीट में गश्त के दौरान गाड़ी नंबर एचपी 01 सी -1949 की तलाशी ली, जिसमें 6 किलो के करीब मांस पकड़ा जो कि जंगली सूअर का प्रतीत हुआ। जिस पर वाहन चालक काकू राम निवासी लाहड़ी के खिलाफ शिकायत दी गई है। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस थाना शाहपुर के प्रभारी करतार चंद ठाकुर से बात हुई तो उन्होंने बताया कि आरोपी लाहड़ी निवासी काकू राम के खिलाफ वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन एक्ट 1972 के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# पुरातत्व टीम ने किया महाराजा संसार चंद किले का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

भय भुंजनी गढ़ माता मंदिर के साथ लगते महाराजा संसार चंद के किले का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की टीम द्वारा दौरा किया गया। इंसाफ संस्था के अध्यक्ष एवं पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार ने बताया कि संस्था ने अधीक्षण पुरातत्वविद स्थित शिमला को पत्र लिखा था। इसमें विभाग को अवगत करवाया गया था कि पालमपुर विधानसभा सभा क्षेत्र के सुप्रसिद्ध भयभुंजनी गढ माता मंदिर के साथ लगते महाराजा संसार चंद के ऐतिहासिक प्राचीन किले का पुरातत्व विभाग निरीक्षण करके, इस किले का रखरखाव व सौंदर्यीकरण करे। संस्था ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से आग्रह किया था कि किले का निरीक्षण किया जाए। बुधवार को पुरातत्व विभाग की संयुक्त टीम ने किले का निरीक्षण किया। विभाग की टीम ने किले के गिरे पड़े अवशेषों अर्थात स्तंभों के साथ किसी प्रकार की छेड़छाड़ न करने का आग्रह करते हुए नवग्रह वाटिका के निर्माण कार्य को शुरू करने के लिए किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं जताई है।

**आह्वान** शहरी निकाय के प्रतिनिधियों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# लीक से हटकर नए आइडिया के साथ करें काम: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



हमारे देश में तेज गति से शहरीकरण हो रहा है, जिससे हमारा प्रदेश और जिला कांगड़ा भी अछूता नहीं है। ऐसे में एक अनुमान है कि आने वाले 20 वर्षों में शहरी और ग्रामीण आबादी व क्षेत्रफल लगभग बराबर हो जाएंगे। ऐसे समय में हम बेहतर शहरी प्रबंधन के लिए आज से ही तैयारी करनी होगी। हमारा प्रदेश और जिला एक पहाड़ी क्षेत्र होने के नाते अन्य शहरी इलाकों से बिलकुल अलग है, इसके लिए शहरी निकाय से जुड़े प्रतिनिधियों, अधिकारियों और विभागों को लीक से हटकर सोचने की जरूरत है। हम किसी अन्य क्षेत्र के मॉडल का शत प्रतिशत अनुसरण कर अपने यहां लागू नहीं कर सकते। अपने जिले में शहरी प्रबंधन के लिए हमें नए आइडिया सृजित कर उनपर काम करने की जरूरत है। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान दिल्ली द्वारा धर्मशाला नगर निगम के सहयोग से शहरी शासन पर आयोजित विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला के शुभारंभ के अवसर पर उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बुधवार को यह उद्गार प्रकट किए। लघु सचिवालय धर्मशाला के कैबिनेट हॉल में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए डीसी ने शहरी क्षेत्रों में सतत विकास सुनिश्चित करते हुए शहरी विकास को क्षेत्र अनुकूल प्रथाओं के साथ जोड़ने के महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला यह सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है कि धर्मशाला और उसके बाहर के शहरी केंद्र प्रभावी शासन के लिए अभिनव दृष्टिकोण अपनाए जो जनकेंद्रित और विकास उन्मुख दोनों हों।

# न्यूज ब्रीफ

## सड़क नियमों का पालन करने का किया आह्वान

**अनंत ज्ञान, बरठीं।** बिलासपुर आरटीओ रमेश कौशल द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान बरठीं और सुनहानी में जागरूक अभियान चलाया गया। बस स्टैंड और ट्रैफिक वाली जगह पर लोगों को बताया गया कि सुरक्षा नियम कितने जरूरी है और रोड पर अपने आपको सुरक्षित कैसे रखें। इन नियमों का पालन करना सभी के लिए कैसे अनिवार्य है।



आरटीओ ने कहा कि दोपहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करें, कार चालकों के लिए सीट बेल्ट लगाना जरूरी है। ड्राइव करते समय नशीले पदार्थ का सेवन न करें, ताकि आप और आपका परिवार सुरक्षित रह सके। इस मौके पर आरटीओ के साथ अमित मिश्रा मोटर व्हीकल मोटर निरीक्षक एवं अन्य आरटीओ स्टाप भी शामिल हैं।

## दधोल में मेधावी स्टूडेंट्स किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में क्लस्टर स्तरीय वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दधोल, डंगार, जोल, पट्टा, बाड़ी छजोली, छंदोह, चोखना, हरितल्यांगर, तडोन और बरोटा स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। स्कूल प्रबंधन की ओर से मंत्री का शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। धर्माणी ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बच्चों से मेहनत और लगन से पढ़ाई करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में शिक्षकों और अभिभावकों का कर्तव्य है कि वे बच्चों को सही मार्गदर्शन दें और उनकी अद्भुत प्रतिभा को निखारें।' समारोह की शुरुआत वंदे मातरम से हुई। बच्चों ने सरस्वती वंदना, लोक नृत्य, एकल गायन, समूह गान, गिद्धा, और भाषण जैसे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विशेष अतिथि, शिक्षा उपनिदेशक (उच्च शिक्षा) जोगिंद्र राव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहाकि शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का महत्व बच्चों के जीवन में बहुत बड़ा है। समारोह में प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाज, प्रधानाचार्य रेखा शर्मा, मेहर सिंह, जय चंद, पवन, सीमा, संजीव, राजेंद्र जरौड़ा, पुरुषोत्तम, नवीन आदि मौजूद रहे।

## स्कूली बच्चों को नशे से दूर रहने के दिए टिप्स

**निक्कू राम, बरठीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़गांव के विद्यार्थियों गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर के संस्कृत विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर लेखराम शर्मा ने बच्चों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि नशा हमारी युवा पीढ़ी को खोखला कर रही है जो देश और प्रदेश के लिए बहुत ही अहितकर है।



हमारी युवा पीढ़ी जितना नशे से दूर रहेगी, उसका भविष्य उतना ही उज्ज्वल होगा। उन्होंने बच्चों को साक्षर और शिक्षित होने का अंतर भी बताया और पर्यावरण को स्वच्छ रखने और अपनी संस्कृति के प्रति लगाव रखने की भी सलाह दी। पंचायत प्रधान बड़गांव निक्कू राम भारद्वाज ने बच्चों के सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनने पर बल दिया। बच्चों की सड़क सुरक्षा के नियमों की पुस्तकों को भी बच्चों को वितरित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य होशियार सिंह जस्सल, सभी प्राध्यापक और अध्यापक शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)

## ब्यास उत्सव मेले में खेल व सांस्कृतिक स्पर्धाएं फाइनल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** अखिल हिमालयन महोत्सव ब्यास उत्सव मेला आयोजन समिति द्वारा 22 से 28 जनवरी तक होने वाले ब्यास उत्सव मेले की खेल व सांस्कृतिक स्पर्धाओं को फाइनल कर दिया है। समिति के प्रवक्ता कर्ण चंदेल ने यह जानकारी दी। चंदेल ने बताया कि 22 जनवरी को दिन में निबंध लेखन व चित्रकला ( क, ख ), मुक्केबाजी, दौड़, धीरे साइकिल चलाओ, रात्रि में संस्कृति धार्मिक श्लोक, वचन, गीतिका, धार्मिक गायन ( वर्ग क, ख, ग, घ ) 23 जनवरी को दिन में चम्मच दौड़, गुबार फोड़, पतंगबाजी, म्यूजिकल चेयर, कबड्डी व रात्रि में एकल गायन व एकल नृत्य ( क, ख ) 24 जनवरी दिन में बास्केटबॉल, बोरा उठाओ कैरम, रात्रि में कहलुरी , व्यासपुरी , हिमाचली गायन (क, ख, ग, घ ) वर्ग 25 जनवरी को दिन में प्रश्नोत्तरी लिखित (क, ख) तीन तांग दौड़ हैंडबॉल, शतरंज, चित्रकला ( व्यास जी ) फैंसी ड्रेस, रात्रि में एकल गायन व एकल नृत्य ( क, ख ) 26 जनवरी दिन में मेहंदी रचाओ, बेबी शो, मटका तोड़ आदि प्रतियोगिताएं होंगी। प्रतिभागी पोषक का ध्यान रखें। रात्रि कार्यक्रम ठीक 6 बजे शुरू कर होंगे।

## पुलिस ने राहगीर से 7 बोतल देसी शराब पकड़ी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पुलिस चौकी खारसी ने एक राहगीर से 7 बोतल देसी शराब बरामद की है। पुलिस प्रभारी छज्जु राम की अगुवाई में पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस जब गत रात करीब पौने 9 बजे भोली में पहुंची तो एक व्यक्ति को शक के आधार पर रोक कर तलाशी ली तो उससे 7 बोतल देसी शराब बरामद की। पुलिस ने जब इसका परमिट मांगा तो वह कोई कागज नहीं दिखा पाया। आरोपी की पहचान दुर्गा राम निवासी भोली के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना बरमाणा में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## थाना सदर में मारपीट का क्रॉस केस दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** थाना सदर में एक मारपीट का क्रॉस केस दर्ज हुआ है। पहले मामले में वन परिक्षेत्र अधिकारी सदर की तरफ से दी गई शिकायत में कहा गया है कि वन रक्षक धर्म सिंह के साथ एक ठेकेदार द्वारा न केवल हाथापाई की गई बल्कि सरकारी काम में बाधा डालने का प्रयास भी किया गया। शिकायत पत्र में कहा गया है कि धर्मसिंह ने भजूण में अस्थायी चैक पोस्ट लगाई थी। आरोप लगाया कि आरोपी ठेकेदार कथित तौर पर नशे में चैक पोस्ट भजूण के अंदर घुसा और सरकारी कार्य में बाधा डाली। आरोप लगाया कि आरोपी ने गाली गलौज करने के साथ ही हाथापाई की और जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं, बलदेव कुमार निवासी मझेड़ डाकघर दयोथ ने पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि गत 5 जनवरी को रात करीब 12 बजे जब वह अपने घर जा रहा था तो दयोथ के पास धर्म सिंह निवासी चलैली डाकघर नोआ ने उसका रास्ता रोका व इसके साथ लड़ाई की। इस लड़ाई से उसके मुंह में चोट लगी। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि दोनों शिकायतों के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की छानबीन मुख्य आरक्षी वासुदेव द्वारा की जा रही है।

## भाषण में डोली प्रथम और आराध्या द्वितीय

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें के छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या रेखा शर्मा के संबोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत



इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को खोज प्रवृत्ति के लिए बढ़ावा देते हैं और जब वे इन कार्यक्रमों में हिस्सा लेते हैं तो उन्हें भी जीवन में कुछ कर को गुजरने की इच्छा होती है। प्रतियोगिता का विषय विभिन्न वैज्ञानिकों व गणितज्ञों की उपलब्धियों के बारे में बच्चों को अवगत कराना था। छठी से आठवीं तक के विद्यार्थियों में डोली प्रथम, आराध्या द्वितीय और आरुषि तृतीय स्थान पर रहे। नवमी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों में इशिता धीमान प्रथम, अंकिता और रिशिता द्वितीय तथा पलक शर्मा और नयन तृतीय स्थान पर रहे ।

## एचएमपीवी व कोविड-19 में कई समानताएं : डॉ. परविंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) की देश में दस्तक के बाद जिला में भी स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रविंद्र ने बताया कि एचएमपीवी और कोविड-19 में कई समानताएं हैं। दोनों ही वायरस खांसी, बुखार, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्या पैदा करते हैं । जिन मरीजों में इस तरह की समस्याएं दिखेगी, उनकी रिपोर्ट चिकित्सक जिला स्वास्थ्य विभाग को भेजेंगे। जिस इलाके में इस तरह की समस्याओं वाले मरीज ज्यादा मिलते हैं, उस इलाके पर स्वास्थ्य विभाग पूरी निगरानी रखेगा तथा विभाग संबंधित मरीज को अपनी निगरानी में रखेगा। इसके अतिरिक्त विभाग संबंधित क्षेत्र पर भी पूरी निगरानी रखेगा। हालांकि जिला में अभी तक ऐसा कोई मामला नहीं है। बावजूद इसके विभाग ने इससे निपटने की तैयारियां पूरी कर ली हैं। वहीं, डॉ. प्रविंद्र ने कहा कि जिला में प्रदेश अधिकारियों के निर्देशानुसार सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यदि किसी में ऐसे गंभीर लक्षण पाए जाते हैं, तो उसका सैंपल लेकर टैस्ट के लिए आईजीएमसी शिमला व मेडिकल कालेज नेरचौक भेजा जाएगा। संबंधित वायरस की आरटीपीसीआर का टैस्ट ही होगा।

# खाद्य आपूर्ति विभाग की घुमारवीं में कार्रवाई, आठ घरेलू सिलेंडर जब्त

### घुमारवीं शहर के 6 कारोबारियों पर गिरी गाज, टीम ने किया निरीक्षण

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

जिला बिलासपुर खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा घुमारवीं उपमंडल के तहत नगर परिषद घुमारवीं में पूरे शहर में बुधवार को घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक इस्तेमाल करने वालों पर कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के तहत शहर के 6 कारोबारियों पर गाज गिरी है। जिसमें इन दुकानदारों से आठ घरेलू सिलेंडर भी जब्त किए गए।



बताते चले कि घुमारवीं शहर में रेहडी फड़ी तथा ढाबे व होटल चलाने वालों द्वारा दुकानों पर लगातार घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था। जिसके तहत बुधवार को घरेलू गैस सिलेंडरों का दुरुपयोग रोकने के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग खाद्य आपूर्ति अधिकारी पंकज शर्मा तथा खाद्य निरीक्षक विनोद कपिल तथा अमित कुमार की टीम घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का दुरुपयोग रोकने के लिए एक्शन मोड में नजर आई। इस कार्रवाई के तहत अधिकारियों द्वारा बस स्टैंड के आसपास,गांधी चौक, तहसील रोड, बस स्टैंड रोड सहित कई अन्य स्थानों पर खाद्य पदार्थ बेचने वाले कई होटल ढाबों तथा रेहडी-फड़ी वालों पर छापे मारे।

इस छापेमारी की खबर सुनते ही शहर के सभी दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इसके बाद कई होटल ढाबा व रेहडी-फड़ी वालों ने घरेलू गैस सिलेंडर छुपाने का भी प्रयास किया, जबकि कई दुकानदार व्यावसायिक सिलेंडरों को एजेंसी से भरे जाने का प्रमाण पत्र तक नहीं दिखा पाए तथा कई प्रतिष्ठानों में भरे हुए घरेलू सिलेंडर रखे मिले। जिन्हें विभाग द्वारा अपने कब्जे में ले लिया गया।

बता दें कि पिछले काफी समय से घुमारवीं तथा आसपास के क्षेत्र में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडर का धड़ल्ले से उपयोग हो रहा था, जबकि पिछले कई महीनों से घुमारवीं तथा आसपास के क्षेत्र में गैस की किल्लत के कारण लोगों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा था। कुछ दुकानदार घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर नियमों को ठेंगा दिखा रहे थे। इस कार्रवाई के दौरान अधिकारियों द्वारा स्थानीय दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग तथा बेचने पर चेतावनी भी दी गयी। साथ ही भविष्य में ऐसा न करने की हिदायत भी दी। (अनंत ज्ञान)

> विभाग द्वारा बुधवार को घुमारवीं में घरेलू गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की गई है। जिसके तहत कुछ दुकानदारों से 8 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई पूरे जिले में लगातार जारी रहेगी तथा इसमें किसी भी प्रकार से सम्मिलित पाए जाने वाले दुकानदारों को बक्सा नहीं जाएगा।
> -पंकज शर्मा (खाद्य आपूर्ति अधिकारी, बिलासपुर)

# आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रहे हैं देवली के सुरेश कुमार



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

देवली गांव के प्रेम लाल के पुत्र सुरेश कुमार और उनकी पत्नी वीना देवी ने आत्मनिर्भरता की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। सुरेश हर मौसम के अनुसार अपनी फसलें बेचकर हर महीने बीस से तीस हजार रुपए तक की कमाई करते हैं।

वह बताते हैं कि इस वक्त वे प्याज के पौधों की पनीरी बैरी, घागस, बरमाणा चौक पर बेच रहे हैं। जिसे उन्होंने अक्तूबर-नवंबर में बोया था। उनकी मेहनत और निरंतरता का परिणाम यह है कि वे अपने सात सदस्यीय परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं और बच्चों को भी अच्छी शिक्षा दे रहे हैं। सुरेश का कहना है कि वह हर सीजन में कोई न कोई चीज बेचते हैं और इसके लिए हर महीने अपनी योजना बनाते हैं। आगामी महीनों में वह गन्ने का रस, मक्की के भुट्टे, खीरे, भिंडी, लौकी, प्याज, लहसुन जैसी मौसमी सब्जियां उगाकर बेचने की योजना बना रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि अगर सरकार या किसी विभाग से प्रशिक्षण और मदद मिलती है, तो वे अपनी कमाई को और बढ़ा सकते हैं। वह नौकरी की लालसा छोड़कर, अपने परिवार के सहयोग से आत्मनिर्भर बने हैं। उनका मानना है कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत जरूरी है, चाहे वह नौकरी हो या व्यापार।

सुरेश ने युवा पीढ़ी से अपील की है कि वे पैसे कमाने के लिए शॉर्टकट अपनाने के बजाय मेहनत और ईमानदारी से काम करें। उन्होंने कहा कि आजकल कई युवा नशे की लत में पड़कर अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं। उन्होंने यह साझा किया कि युवा नौकरी की तलाश छोड़कर आत्मनिर्भर बनने का फैसला लें, जिसमें कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है।

# झंडूता में टैक्स न देने पर गाड़ी सीज

**गोपाल कपिल, झंडूता**

नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ बिलासपुर आरटीओ राजेश कौशल द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। प्रतिदिन जिला के विभिन्न स्थानों पर नाका लगाकार वाहनों की चैकिंग की जा रही है और जो वाहन चालक के दस्तावेज पूरे न हो या फिर नियमों की पालना नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में बुधवार को झंडूता उपमंडल के सुन्हाणी क्षेत्र में आरटीओ राजेश कौशल ने नाका लगाया हुआ था, ऐसे में उन्होंने एक जीप को चैंकिंग के लिए रोका। ऐसे में जब जीप चालक से दस्तावेज मांगें और जांच की गई तो गाड़ी के पूरे कागज नहीं थे और उक्त चालक काफी समय से टैक्स भी अदा नहीं कर रहा था। जिसके बाद तुरंत मौके पर ही जीप को सीज कर लिया गया और सख्त कार्रवाई की गई।



**गाड़ी के कागज और टैक्स न देने की एवज में हुई कार्रवाई**

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश कौशल ने बताया कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कुछ ऑपरेटर नियमों की अनदेखी कर रहे थे, जिसके कारण यह अभियान शुरू किया गया। विभाग का मानना है कि इस कदम से यातायात व्यवस्था को सुधारने और सरकारी राजस्व बढ़ाने में मदद मिलेगी।

आरटीओ ने कहा कि यह अभियान निरंतर चलाया जाएगा और टैक्स चोरी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुन्हाणी के पास एक गाड़ी को रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने गाड़ी नहीं रोकी और तेजी से विजयपुर की ओर भगाई और सड़क खत्म होने पर रुका।

# प्रदेश सरकार का गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर: धर्माणी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश सरकार के नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने बुधवार को बिलासपुर के आरआर मेमोरियल पब्लिक स्कूल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि भाग लिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। राज्य सरकार ने अपने बजट का 20 प्रतिशत शिक्षा क्षेत्र पर खर्च करने का प्रावधान किया है। इसका उद्देश्य बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, ताकि वे अपने जीवन में उच्च लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि यह निवेश न केवल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहायक होगा, बल्कि प्रदेश के समग्र विकास की नींव भी रखेगा। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कृतसंकल्प है कि प्रदेश के प्रत्येक बच्चे को शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर मिले।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का खेल, कला, संगीत, और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेना उनके समग्र विकास के लिए आवश्यक है। समारोह के दौरान होनहार छात्रों को पुरस्कृत किया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें लोक नृत्य, नाटक और संगीत प्रमुख आकर्षण रहे। एमडी मनोज गौतम और शमी गौतम ने मंत्री धर्माणी का स्वागत किया। प्रधानाचार्य कुसुम मौदगिल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# विधायक त्रिलोक जम्वाल को जन्मदिवस पर दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में बुधवार को दिन भर चहल-पहल रही। मौका था सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल के जन्मदिन का। उन्हें बधाई देने के लिए दिन भर कार्यकर्ताओं और समर्थकों का तांता लगा रहा। कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर उन्होंने जन्मदिन की खुशियां उनके साथ सांझा की। केक के साथ मिठाइयां खिलाकर उन्होंने कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा करवाया। कार्यकर्ताओं ने उनकी दीर्घायु व अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता केक और मिठाइयां लेकर उन्हें बधाई देने पहुंचे। त्रिलोक जमवाल ने उनके साथ केक काटकर उनका मुंह मीठा करवाया।



# छात्रा सुनैना का किया भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की छात्रा सुनैना का राष्ट्रीय बाल विज्ञान सम्मेलन में भाग लेकर लौटने पर विद्यालय में भव्य स्वागत गया।

सुनैना ने हिमाचल प्रदेश से चुने गए अन्य 15 बाल वैज्ञानिकों सहित प्रदेश भर का प्रतिनिधित्व करते हुए भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित 31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में देश-विदेश से आए हुए अन्य छह सौ से अधिक छात्र-छात्राओं के साथ साइंटिफिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट प्रतिस्पर्धा में भाग लिया और उत्तम प्रदर्शन किया। इस समारोह का आयोजन 3 से 6 जनवरी 2025 को भोपाल के रविंद्र भवन में हुआ। सुनैना ने अपनी इस उपलब्धि के लिए प्रधानाचार्या डॉ. पूजा शर्मा, गाइड टीचर श्रीमती वर्षा और अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह अपने आप को भाग्यशाली मानती है कि उन सभी के सहयोग और मार्गदर्शन से ही वह यहां तक पहुंच पाई।



# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के ट्रॉमा हाल में हुई जिला स्तरीय मासिक बैठक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला बिलासपुर के ट्रॉमा हाल में जिला स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परविंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस मासिक बैठक में डॉक्टर परविंद्र सिंह ने ब्लॉक मारकंड, घुमारवीं, श्री नैना देवी जी तथा झंडुता की एचएमआईएस रिपोर्ट तथा अन्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे सभी प्रोग्राम का रिव्यू किया गया।

गर्भवती माता का पंजीकरण तथा बच्चों का टीकाकरण जिसमें बीसीजी ओरल पोलियो, हेपेटाइटिस बी, पैंटा थर्ड, एमआर और डीपीटी की बूस्टर डोज का रिव्यू किया गया तथा इनकी प्रोग्रेस रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों तथा कर्मचारियों को कमियों को दूर करने और साथ ही प्रोग्रेस में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

मीटिंग में आरसीएच पोर्टल तथा आरकेएसके की प्रोग्रेस रिपोर्ट पर भी मूल्यांकन किया गया। गैर-संचारी रोगों के लिए एनपी-एनसीपी की सेवाओं का जिला स्तर पर विश्लेषण किया गया तथा पाई गई कमियों को दूर करने के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए। डॉक्टर एकता ने पीएमएसएमए की रिपोर्ट पर भी अपने सुझाव दिए गए ताकि हर गर्भवती मां को स्वास्थ्य सेवाएं तथा सही समय पर हाई रिस्क का पता चल पाए तथा इसका प्रबंधन भी समय रहते किया जा सके। सभी ब्लॉक में आए हुए फंड्स के बारे में भी खर्च किए जाने के बारे में चर्चा की।

बिलासपुर ने क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिन की कैंपेन पर भी संबंधित अधिकारियों को सपोर्टिव सुपरविजन के साथ इस कार्यक्रम को सफल करने के आदेश दिए गए। इस मासिक बैठक में जिला बिलासपुर के सभी ब्लॉक के खंड चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, हेल्थ एजुकेटर, हेल्थ सुपरवाइजर, ब्लॉक अकाउंटेंट जिला बिलासपुर के हेल्थ सुपरवाइजर तथा संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केंद्र के सहयोग से झंडूता विधानसभा क्षेत्र भी विकास से अछूता नहीं

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में देश विकास की नई गाथाएं लिख रहा है। केंद्र सरकार के सहयोग से झंडूता विधानसभा क्षेत्र भी विकास से अछूता नहीं है।

प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की राह पर आगे बढ़ने के कई उदाहरण इस विधानसभा क्षेत्र में भी देखे जा सकते हैं। पनौल-झंडूता-जेजवीं मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड पर बन रहा 388 मीटर लंबा नंद-नगरांव पुल इनमें से एक है। यह स्टील सस्पेंशन ब्रिज तकनीकी कौशल का अद्भुत व बेजोड़ नजारा है। निर्माणाधीन नंद-नगरांव पुल का निरीक्षण करने पहुंचे जीतराम कटवाल ने कहा कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के साथ ही पिछड़ा कहे जाने वाले कोटधार क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना उनकी प्राथमिकता रही है। गोबिंदसागर पर निर्मित बागछाल पुल के साथ ही नंद-नगरांव पुल के निर्माण में भी केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार का बहुत बड़ा योगदान है। भाजपा कार्यकाल में उन्होंने इस पुल के निर्माण के लिए



लगभग 60 करोड़ रुपए का बजट मुहैया करवाया था। इसमें लगभग 150 मीटर कंक्रीट स्लैब बिछाने का काम पूरा हो चुका है। इस पुल के निर्माण से कोटधार से झंडूता की दूरी करीब 15 किलोमीटर कम हो जाएगी। इतना ही नहीं, चंडीगढ़ जाने के लिए हमीरपुर और कांगड़ा के लोगों के लिए भी फासला करीब 60 किलोमीटर कम हो जाएगा। यह पुल जल्द ही जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

बाद में जीतराम कटवाल ने रोहल पंचायत के भदोल गांव में निर्माणाधीन तालाब के सौंदर्यीकरण के काम का निरीक्षण भी किया। इसके लिए उन्होंने अपनी निधि से बजट मुहैया करवाया है। उन्होंने निर्देश दिए कि सही ढंग से सौंदर्यीकरण करने के साथ ही इस कार्य में गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए। उन्होंने झंडूता, सनीहरा, नघ्यार और घराण पंचायत का दौरा भी किया। इस दौरान स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात करके उन्होंने उनकी समस्याएं जानीं।

# औहर में 10 को लगेगा विशाल रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मेधावी स्किल यूनिवर्सिटी द्वारा 10 जनवरी 2025 को औहर, बिलासपुर के औहर टूरिज्म कॉम्प्लेक्स में एक बड़े रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन स्थानीय युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। यह जानकारी तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी ने दी। इस रोजगार मेले में 15 से ज्यादा प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और अपने-अपने क्षेत्रों में भर्तियां करेंगी। इन कंपनियों में फार्मा फोर्स लैब्स, मेडिफोर्स हेल्थकेयर, श्री ओम ऑर्गेनिक्स, मंजुश्री, जुपिटर्स, ज़ेप्टो, ओम लॉजिस्टिक्स, न्यू स्वर्ण टेक्नोलॉजीज, हॉलीडे इन, सनॉक्स, सारा टेक्सटाइल्स, न्यूमैक्स स्किल्स, अकाल एंटरप्राइजेज और एरियल टेलीकॉम जैसी नामी कंपनियां शामिल हैं। ये कंपनियां एफएमसीजी, फार्मा, निर्माण, सुरक्षा सेवाएं, लॉजिस्टिक्स, आईटीईएस, और स्टाफिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भर्तियां करेंगी।


**गुस्सा** | पत्थरनुमा क्लिंकर की ढुलाई से गाड़ियों को हो रहा भारी नुकसान: राकेश

# सीमेंट नगरी बरमाणा में ट्रांसपोर्टरों का विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिले की सीमेंट नगरी बरमाणा में स्थित एशिया की सबसे बड़ी ट्रक ऑपरेटर परिवहन सहकारी सभा बीडीटीएस के ट्रांसपोर्टर क्लिंकर ढुलाई के दौरान गाड़ियों को हो रहे भारी नुकसान को लेकर भड़क गए हैं। समस्या तब उत्पन्न होती है जब क्लिंकर के भारी-भरकम ढेले मशीनों के द्वारा ट्रकों में लोड किए जाते हैं, जिससे ट्रकों की पूरी बॉडी ढिलक जाती है। इसके परिणामस्वरूप गाड़ियों के बत्ते और घोड़ी टूट रहे हैं और गाड़ी की स्थिति अस्त-व्यस्त हो रही है।

इसके अलावा, लोडिंग और अनलोडिंग के दौरान समय की भी भारी बर्बादी हो रही है। लोडिंग में दो-दो दिन लग रहे हैं, वहीं अनलोडिंग के दौरान भी समय की खपत हो रही है, जिससे ट्रांसपोर्टरों को अतिरिक्त



आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह समस्या तब और गंभीर हो जाती है जब सीमेंट की ढुलाई के चक्कर पहले ही कम हो गए हैं और आर्थिक मंदी के कारण गाड़ियों की किस्ते भरना भी ट्रांसपोर्टरों के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुका है। यही नहीं यह मैनजमेंट पिछले दो साल की सालाना बढ़ोतरी करवाने में भी असमर्थ साबित हुई है और न ही इन्होंने अब तक इस मसले पर कोई चर्चा की है।

ट्रांसपोटरों ने बताया कि इन दिनों, ट्रांसपोर्टर बरमाणा सीमेंट उद्योग से क्लिंकर की ढुलाई रोपड़, जिओ नालागढ़ और अन्य डंपिंग स्थानों पर कर रहे हैं। यहां जैक द्वारा ट्रकों को खाली किया जाता है, लेकिन क्लिंकर का आधा हिस्सा ट्रक के अंदर ही जम जाता है। जिसे ट्रक चालकों को खुद ही साफ करना पड़ता है। इससे समय का और नुकसान हो रहा है।

माइनिंग से आ रहे क्लिंकर को गोदाम में कई दिनों से जमा किया गया है और इस कारण क्लिंकर जमकर भारी ढेले में बदल जाता है जो वाहनों को और अधिक नुकसान पहुंचाता है। इस बैठक में बीडीटीएस प्रबंधन के महासचिव प्रदीप ठाकुर, ध्यान सिंह ठाकुर, बालकराम कपिल, सुभाष कपलस और नीलम चंदेल शामिल थे।

### क्या कहते हैं बीडीटीएस के प्रधान

**वहीं,** पूर्व बीडीटीएस के प्रधान राकेश ठाकुर ने इस मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जमे हुए क्लिंकर से गाड़ियों को भारी नुकसान हो रहा है। इस नुकसान की भरपाई बीडीटीएस प्रबंधन और एसीसी अडानी प्रबंधन को करनी होगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बीडीटीएस प्रबंधन के प्रधान जीत राम गौतम से इस मसले पर कोई समाधान नहीं निकला है और क्लिंकर की ढुलाई करने को जबरदस्ती की जा रही है जिसे ट्रांसपोर्टर स्वीकार नहीं करेंगे। उधर, वर्तमान प्रधान जीत राम गौतम ने कहा कि हर समस्या के समाधान की दिशा में वर्तमान कार्यकारिणी के सकारात्मक प्रयास हो रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर एसीसी अडानी प्रबंधन से लंबी बैठक हुई थी और जल्द ही इसका समाधान किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### कसमल मामले में विजिलेंस ने शुरू की जांच



**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले के वन परिक्षेत्र मसरूंड में अवैध रूप से उखाड़ी जा रही कसमल की जांच शुरू हो गई है। बुधवार को विजिलेंस विभाग चंबा की टीम ने निरीक्षक अश्विनी कुमार की अगुवाई में क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान जगह-जगह भारी मात्रा में कसमल के ढेर पाए गए। कुछ स्थानों पर मजदूरों द्वारा उखाड़ी गई कसमल की जड़ों को गाड़ियों में भरा जा रहा था। मौके पर मौजूद कामगारों से पूछताछ की गई। हालांकि कसमल की खरीद-फरोख्त का अब तक कोई रिकॉर्ड नहीं मिल पाया है। यह कशमल निजी भूमि से निकाल कर ठेकेदार को बेची गई है या या वन भूमि से उखाड़ी गई है, इसको लेकर भी पूछताछ चल रही है। बता दें कि स्थानीय लोगों ने वन विभाग की मसरूंड रेंज में कसमल के अवैध कारोबार की विजिलेंस में शिकायत की थी। ग्रामीणों का आरोप है कि वन भूमि से धड़ल्ले से कसमल उखाड़ी जा रही है, लेकिन विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। शिकायत के आधार पर विजिलेंस की टीम ने क्षेत्र में दबिश दी और जांच शुरू की।

### हरिपुर में जागरूकता शिविर का आयोजन



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** नगर एवं ग्राम योजना कार्यालय चंबा के सौजन्य से सहायक योजनाकार निर्मल सिंह कंग की अध्यक्षता में बुधवार को नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम के तहत हरिपुर ग्राम पंचायत में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जागरूकता शिविर में चंबा तहसील के तहत राजनगर, कियाणी, राजपुरा, हरिपुर, सरोल, मंगला, ककियां, करियां, सुल्तानपुर, साच, सुरें, उदयपुर, सरू तथा भनौता मुहाल के पंचायती राज प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। निर्मल सिंह कंग ने इस दौरान नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि विभाग का मुख्य उद्देश्य सुनियोजित विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने साथ में आवासीय, वाणिज्य सार्वजनिक एवम अर्ध सार्वजनिक और औद्योगिक भू-उपयोग से संबधित सेट बेक, फ्लोर एरिया रेशो, बिल्डिंग की ऊंचाई, पहाड़ कि कटाई, अवैध निर्माण न करना तथा भू-विभाजन के बारें में विस्तार से जानकारी प्रदान करने सहित नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की भी जानकारी प्रदान की। इस दौरान कार्यालय के कनिष्ठ अभियंता कुशल सिंह, तेज सिंह, धर्मेंद्र कुमार, कनिष्ठ प्रारूपकार दीपांशु शर्मा, कनिष्ठ धरमेंदर सिंह सहित विभिन्न पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मतदाताओं को डाक से भेजे पहचान पत्र

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 02-भरमौर निर्वाचन क्षेत्र में जिन व्यक्तियों ने नए मतदाता पहचान पत्र बनवाए हैं, उनके पहचान पत्र उपमंडलीय चुनाव कार्यालय भरमौर द्वारा डाक विभाग के माध्यम से संबंधित मतदाताओं को भेज दिए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी मतदाता को उनका मतदाता पहचान पत्र डाकघर से प्राप्त नहीं हुआ है, तो वे उपमंडलीय निर्वाचन कार्यालय भरमौर के दूरभाष नंबर 01895-225201 पर संपर्क कर सकते हैं।

### बाइक पर स्टंटबाजी करना पड़ा महंगा

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला परागपुर के बाहर एक युवा को बाइक पर स्टंटबाजी करना महंगा पड़ गया। वह बाइक से गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गया। जख्मी युवक को लोग अस्पताल ले गए। युवक की नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे टांडा अस्पताल रेफर कर दिया है।

# राजेंद्र मल्होत्रा को इंसाफ दिलाने को लोगों ने निकाला कैंडल मार्च

## सुभाष चौक पर एक मिनट का मौन रख मृतक की आत्मा की शांति के लिए मांगी दुआ

**मुकेश कुमार, डलहौजी**




बनीखेत के एक निजी होटल में हुए हत्याकांड में मारे गए राजेंद्र मल्होत्रा को इंसाफ दिलाने को लेकर बुधवार को शिव शक्ति युद्ध क्लब डलहौजी, होटल एसोसिएशन डलहौजी, व्यापार मंडल डलहौजी तथा स्थानीय लोगों ने मिलकर कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च डलहौजी गांधी चौक से होता हुआ सुभाष चौक पहुंचा। कैंडल मार्च के शुरू करने से पहले गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया। तत्पश्चात राजेंद्र मल्होत्रा की आत्मा की शांति के लिए बड़ी ही सादगी से मार्च पास गरम सड़क होता हुआ सुभाष चौक पहुंचा, जहां सभी लोगों ने 1 मिनट का मौन रखा। सुभाष चौक में मरहूम राजेंद्र मल्होत्रा के बच्चों ने अपने पिता के की मौत के लिए इंसाफ की मांग करते हुए लोगों से सहयोग की अपील की। आयोजन में डलहौजी के पूर्व अध्यक्ष मनोज चड्ढा ने बताया कि होटल एसोसिएशन डलहौजी राजेंद्र मल्होत्रा के परिवार के लिए आर्थिक रूप से भी मदद कर रहा है तो वहीं उन्होंने पुलिस प्रशासन सीआईडी तथा स्थानीय प्रशासन से भी इस मामले को लेकर सहयोग की कामना की। इस आयोजन में आए हुए व्यापार मंडल के प्रधान राकेश चोभीयाल ने हत्याकांड के शिकार राजेंद्र मल्होत्रा के परिवार से सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि जब तक पीड़ित परिवारों को इंसाफ नहीं मिल जाता तब तक समस्त क्षेत्र के व्यापारी भाई कंधे से कंधा मिलाकर इन दोनों परिवारों के साथ खड़े हैं।

वहीं, आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष शरीर ने भी जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने केंद्र सरकार के समक्ष इस सारे मामले की सीबीआई जांच की मांग तथा दोनों परिवारों को आर्थिक रूप से मदद की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ऐसे हो रहे गुनाहों को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी और अगर इस पर कोई उचित कार्रवाई नहीं होती है तो आम आदमी पार्टी आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

वहीं, ग्राम पंचायत बगढार में भी राजेंद्र मल्होत्रा को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें स्थानीय लोगों के अलावा क्षेत्र की आसपास की पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि तथा सीपी कल्याण सभा चंबा के सदस्य, सनातन धर्म रक्षा मंच के सदस्य, स्थानीय व्यापार मंडल के लोग मौजूद रहे। यह कैंडल मार्च बड़े ही शांतिपूर्ण ढंग से राजेंद्र मल्होत्रा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए निकाला गया। मृतक की आत्मा की शांति के लिए 1 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। (अनंत ज्ञान)

## बकलोह में धूमधाम से मनाई गुरु गोरखनाथ मंदिर की 103वीं वर्षगांठ



**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

बकलोह के प्राचीन गुरु गोरखनाथ मंदिर में बुधवार को मंदिर की 103वीं वर्षगांठ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष कमल थापा की अगुवाई में मनाई गई। सुबह सबसे पहले होम प्रसाद शर्मा के द्वार मंदिर कमेटी के अध्यक्ष कमल थापा की अगुवाई में बाबा की मूर्ति को लेकर गंगा जल से नहलाने के बाद नया वस्त्र धारण किया गया और मंदिर परिसर पर ध्वजारोहण किया गया। उसके पश्चात सभी मंदिर कमेटी के सदस्यों के द्वारा हवन-पूजन किया गया और ठीक 12 बजे बाबा गुरु गोरखनाथ को रोट का भोग लगाया गया। उसके बाद बाबा की आरती उतारी गई। आरती उतारने के बाद मंदिर कमेटी के अध्यक्ष कमल थापा के द्वारा कंजक पूजन किया गया। कंजक पूजन के बाद स्थानीय महिलाओं के द्वारा मंदिर परिसर पर भजन-कीर्तन किया गया और उसके बाद सभी लोगों को प्रसाद वितरण के बाद विशाल लंगर का भी आयोजन किया गया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष कमल थापा, कैप्टन किशन गुरुंग, कैप्टन पूरन सिंह थापा, कैप्टन सागर गुरुंग, कैप्टन नारायण सिंह गुरुंग और मुख्य रूप से वरिष्ठ नागरिक रूप सिंह गुरुंग के अलावा सभी गणमान्य लोग मौजूद थे। इस मंदिर का निर्माण सेकंड फॉर गोरखा राइफल के यूनिट के द्वारा 8 जनवरी, 1923 को चिलामा के हेलिपैड ग्राउंड के नीचे बाबा जी मंदिर का स्थापना किया गया था। (अनंत ज्ञान)

## सीएचसी चूड़ी में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने के लिए डीसी को सौंपा ज्ञापन

**ओपी शर्मा, चंबा**



ग्राम सुधार सभा चूड़ी ने बुधवार को उपायुक्त चंबा के माध्यम से चमेरा चरण तीन धरवाला की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी में अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी के अंतर्गत क्षेत्र की लगभग तीन दर्जन से अधिक पंचायतों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाई जाना बहुत जरूरी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी उपतहसील धरवाला की 24 पंचायतों का एक मात्र हॉस्पिटल है जहां इन सभी पंचायतों के लोग अपना इलाज करवाने आते है और लोगों को यहां अल्ट्रासाउंड सुविधा नहीं मिलती है। इसके लिए मरीजों को मजबूरन 30 से 40 किलोमीटर दूर चंबा जाना पड़ता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी में विभाग द्वारा हर महीने गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य कैंप लगाए जाते है, जिसमे गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए मजबूरन चंबा जाना पड़ता है और वहां उनको अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए लंबी तारीखे दी जाती हैं। ग्राम सुधार सभा चूड़ी धरवाला के प्रतिनिधियों का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी परियोजना प्रभावित पंचायत में आता है। बाबजूद इसके चमेरा चरण तीन ने कोई भी सहयोग नहीं किया है। ग्राम सुधार सभा के अध्यक्ष संजय राजपूत का कहना है कि उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी में अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाने के प्रस्ताव को जल्द ही चमेरा चरण तीन धरवाला के महाप्रबंधक (प्रभारी ) को भेज दिया जाएगा। वहीं, महाप्रबंधक चमेरा चरण तीन धरवाला अनिल कुमार ने बताया कि जैसे ही जिला उपायुक्त के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड लगवाने का प्रस्ताव आएगा, तो इस मांग को जरूर पूरा किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## पीएम आवास योजना के तहत 20 हजार से अधिक लोगों को उपलब्ध करवाए आवास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



मुकेश रेपसवाल
उपायुक्त, चंबा।

प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जिला चंबा में अब तक 20 हजार से अधिक लोगों को आवास उपलब्ध करवाए गए हैं। यही नहीं शेष पात्र परिवारों को वर्ष 2029 तक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास उपलब्ध करवाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे पूरा करने के लिए एक नया सर्वेक्षण शुरू किया गया है यह जानकारी उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत खास तौर पर ऐसे परिवार जो बेघर हैं या जिनके पास कच्चे या जर्जर मकान हैं, उन्हें आवास उपलब्ध करवाने के लिए विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। उपायुक्त चंबा ने बताया कि यह सर्वेक्षण तकनीकी तरीकों से किया जा रहा है, जिसमें मोबाइल ऐप और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग हो रहा है, जिसे पेपरलेस सर्वे भी कहा जाता है इसके लिए पंचायत बार सर्वेक्षक का चयन होने के उपरांत उस सर्वेक्षक का चेहरा प्रमाणीकरन (इकेवाईसी) एक मोबाइल ऐप के माध्यम से की गयी हैं सर्वेक्षण के लिए जिला चंबा की समस्त पंचायतों में सभी प्रकार की औपचारिकतायें पूर्ण कर ली गई हैं तथा यह सर्वे 308 सर्वेक्षकों द्वारा किया जाएगा। प्रत्येक पंचायत से संबंधित सर्वेयर की जानकारी सभी विकास खंडों में उपलब्ध रहेगी। उपायुक्त चंबा ने बताया कि ऐसे परिवार जिनके पास तिपयिया/ चौपयिया वाहन हो, 50 हजार या उससे अधिक का किसान क्रेडिट कार्ड हो, जिसके घर का कोई सदस्य सरकारी नौकरी में हो, जिसके घर का कोई भी सदस्य महीने में 15000 से अधिक आजीविका अर्जित करता हो, ऐसा परिवार जिसके पास ढाई एकड़ या उससे अधिक सिंचित भूमि या 5 एकड़ से ज्यादा असिंचित भूमि हो, कृषि का तिपयिया या चौपहिया यंत्र,आयकर दाता, उद्यम आयकर दाता तथा सरकार के पास पंजीकृत गैर कृषक उद्यमी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए पात्र नहीं होंगे। उपायुक्त चंबा ने सभी जिलावासियों से अपील की है कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से संबंधित इस सर्वेक्षण के बारे में अधिक से अधिक पात्र लोगों को जागरूक करें तथा यह सुनिश्चित करें कि हर योग्य परिवार इसका लाभ उठा सके।

## प्रश्नोत्तरी में न्यूटन टीम प्रथम व अब्दुल कलाम द्वितीय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रघुनाथपुरा में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान (आरएए) के अंतर्गत गणित और विज्ञान विषयों पर आधारित 7 जनवरी 2025 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित और विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना, उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहन देना और नवाचार को बढ़ावा देना था।

विद्यालय में पहले से ही गणित व विज्ञान के क्लब सक्रिय हैं, जो समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करते हैं। इसी कड़ी में बुधवार को आयोजित विज्ञान और गणित की प्रश्नोत्तरी में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विज्ञान के विषय की प्रश्नोत्तरी में टीम न्यूटन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें टीम के सदस्य कक्षा 10वीं की छात्रा कंचन बाला और कक्षा 9वीं की छात्रा नव्या प्रथम रही। इसी प्रकार द्वितीय स्थान टीम अब्दुल कलाम को मिला, जिसके सदस्य कक्षा 10वीं की छात्रा दिव्या, और कक्षा 9 वीं की छात्रा इशिका द्वितीय रही व तृतीय स्थान टीम जगदीश चंद्र बसु को मिला, जिसके सदस्य कक्षा 10वीं की छात्रा सृष्टि और कक्षा 9वीं के अभिषेक छात्र रहे।

गणित विषय की प्रश्नोत्तरी में टीम आर्यभट्ट ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम के सदस्य कक्षा 10वीं के अरुण और कक्षा 9वीं के राहुल थे। द्वितीय स्थान टीम पाइथागोरस को मिला, जिसके सदस्य कक्षा 10वीं के अमन और कक्षा 9वीं के सृष्टि थे। तृतीय स्थान टीम रामानुजन को मिला, जिसके सदस्य कक्षा 10वीं के स्मृति और कक्षा 9वीं के गौरव थे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार कैंथ ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाने और उनके विषय ज्ञान को मजबूत करने में सहायक होती हैं। उन्होंने विजेता और प्रतिभागी सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

यह आयोजन शिक्षकों और छात्रों के सामूहिक प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी ने इसे एक प्रेरणादायक अनुभव के रूप में सराहा।

## गणतंत्र दिवस पर मंडी के दो प्रधान होंगे विशेष अतिथि

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

स्वच्छता और विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मंडी जिले की चौंतड़ा ब्लॉक की उटपुर और ढेलू पंचायतों के प्रधानों का चयन गणतंत्र दिवस परेड में विशेष अतिथि के रूप में किया गया है।

उटपुर पंचायत के प्रधान संजय कुमार और ढेलू पंचायत की प्रधान सपना 25 जनवरी को दिल्ली रवाना होंगे और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस परेड में सम्मिलित होंगे। प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने प्रदेश की पंचायतों में 11 मानदंडों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रधानों का चयन किया। मंडी जिले से भेजे गए सात नामों में से उटपुर और ढेलू पंचायतें शीर्ष पर रहीं। संजय कुमार ने अपनी पंचायत में 10 सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण और 15वें वित्त आयोग के तहत सड़कों व सामुदायिक भवनों के निर्माण को प्रमुख उपलब्धियां बताया। वहीं, सपना ने अपनी पंचायत में स्वच्छता अभियान के तहत कूड़ा प्रबंधन, शौचालय निर्माण और गलियों के पक्केकरण को प्राथमिकता दी। (अनंत ज्ञान)

### लडभड़ोल में निक्षय शिविर 15 को

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राष्ट्रीय क्षयरोग (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिन जन भागीदारी अभियान के तहत 15 जनवरी को नागरिक चिकित्सालय परिसर, लडभड़ोल में निक्षय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए खंड चिकित्साधिकारी (बीएमओ) लडभड़ोल डॉ. लाल सिंह ने प्रस्तावित निक्षय शिविर में टीबी उन्मूलन से जुड़े लाइन विभागों सहित अधिक से अधिक लोगों से भाग लेने का आह्वान किया है। उन्होंने खंड विकास अधिकारी चौंतड़ा, बाल विकास परियोजना अधिकारी चौतड़ा, राजस्व विभाग तथा कॉलेज, आईटीआई व स्कूलों के प्रधानाचार्यों से सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे 100 दिवसीय अभियान के अंतर्गत शिविर में जन भागीदारी सुनिश्चित बनाने का भी आग्रह किया है।

## भांबला स्कूल में सम्मानित किए मेधावी

**रितेश, सरकाघाट**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भांबला में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पवन ठाकुर बतौर मुख्यातिथि इस समारोह में उपस्थित हुए। सर्वप्रथम स्कूल स्टाफ व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों सहित स्कूली बच्चों व अभिभावकों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया, मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

प्रधानाचार्य दिनेश ठाकुर व स्कूल प्रबंधन समिति सहित स्टाफ के अन्य सदस्यों ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तदुपरांत प्रधानाचार्य ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा विद्यालय में चल रही शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में अभिभावकों व मेहमानों को अवगत करवाते हुए बताया कि हमारी पाठशाला में पढ़ने वाले बच्चे केवल शैक्षणिक गतिविधियों में ही नहीं अपितु खेलकूद, प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद व विज्ञान मेले सहित अन्य प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं। गत शैक्षणिक सत्र में छठी कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले क्रमश: महक, सनम राव, सूर्यांश, सातवीं कक्षा में पूनम शर्मा, सृष्टि चंदेल, नेहा देवी, आठवीं कक्षा में दीक्षा, हिमानी चौहान, बनीता शर्मा, नौवीं कक्षा में पल्लवी, काजल कुमारी, आयुष, दसवीं कक्षा में कणिका ठाकुर, महक, स्नेहा ठाकुर। 11वीं विज्ञान संकाय में आरजू ठाकुर, प्रिंस कुमार, हैप्पी ठाकुर, प्लस वन कला संकाय में इशिता शर्मा, मनीषा कौंडल आदि मेधावी बच्चों को मेरिट आधार पर पुरस्कृत किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता छात्रा (वेटलिफ्टिंग) अंडर-19 में जिला स्तर पर स्नेहा ठाकुर, सोमानिया, काजल तथा हैंडबाल में अंडर-19 में राज्य स्तर पर भाग लेने के लिए कणिका व स्नेहा ठाकुर को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा अन्य कक्षाओं के बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

मुख्याातिथि ने शिक्षा क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अपने विचार रखे। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक व विकासात्मक सुधार करने के लिए वचनबद्ध है। हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने के वर्तमान शैक्षणिक सत्र से सभी स्कूलों में पहली कक्षा से ही बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई करवाई जा रही है। समारोह में अभिभावकों के अलावा राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सहसचिव व सुनील ठाकुर, भूतपूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लशकरी राम, मस्त राम राव, अनुज गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### सूडोकु 0041 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0040 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

9 जनवरी, 2025, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत, **तिथि** दशमी (12:25): **नक्षत्र** भरणी (03:08), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** साध्य (05:29) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:07-12-49), **राहुकाल** (01:46 -03:04)।

**विशेष दिन**

- 9 जनवरी 2025: प्रवासी भारतीय दिवस आज।
- 10 जनवरी : बैकुंठ एकादशी कल

**मेष:** व्यापार से संबंधित सभी कार्यों के लिए आज का दिन शुभ है। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन होगा। आर्थिक लाभ मिल सकता है।

**वृषभ:** आज का दिन आपके लिए अनुकूलता और प्रतिकूलता का मिलाजुला स्वरूप होगा। व्यापारियों के साथ लेन-देन करने से लाभ होगा।

**मिथुन:** नकारात्मक विचारों से दूर रहें। खान-पान का ध्यान रखें। वाहन चलाते समय सावधानी बरतें। आकस्मिक धन खर्च का योग बनता है।

**कर्क:** आज आप स्वादिष्ट भोजन, अच्छे वस्त्र और विपरीत लिंगीय व्यक्तियों का साथ पाकर बेहद खुश रहेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा।

**सिंह :** व्यवसाय में धन संबंधित आयोजन करने का भी योग प्रबल है। विदेश स्थित व्यावसायिजनों से लाभ मिलेगा। आकस्मिक धन खर्च हो सकता है।

**कन्या :** आज का दिन बेहद आनंदमयी साबित होगा। आभूषणों की खरीदारी करेंगे साथ ही कला के प्रति रुझान बढ़ेगा।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान महसूस कर सकते हैं। मानहानि का योग बनता है।

**वृश्चिक:** संपत्ति संबंधित कार्यों एवं गृहस्थ जीवन के प्रश्नों का समाधान मिल जाएगा। व्यवसायीजनों के लिए आज का दिन अनुकूल है।

**धनु :** निजी संबंधियों के साथ वाद-विवाद से बचें। आरोग्य अच्छा रहेगा। आज का दिन आध्यात्मिक कार्यों के लिए बहुत अच्छा है।

**मकर :** धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में अधिक मन लगेगा। व्यवसाय और व्यापार में भी वातावरण अनुकूल रहेगा। सभी कार्य सरलता से पूर्ण होंगे।

**कुंभ :** धार्मिक और सामाजिक कार्यों के पीछे धन खर्च का प्रबल योग है। संबंधियों और मित्रों के साथ वाद-विवाद हो सकता है।

**मीन :** व्यावसायिक तथा अन्य क्षेत्रों में आज का दिन आपके लिए लाभप्रद है। विवाह संबंधी गतिविधियां तीव्र होंगी। पर्यटन पर जा सकते हैं।

### जिला परिषद की दुकान नंबर 10 और कैंटीन की होगी नीलामी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** सचिव जिला परिषद एवं जिला पंचायत अधिकारी मंडी अंचित डोगरा ने बताया है कि मंडी बस अड्डे के नजदीक जिला पंचायत भवन के धरातल में दुकान नंबर 10 तथा जिला परिषद भवन भ्यूली के धरातल में स्थापित कैंटीन को किराए पर देने के लिए 20 जनवरी को 3:30 बजे उपायुक्त कार्यालय के बैठक कक्ष में सार्वजनिक नीलामी की जाएगी। दुकान तथा कैंटीन को किराए पर लेने के इच्छुक व्यक्तियों को 17 जनवरी सायं 3 बजे तक सचिव जिला परिषद के पास 50,000 रुपए का बैंक ड्राफ्ट दुकान की और 50,000 रुपये का बैंक ड्राफ्ट कैंटीन की धरोहर राशि के रूप में जमा करवाना होगा। उन्होंने बताया कि इस बारे अधिक जानकारी उनके कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

हर्ष

### सरस्वती विद्या मंदिर मढ़ी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित

## सम्मान पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



सरस्वती विद्या मंदिर मढ़ी का 22 वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्यातिथि कर्नल केसी सकलानी, विशिष्ट अतिथि आईएस वर्मा सेवानिवृत (उपनिदेशक स्वास्थ्य) व पुनीता वर्मा रही।

इस अवसर पर स्थानीय जनता, व स्कूल स्टाफ, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। समारोह की शुरुआत वंदे मातरम एवं सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से शुरू हुई। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम व नाटक प्रस्तुत किए, बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों का दिल मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य रमेश सकलानी ने मुख्यातिथि का स्वागत शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। इस दौरान प्रधानाचार्य द्वारा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

मुख्यातिथि ने मेधावी बच्चों को मोमेंटो, मेडल, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सकलानी ने अपने संबोधन में बच्चों से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपनी रुचि रखें, क्योंकि ऐसा करने से उनका शारीरिक व मानसिक विकास होता है और आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। उन्होंने कहा कि आज का युवा कल का देश का भविष्य है परंतु हमारी युवा पीढ़ी नशे के दलदल कि गिरफ्त में आ रही है, इससे हमें दूर रहना चाहिए।

उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने के टिप्स दिए। इस अवसर पर मुख्य वक्ता जिला प्रचारक चेतन मेहता ने भी अपने विचार रखें। स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष रूप लाल ठाकुर डॉ. राजकुमार सकलानी, राकेश कुमार, बलदेव सिह, लवली कुमार, संजय कुमार व अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

### सूचना

**मैं, मान सिंह** सपुत्र श्री नारायण सिंह निवासी गांव चढ़ीधार, डाकघर गोहर, तहसील चच्योट, जिला मंडी, हि.प्र. घोषणा करता हूं कि मेरी बेटी के आधार कार्ड में मेरी बेटी की जन्म तिथि और नाम गलत दर्ज है। जबकि मेरी बेटी का सही नाम वर्षा कुमारी (Varsha Kumari) और सही जन्मतिथि 2.8.2013 है। संबंधित नोट करें।

**अगर** किसी देश में हलचल नजर आए तो समझिए कि वहां का राजा ईमानदार है।
-अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# एक साथ चुनाव की कसरत

एक देश एक चुनाव की अवधारणा को मूर्त रूप देने को लेकर केंद्र सरकार ने कसरत शुरू कर दी है। देश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ करवाने के प्रावधान वाले दो विधेयकों पर विचार करने के लिए गठित संसद की संयुक्त समिति यानी जेपीसी ने पहली बैठक बुलाकर इसका आगाज कर दिया है। बैठक में जहां भाजपा काफी उत्साहित दिखी तो वहीं, विपक्षी दलों खासकर कांग्रेस में खासी नाराजगी पाई गई। जैसे ही भाजपा ने एक साथ चुनाव करवाने की सराहना करना शुरू किया विपक्षी दलों ने इस पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। भाजपा ने एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि यह देश हित में है। भाजपा वाले इस प्रस्ताव का समर्थन इसलिए भी कर रहे हैं कि यह उनके एजेंडे में है। स्वयं पीएम मोदी पूरे देश में एक साथ चुनाव करवाने के पक्षधर हैं और वह किसी भी तरीके से देशभर में एक देश एक चुनाव का फार्मूला लागू करना चाहते हैं।

एक देश एक चुनाव का उद्देश्य देश के संसाधनों पर चुनावी बोझ तथा खर्च को कम करना है। इस विचार के पीछे मुख्य तर्क यह है कि निरंतर चुनाव का असर शासन व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर भी होता है। एक साथ चुनाव कराने से चुनावों में होने वाले खर्च में भारी कमी होगी, समय की बचत होगी और सरकारी कर्मचारियों को बार-बार चुनावी ड्यूटी से भी छुटकारा मिलेगा। हालांकि, इस विचार का विरोध भी हो रहा है, खासकर विपक्षी दल इसके विरोध में हैं। उनका मानना है कि यह विचार अलोकतांत्रिक, असंवैधानिक और असंभव है, लेकिन सरकार का मानना है कि यह विचार देश के विकास के लिए फायदेमंद होगा। एक देश एक चुनाव में कई व्यवधान हो सकते हैं। चुनाव आयोग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, जैसे कि मतदाता सूची का अद्यतन करना, चुनाव कर्मचारियों की व्यवस्था करना और चुनाव के दौरान शांति बनाए रखना। ये मसले कोई छोटे मसले नहीं हैं। इसके लिए चुनाव आयोग को बहुत लंबी चौड़ी प्लानिंग करनी होगी। वहीं, राजनीतिक दलों को अपनी तैयारी करनी होगी, जैसे कि उम्मीदवारों का चयन करना, चुनाव अभियान चलाना और मतदाताओं को आकर्षित करना। एक देश एक चुनाव से कई तरह के राजनीतिक समीकरणों के बदलने की भी संभावना है।

एक साथ चुनाव कराने से मतदाताओं को जागरूक करना होगा कि वे किस चुनाव में मतदान कर रहे हैं और किस पार्टी या उम्मीदवार को वे समर्थन दे रहे हैं। चुनाव के दौरान शांति बनाए रखना एक बड़ी चुनौती हो सकती है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां राजनीतिक तनाव अधिक होता है। एक साथ चुनाव कराने से चुनाव परिणामों की घोषणा करना एक बड़ा काम हो सकता है, खासकर जब कई राज्यों में एक साथ चुनाव हो रहे हों। एक देश-एक चुनाव के समर्थन में अलग-अलग पार्टियों के अपने तर्क हैं। देश में एक साथ करवाना कोई नई बात नहीं है। 1967 तक पूरे देश में एक साथ ही चुनाव करवाए जाते रहे हैं। अब तक अलग-अलग चुनाव होते थे, जिसकी वजह से पार्टियों को ज्यादातर चुनावी मोड में ही रहना पड़ता है। इससे सरकार का कामकाज और विकास प्रभावित होता है।

एक और तर्क खर्च का भी है। एक देश एक चुनाव करवाने के समर्थक कहते हैं कि आजकल चुनाव बहुत खर्चीले हो गए हैं और इस कदम से पैसे की बचत होगी। विरोध करने वालों के भी अपने तर्क हैं। उनकी चिंता है कि इसे संभव बनाने के लिए कई विधानसभाओं को उनके तय कार्यकाल से पहले भंग करना होगा, जो जनता की इच्छा और संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ होगा। सबसे बड़ी मुश्किल तो यह है कि इसे संभव बनाने के लिए संसद का दो-तिहाई समर्थन लेने के अलावा आधे राज्य विधानसभाओं की भी सहमति लेनी होगी। यह व्यवस्था सदन में अविश्वास प्रस्ताव लाने के प्रावधान का महत्व कम कर देगी, क्योंकि अविश्वास प्रस्ताव गिरने पर मध्यावधि चुनाव कि स्थिति बनेगी। ईवीएम की उपलब्धता और सुरक्षा इंतजाम आदि से जुड़ी चिंताएं भी हैं। खैर, जब भी कोई नई चीज लागू की जाती है तो शुरुआत में दिक्कतें तो होती ही हैं, लेकिन समय के साथ हर समस्या का समाधान भी हो जाता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि एक देश एक चुनाव देशहित में होंगे और आमजन को विकास के रूप में इसका भरपूर लाभ मिलेगा। ■

# इच्छाशक्ति ने स्टीफन को बनाया महान वैज्ञानिक

स्टीफन हॉकिंग का जन्म ऑक्सफोर्ड में फ्रैंक और इसाबेल एलेन हॉकिंग (नी वाकर; 1915-2013) के घर हुआ था। हॉकिंग की मां का जन्म ग्लासगो, स्कॉटलैंड में डॉक्टरों के परिवार में हुआ था। यॉर्कशायर के उनके अमीर पैतृक दादाजी थे और फिर 20वीं शताब्दी की शुरुआत में उनके पैतृक दादी ने परिवार को अपने घर में एक स्कूल खोलकर अपने परिवार की वित्तीय बाधाओं के बावजूद, दोनों माता-पिता ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में भाग लिया, जहां फ्रैंक ने दवा पढ़ी और इसाबेल ने दर्शनशास्त्र, राजनीति और अर्थशास्त्र पढ़ा। इसाबेल एक मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के सचिव के रूप में काम करती थी और फ्रैंक एक चिकित्सकीय शोधकर्ता। हॉकिंग की दो छोटी बहनें, फिलीपा और मैरी और भाई एडवर्ड फ्रैंक डेविड (1955-2003) था।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

जब वो 21 साल के थे तो एक दिन सीढ़ियों से उतरते समय वे बेहोश हो गए। शुरू में डॉक्टर ने इसे कमजोरी के कारण होने वाली साधारण सी बेहोशी बताया, लेकिन बार-बार ऐसा होने पर ठीक से चेकअप करवाने पर पता चला कि वह एक ऐसी बीमारी के शिकार है जो कभी ठीक नहीं हो सकती। उन्हें एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस नामक एक बीमारी है जिसमें धीरे-धीरे शरीर के सारे अंग काम करना बंद कर देते हैं और अंत में श्वास नली भी बंद हो जाती है और व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। डॉक्टर ने हॉकिंग को 2-4 साल का महमान बताया, यानी जल्द ही उनके शरीर के सारे अंग काम करना बंद कर देंगे। उसी समय हॉकिंग ने कहा कि वह 50 साल अभी और जिएंगे। इस बात पर उनके सभी दोस्तों ने उनका दिल रखने के लिए उनकी हां में हां मिला दिया, क्योंकि वो भी हॉकिंग की इच्छा शक्ति को पहचान नहीं पाए थे। पूरे संसार के वैज्ञानिक लोग उनके निधन का समाचार सुनकर शोकाग्रस्त हो गए।

सन् 1959 में वे उच्चतर अध्ययन के लिए यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑक्सफोर्ड गए। उनकी हार्दिक इच्छा गणित पढ़ने की थी, 'मैं अभी और जीना चाहता हूं' ये शब्द है वैज्ञानिक हॉकिंग के जिन्होंने अपने 70वें जन्मदिन पर यह इच्छा जाहिर की, क्या आप जानते हैं इनकी उम्र डॉक्टर्स ने ज्यादा से ज्यादा 25 साल बताई थी। दरअसल हॉकिंग बचपन से



ही बहुत तेज दिमाग के थे और अपनी बात को लोगों तक पहुंचाने में भी बहुत कामियाब थे और उस समय वह मैथ जैसे सब्जेक्ट में बहुत रुचि रखते थे। फिर बाद में उन्होंने फिजिक्स को चुना और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से पीएचडी पूरी की। हॉकिंग ने जो कहा वो कर दिखाया और उस बीमारी के साथ ही उन्होंने अपनी पीएचडी पूरी की और शादी भी की, तब तक उनके शरीर के दाहिने हिस्से ने काम करना बंद कर दिया था, लेकिन यह वो समय था जब उन्होंने विज्ञान की दुनिया में कदम रखा तो अपने शोधों से दुनिया में प्रसिद्ध होने लगे। धीरे-धीरे शरीर ने साथ देना छोड़ दिया, लेकिन दिमाग पूरी तरह से एक्टिव रहा और वो रुके नहीं।

जीवन दुर्भाग्यपूर्ण होगा यदि यह अजीब और रोचक भरा न हो तो, अगर आप हमेशा नाराज रहेंगे एवं कोसते ही रहेंगे तो किसी के पास आपके लिए टाइम नहीं होगा, मेरे जीवन का लक्ष्य बहुत ही आसाना है और यह पता लगाना है कि यह ऐसा क्यों है और यह क्यों हैं। अज्ञानता दुश्मन नहीं हैं, जबकि दुश्मन वो भ्रम हैं जो ये कहे कि आपको सब कुछ आता हैं। 1950 में, जब हॉकिंग के पिता नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल रिसर्च में पैरासिटोलॉजी के प्रमुख बने, तो उनका परिवार सेंट अल्बान, हर्टफोर्डशायर चला गए।

सेंट अल्बान में, उनके परिवार को बहुत बुद्धिमान, विलक्षण माना जाता था, उनके परिवार में अक्सर चुपचाप पुस्तक पढ़ने के साथ भोजन करते थे। वे एक बड़े, अव्यवस्थित और खराब रखरखाव वाले घर में मितव्ययी रहते थे और लंदन टैक्सीकैब में यात्रा करते थे। अफ्रीका में काम कर रहे हॉकिंग के पिता की अनुपस्थिति के दौरान, शेष परिवार ने मार्जर्का में चार महीने उनकी मां के दोस्त बेरेल और उनके पति, कवि रॉबर्ट ग्रेव्स के घर पर थे। जिस वक्त हॉकिंग का जन्म हुआ था उस वक्त दुनिया में द्वितीय विश्व युद्ध चल रहा था, उन्होंने प्राकृतिक विज्ञान (नेचुरल साइंस) नामक विषय को अपने अध्ययन के लिए चुना। इस कॉलेज से प्रथम श्रेणी में ऑनर्स की डिग्री प्राप्त करने के बाद वे कॉस्मोलौजी में शोध करने के लिए सन 1962 में कौम्ब्रिज यूनिवर्सिटी चले गए। सन 1965 में उन्होंने 'प्रसारशील ब्रह्मांड के गुण (प्रोपर्टीज ऑफ एक्सेवैडिंग युनिवर्स)' नामक विषय पर अपना शोध प्रबंध (थीसिस) यूनिवर्सिटी में जमा किया जिसके आधार पर उन्हें पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई। एमियोट्रोफिक लेटरल स्क्लेरोसिस बीमार होने के बावजूद उन्होंने अपनी पढ़ाई को पूरा किया और साल 1965 में उन्होंने अपनी पीएचडी की डिग्री हासिल की। पीएचडी में इनके थीसिस का शीर्षक 'प्रॉपर्टीज ऑफ एक्सपांडिंग यूनिवर्स' था। सन् 1985 में वे घातक रोग न्यूमोनिया से ग्रस्त हो गए, जिसके कारण उनकी बोलने की क्षमता समाप्त हो गई। जिस साल स्टीफन को अपनी बीमारी के बारे में पता चला उसी साल उनकी मुलाकात अपनी पहली पत्नी यानी जेन वाइल्ड हुई थी। हॉकिंग के इस बुरे वक्त में जेन ने उनका साथ दिया और साल 1965 में इन्होंने शादी कर ली। जेन और हॉकिंग के कुल तीन बच्चे थे और इनके नाम रॉबर्ट, लुसी और तीमुथियस है।

हॉकिंग की यह शादी 30 सालों तक चली थी और साल 1995 में जेन और हॉकिंग ने तलाक ले लिया था। तलाक लेने के बाद हॉकिंग ने ऐलेन मेसन(Elaine Mason) से विवाह कर लिया था और साल 1995 में हुई यह शादी साल 2016 तक ही चली थी। कैम्बिज से अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद भी हॉकिंग इस कॉलेज से जुड़े रहे और इन्होंने एक शोधकर्ता के रूप में यहां कार्य किया, इन्होंने साल 1972 में डीएएमटीपी में बतौर एक सहायक शोधकर्ता अपनी सेवाएं दीं और इसी दौरान इन्होंने अपनी पहली अकादमिक पुस्तक, 'द लाज स्केल स्ट्रक्चर ऑफ स्पेस-टाइम' लिखी थी। यहां पर कुछ समय तक कार्य करने के बाद साल 1974 में इन्हें रॉयल सोसायटी (फैलोशिप) में शामिल किया गया। साइंटिस्ट स्टीफन हॉकिंग ने विज्ञान क्षेत्र में काफी योगदान दिया है। स्टीफन हॉकिंग का जीवन शुरू से ही काफी कठिनाइयों से भरा हुआ था, लेकिन फिर भी उन्होंने वैज्ञानिक बनने के अपने सपने को पूरा किया और विज्ञान के क्षेत्र में अपना अनगिनत योगदान दिया, उनके योगदान के चलते कई ऐसी चीजों के बारे में खोज की गई, जिसकी कल्पना शायद ही पहले किसी ने की हो विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक स्टीफन हॉकिंग का बुधवार 14 मार्च 2018 को लंदन में निधन हो गया। वह 76 साल के थे। ब्रिटिश मूल के वैज्ञानिक हॉकिंग को ब्लैक होल और रिलेटिविटी के सिद्धांत के लिए अपने महान कार्य के लिए जाना जाता है। वह 'ए ब्रीफ हिस्ट्री ऑफ टाइम' जैसी कई लोकप्रिय किताबों के लेखक थे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# हमारा शरीर भी हमारा नहीं, तो अहंकार काहे का ?

समूचा संसार भौतिकतावाद में पूर्णतः संलिप्त है। बिन समझे एक दूसरों से आगे निकल जाने की एक अजीब सी होड़ लगी है। प्रतियोगिता महज एक नाम है। प्रतियोगिता में भी ईर्ष्या ने घिनौना रूप अख्तियार कर लिया है। अपना लाभ हो न हो पर दूसरों की उन्नति उन्हें फूटी कौड़ी भी नहीं सुहाती। यह कैसा घटिया जमाना आ गया है। जमीन, जोरु व धन के कारण हर रोज मार-कुटाई, लडाई-झगड़ा, हत्या एवं अवैध संबंधों से पवित्र रिश्तों में विखराव आ रहा है। रिश्ते टूट रहे हैं।



लेखक : वीरेंद्र शर्मा
सेवानिवृत्त प्रवक्ता, ऊना

निःसंदेह मुस्लिम समाज में प्रचलित तीन तलाक का काला कानून खत्म करने की सरकार ने अति प्रशंसनीय कार्य करने की कोशिश की है। इससे मुस्लिम औरतों का नरकमय जीवन सुखद बनने की आशा जगी है पर हमारे समाज में स्थिति बद से बदतर होती जा रही है।

बहुत ही विस्फोटक जन्य परिस्थितियां प्रतिदिन हमारे समाज की भयावह चित्र प्रस्तुत कर रहीं। समय ऐसा भयानक आ गया है कि कोई भी लड़की अपने पति से खुश नहीं और लड़के भी अपनी नव विवाहित पत्नियों से कहां संतुष्ट हैं? बेशक ये प्रेम विवाह के बंधन में बंधे हो। बस, विवाह के एक-दो महीनों के भीतर विवाह-विच्छेद की नौबत तक आ रही है। संयम का अभाव, एक-दूसरों की भावनाओं का सम्मान न करना। आपसी तालमेल की बेहद कमी देखने को मिल रही है।



दरअसल, अहं की भावना ही दोनों पक्षों के तारतम्य में आड़े आ रही है। विदेशी लिबास, विदेशी साजो-सामान, सब कुछ विदेशी। स्वदेशी जागरण की बेहद कमी है। थोड़ा ही नहीं बिलकुल समूचा ढांचा ही बिगड़ता प्रतीत हो रहा है। लालच, लोभ, अधिक धन को एकत्रित करने की भावना एवं प्रबल आकांक्षाओं के कारण समाज का वीभत्स रुप हमारी मानसिक बुद्धि को भ्रष्ट करता जा रहा है।

इन विकतियों पर शीघ्रतिशीघ्र अंकुश लगाना होगा। पुरातन छोड़कर नवीनतम का लिबास पहन लेने से समाज बदलने वाला नहीं है। चांद को पाना तो चाहते हो पर चांद पर थूंकने का क्या मतलब? मुंठी में आई रेत फिसल जाएगी। रेत के महल बना कथित स्वप्न लेने वालों ऐसे आपका उद्धार नहीं होने वाला। दूसरों को पत्थर मारने से नहीं हटे तो समझ लो इनकी परिणति क्या होगी? आपको भी पत्थर तो लगेगा ही , तो संभल जाओ।

अमीरी-गरीबी का खेल सदियों से चलता आया है। मत किसी का दिल दुखा। मत किसी की आह तूं ले प्राणी। हम लोग आध्यात्मिकता को भूल चुके हैं। भौतिक सुख-साधनों में सुख खोजने का प्रयास कर रहे हैं। धार्मिक स्थलों में भी खुशी एवं शांति प्राप्त करने का प्रयास करते हैं। भद्रजनों ! कैसे मिलेगा आपको सुख? शांति तो बहुत दूर की बात है? दरअसल, प्रत्येक इंसान इन्हीं सच्ची-झूठी बातों में ही उलझा हुआ है। ऐसे में उसकी भटकन और बढ़ती है। पैदल चलता इंसान अपनी ही मौज में अकेला चलता चला जाता है। वस्तुतः रेत के महल की भांति यह शरीर भी हमारा नहीं। हम तो इस संसार में अपना-अपना रोल अदा करने आए हैं। अपना रोल अदा कर लौट जाएंगे। इसलिए कलाकारी तो उत्कृष्ट होनी चाहिए। ये समस्त सांसारिक वस्तुओं का मोह छोड़कर वास्तविक जीवन जिएं। हमें इस बात को हमेशा जेहन में संजोए रखना है कि हम अपने भीतर तनिक भी अंहकार न करें, क्योंकि हम सभी लोग इस गृह के मालिक नहीं। हमारा शरीर भी हमारा नहीं, तो लग जाइए प्रभु सिमरन में।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिमाचल** में देहज प्रथा का चलत दिनोंदिन बढ़ रहा है। दहेज एक बहुत ही बुरी और अमानवीय प्रथा है, जिसमें विवाह के समय दुल्हन के परिवार को दूल्हे के परिवार को पैसे और सामान देने होते हैं। यह प्रथा महिलाओं के अधिकारों का उलंघन करती है और उन्हें वस्तु की तरह मानती है। देहज प्रथा के कारण कई तरह की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। देहज प्रथा महिलाओं को वस्तु की तरह मानती है और उन्हें उनके मूल्य के अनुसार बेचने की कोशिश करती है। यह प्रथा दुल्हन के परिवार को आर्थिक बोझ भी डालती है, जिससे उन्हें अपनी आर्थिक स्थिति को खराब करना पड़ सकता है। यही नहीं, विवाह में दबाव डालती है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा और रोजगार के अवसर प्रदान करने चाहिए। इसके साथ ही सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए देहज प्रथा के खिलाफ सामाजिक अभियान भी चलाना चाहिए। **रमन, कांगड़ा**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### सीरियल रामायण में लक्ष्मण की भूमिका में

**सुनील** लहरी भारतीय अभिनेता हैं। वह रामानंद सागर के ख्यातिप्राप्त टेलीविजन धारावाहिक 'रामायण' में लक्ष्मण की भूमिका के लिए जाने जाते हैं। इससे पहले वह सीरियल 'विक्रम और बेताल' एवं 'दादा-दादी की कहानियां' में भी काम कर चुके थे। 90 के दशक में आए लोकप्रिय सीरियल रामायण में राम (अरुण गोविल)-सीता (दीपिका चिखालिया) के साथ लक्ष्मण (सुनील लहरी) ने दमदार भूमिकाएं निभाई थीं। इन कलाकारों की भूमिकाओं को दर्शक आज तक भुला नहीं पाए हैं। रामायण में सुनील लहरी ने अपने किरदार को इतनी बखूबी से निभाया कि उनमें दर्शक भगवान लक्ष्मण की छवि देखने लगे थे। 1990 में सुनील लहरी ने धारावाहिक 'परमवीर चक्र' में भी अभिनय किया। पहले 'विक्रम और बेताल' और फिर 'दादा-दादी की कहानियों' में सुनील लहरी के दमदार अभिनय को देखकर ही रामानंद सागर ने उन्हें रामायण में लक्ष्मण के किरदार के लिए चुना था। सुनील लहरी का जन्म भारत के मध्य प्रदेश के दमोह में हुआ था। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से अभिनय करके सफलता प्राप्त की। सुनील लहरी बचपन से ही शिक्षा में रुचि रखते थे। उनको पढ़ना-लिखना बहुत अच्छा लगता है, जिसके लिए वह निरंतर पढ़ाई के क्षेत्र में मेहनत करते रहते थे। सुनील लहरी ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी प्रारंभिक शिक्षा भोपाल के स्कूल से प्राप्त की थी। जब वह स्कूल पढ़ने के लिए जाते थे, तब वह स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया करते थे। ■



सुनील लहरी
जन्म : 9 जनवरी, 1961

## कविता

### हिंद फौज का फौजी



*भीम बसेडू राजपूत*

*ब्याह ली है जब से फौज की नौकरी उसने,*
*हो गया है उसका, नहीं किसी से है दोस्ती उसकी,*
*न ही किसी से बैर वह रखता, देशवासी हैं सब*
*अपने उसके, वह तो है देशबंधु रक्षक हमारा,*
*अनुशासन के बोल वाले में रहता,*
*अच्छे से सशस्त्र ड्यूटी निभाता,*
*तीनों सेनाओं में देशभक्ति का; वह लाल है छाया ,*
*जब-जब खड़ा हुआ वह देश सेवा में, स्टेंडिंग आर्डर को देता वह*
*अधिमान, वर्दी पहन बस यही है; उसका गहरा ख्याल, ललकार का*
*विस्फोटक है पटकता, बदला और बलिदान,*
*उसका कोई नहीं अब यहां,*
*सिवाए आर्म्ड फर्ज के, वह है सिपाही फौज का उसकी है बहादुर*
*फौज, तिरंगा रक्षण के लिए है मर मिटता,*
*वह है हिंद फौज का फौजी,*
*वह है हिंद फौज का फौजी।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत महान संन्यासी स्वामी विवेकानंद

उठो,जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक कहीं मत रुको, जैसे प्रेरणादायी विचारों के उद्घोषक महान राष्ट्र संत एवं युवा संन्यासी स्वामी विवेकानंद जी का नाम भारतीय मनीषियों में सदैव अग्रगामी रहेगा। स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकत्ता में हुआ था, उनका बचपन का नाम नरेंद्र था वे बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि, तर्कशील और विलक्षण प्रतिभा से संपन्न थे तथा उनकी स्मरणशक्ति असाधारण थी। विवेकानंद जी का नाम उन महान भारतीय महापुरुषों में अग्रणी है जिन्होंने भारतीय धर्म और संस्कृति की महानता की पताका संपूर्ण विश्व में लहराने का महान कार्य किया।



लेखक : विक्रम वर्मा
प्रवक्ता अंग्रेजी, चंबा

स्वामी विवेकानंद जी में बचपन से ही अध्यात्म में जिज्ञासा थी और ईश्वर के बारे में जानने के लिए अनेक महापुरुषों के पास अपनी जिज्ञासा को शांत करने के लिए जाते रहते थे। परंतु उनकी ज्ञान पिपासा शांत नहीं हो पाती थी। अंततः महान संत स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी, जो दक्षिणेश्वर काली मंदिर में पुजारी थे, के सान्निध्य में जाकर उनकी जिज्ञासा भी शांत हुई और उनका शिष्यत्व पाकर वे नरेंद्र से विवेकानंद हो गए। स्वामी रामकृष्ण परमहंस जी की प्रेरणा से ही विवेकानंद विश्व धर्म सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए शिकागो की धर्मसंसद में गए। 11 सितंबर 1893 को शिकागो की धर्मसंसद में भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधि के रूप में उनका संबोधन, 'अमेरिका निवासी मेरे भाइयों और बहनों' कहकर विश्व बंधुत्व का शंखनाद करने वाले विवेकानंद जी प्रथम भारतीय धर्मोपदेशक थे।

स्वामी विवेकानंद जी सदैव सर्वधर्म समभाव, नर सेवा नारायण सेवा और नारी शक्ति के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहते थे। स्वामी जी युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत



रहे हैं, उनकी ओजस्वी और तेजस्वी वाणी तथा ज्ञान और विद्वता से परिपूर्ण विचार सदैव युवा पीढ़ी के हृदय में नवचेतना और उत्साह का संचार करती है।

प्रतिवर्ष विवेकानंद जी का जन्म दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके द्वारा युवाओं में स्वामी जी के प्रेरणादायक विचारों से अवगत करवाया जाता है और स्वामी जी के बताए मार्ग पर अग्रसर होने की प्रेरणा मिलती है स्वामी जी युवाओं से आहवान करते हैं, 'वीर बनो, साहसी बनो और संपूर्ण उतरदायित्व अपने कंधों पर लो और सोच लो कि तुम स्वयं अपने भाग्य के निर्माता हो। जो भी बल और सहायता आपको चाहिए वो आपके भीतर ही विद्यमान है हम जो कुछ होना चाहें वो बन सकते हैं यदि हमारा वर्तमान जीवन हमारे पूर्व कर्मों का परिणाम है तो हम निश्चय ही आज के कर्मों के द्वारा अपना भावी रूप बना सकते हैं।' स्वामी विवेकानंद जी ने सदैव युवाओं को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित होकर सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

विवेकानंद जी ने युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सदैव अपनी क्षमताओं और सामर्थ्य से जुट जाने का आह्वान करते थे। वे कहते थे हमें लोहे की तरह मांसपेशियां और फौलाद के स्नायु चाहिए। विवेकानंद ऐसी शिक्षा के पक्षधर थे जो मनुष्य के चरित्र का विकास करे और मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा हो सके। वो मानव सेवा को ईश्वर सेवा का सर्वोत्तम साधन मानते थे। ज्ञान प्राप्ति में मन की एकाग्रता को अत्यंत महत्वपूर्ण मानते हैं उनका मानना था कि मन संयमित कर लेने से मनुष्य में विलक्षण बौद्धिक क्षमता का विकास संभव है। वर्तमान समय में युवा पीढ़ी में कई प्रकार की निराशा, नकारात्मकता पनप रही है जिसके कारण वे मानसिक और भावनात्मक रूप से सामर्थ्यहीन हो रहे हैं विवेकानंद जी का जन्म दिवस हम सभी के लिए किसी अनमोल, अलौकिक एवं प्रेरणादायक दिवस के रूप में मस्तिष्क और हृदय में नवशक्ति का संचार करता है। आओ हम भी संकल्प लें कि विवेकानंद जी के बताए मार्ग पर अग्रसर हो कर अपने जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करते हुए अपने समाज और राष्ट्र निर्माण में अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी क्षमता एवं सामर्थ्य से करें, ताकि स्वामी जी के सपनों का भारत विश्व गुरु के रूप में प्रतिस्थापित हो सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# शिलाई में गोवंश के आश्रय को निजी भूमि की दान, काम किया महान

जिस प्रकार सनातन एवं हिंदू धर्म में गाय को गोमाता का दर्जा दिया गया है, जिस गोमाता को पूजनीय माता कहा जाता है, उस गोमाता की स्थिति वर्तमान में हिमाचल प्रदेश में बहुत ही दयनीय स्थिति में मानी जाती हैं, जैसे कहा भी जाता है कि हिमाचल को देवभूमि के नाम से जाना जाता है।



लेखक: हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

जिस प्रदेश में देवी-देवताओं का वास माना जाता है, तो वहीं गोमाता के प्रति भी बहुत आदर सम्मान और आस्था मानी जाती हैं, जिस प्रकार हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षों से गोवंश के संरक्षण के लिए अनेक गोसेवकों और सामाजिक संस्थाओं के द्वारा सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा भी गोवंश के संरक्षण के लिए अनेक क्षेत्रों में भरण पोषण और उचित आश्रय देने का प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें कि पूर्व सरकार ने गोवंश के संरक्षण और भरण पोषण के लिए गो आयोग का भी गठन किया गया है।

इसी परिप्रेक्ष्य में जिला सिरमौर के दुर्गम क्षेत्र शिलाई में भी गोवंश के संरक्षण के लिए सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं, जिस नेक कार्य की शुरुआत की है (सर्वदलीय गोरक्षा महाअभियान इकाई शिलाई) द्वारा जिन्होंने गोवंश के भरण पोषण और आश्रय देने के लिए अपनी निजी भूमि को दान करके शिलाई क्षेत्र में मानवता की पहली मिसाल पेश की है, जिसमें इन तमाम पदाधिकारियों ने एक नारा भी दिया (गाय हमारी माता है जन्म-जन्म का नाता है)जिस गो संरक्षण को आश्रय देने के लिए शिलाई क्षेत्र के



(दलवाड) क्षेत्र में शुरुआत की गई है और इस स्थान पर गोवंश को आश्रय देने का प्रयास किया गया है, जिसकी जानकारी उन्होंने मीडिया बंधुओं से भी सांझा की और शिलाई क्षेत्र की जनता और व्यापार मंडल से इस पुनीत कार्य के लिए सहयोग की अपील की और कहा कि हम राजनीति से ऊपर उठकर गोमाता की सुरक्षा और सेवा करने का मिलकर प्रयास करें, जिसमें कि सर्वदलीय गोरक्षा महाअभियान इकाई शिलाई के जागरूक पदाधिकारियों ने शिलाई बाजार और इर्दगिर्द के क्षेत्र से एक दिन में ही पंद्रह से सत्रह गोवंश को पकड़कर गोशाला में पहुंचाने का पुनीत कार्य किया, जिसकी क्षेत्र समाज में भूरी-भूरी प्रशंसा हो रही है, तो वहीं पदाधिकारियों ने दुःख व्यक्त किया कि वर्तमान में अब गांव से भी लोगों द्वारा गाय को निर्दयता के साथ बेसहारा छोड़ते जा रहे हैं।

अमूमन शहरों में यह स्थिति देखने एवं सुनने को मिलती हैं। साथ ही इन्होंने सरकार और स्थानीय प्रशासन से भी निवेदन और आग्रह किया है कि वह इस मुहिम में हमारा सहयोग एवं मनोबल बढ़ाए, साथ ही हम सभी युवाओं एवं समाज का भी नैतिक कर्तव्य बनता है कि हम सभी मिलकर गोमाता के संरक्षण और भरण पोषण के लिए मिलकर प्रयास करें, ताकि भविष्य में गोवंश दर-दर सड़कों पर भटकनें को मजबूर न हो ऐसी उम्मीद और विश्वास जागरूक युवाओं से करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बैसाखी के दिन होगा तुंगल महोत्सव, बैठक आज

**अनंत ज्ञान, कोटली।** तुंगल क्षेत्र की लोक कला एवं संस्कृति को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से बैसाखी के अवसर पर उपमंडल मुख्यालय में तुंगल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी के सिलसिले में 9 जनवरी को स्थानीय विश्राम गृह में एक बैठक आयोजित की जा रही है। इसमें महोत्सव के आयोजन के लिए तुंगल कला मंच की स्थापना कर आयोजन समिति का गठन किया जाएगा। महोत्सव के संयोजक प्रशांत मोहन ने बताया कि एक समय में जब लोगों के पास मनोरंजन का कोई साधन नहीं होता था, तो उस जमाने में लोक कला एवं संस्कृति दिल बहलाने का एकमात्र साधन हुआ करती थी। ऐसे में लोक कला को जिंदा रखने के लिए तुंगल महोत्सव आयोजित करने का मकसद पुराने समय के लोक कलाकारों को एक मंच प्रदान करके हमारी लोक संस्कृति को पुनर्जीवित किया जाना है। उन्होंने दोपहर बाद समूचे तुंगल क्षेत्र के जन संगठनों, पंचायत प्रतिनिधियों तथा जागरूक नागरिकों की एक सामूहिक बैठक कोटली के विश्राम गृह में भाग लेने का आह्वान किया है।



### अंतर-राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम 9 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र मंडी भारती मोंगरा ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 9 से 13 जनवरी तक संस्कृति सदन मंडी (कांगनीधार) में पांच दिवसीय अंतर-राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम (आईवाईपी) का आयोजन किया जा रहा है। इस अंतर-राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य के पांच जिलों से 2 अनुरक्षकों के साथ 25 युवा भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एकीकरण को और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना, भारत भर के लोगों के बीच भावनात्मक बंधन को मजबूत करना, विभिन्न राज्यों की समृद्ध विरासत और संस्कृति को प्रदर्शित करना व राज्यों के बीच सीखने के लिए माहौल बनाना है। भारती मोंगरा ने बताया कि अंतर-राज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के दौरान श्रमदान और साफ सफाई, युग्मित राज्यों की भाषा को सीखना, समूहों के बीच में सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पाक-शैली और अन्य खाद्य पदार्थ सांझा करना आदि प्रस्तावित किए गए हैं।



### डीसी ने पुस्तकालय के लिए संभावित स्थल किया का निरीक्षण



**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर प्रदेशभर में सार्वजनिक पुस्तकालय स्थापित करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंडी जिला में विभिन्न उपमंडलों में सार्वजनिक पुस्तकालय स्थापित करने के लिए अपना पुस्तकालय परियोजना शुरू की गई है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने इसी कड़ी में आज धर्मपुर में पुस्तकालय के लिए संभावित स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आदेशों पर जिला के विभिन्न उपमंडलों में सार्वजनिक पुस्तकालय स्थापित करने के लिए जिला प्रशासन संबंधित विभाग के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। इससे युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के लिए पाठ्य सामग्री आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने धर्मपुर में स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को इसके लिए तमाम औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धर्मपुर के अलावा संधोल में भी पुस्तकालय स्थापित करने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने आज सरकाघाट में शैक्षणिक संस्थानों का औचक निरीक्षण भी किया। उन्होंने स्थानीय पाठशाला में छात्रों से संवाद किया और वहां खेलकूद गतिविधियों सहित विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन कर अन्य जानकारी प्राप्त की।

### गाली-गलौज व मारपीट का क्रॉस केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाने में गाली-गलौज व मारपीट को लेकर क्रॉस केस दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाने में दर्ज प्राथमिकी में सीता देवी पत्नी बाबू राम निवासी गांव स्नोह ने कहा है कि मंगलवार दोपहर वह स्नोह में अपनी दुकान पर बैठी थी। इसी दौरान प्रभुराम व फूला देवी आए तथा पटवारी के आने पर उसके पति बाबू राम के बारे में पूछने पर उनके काम पर गए होने की बात कही। जिस पर फूला देवी ने इसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की तथा प्रभु राम के साथ उसकी दुकान में घुस कर तोड़फ़ोड़ कर जान से मारने की धमकी भी दी, जबकि दूसरे पक्ष की ओर से दर्ज प्राथमिकी में फूला देवी पत्नी प्रेमा राम ने कहा है कि वह अपने निजी काम से स्नोह में एक दुकान पर गई थी। वहां पहुंचने पर उसने देखा की सीता देवी अपनी दुकान के बाहर खड़ी होकर उसके भाई प्रभु राम के साथ गाली-गलौज कर रही थी। जब उसने मौका पर पहुंच कर सीता देवी से इसको लेकर विरोध जताया तो उसने उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद सीता देवी एकदम गुस्सा हो गई और उसने उसका रास्ता रोका तथा बालों से पकड़ कर सड़क पर पलट दिया। पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने बताया दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर जांच आरंभ कर दी गई है।

### खाताधारक के परिवार को दी बीमा क्लेम राशि



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक, शाखा मढ़ी ने अपने एक खाताधारक के परिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत बीमा क्लेम का भुगतान किया है। शाखा प्रबंधक जोग चंद शर्मा और जिला प्रबंधक उमेश शर्मा जिला कार्यालय मंडी-1 की पहल पर यह सहायता दी गई। कुछ महीने पहले, नेक राम गांव भूर, पोस्ट ऑफिस झंगी, तहसील संधोल की एक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। आज, 08/01/2025 उनकी पत्नी वीना देवी को 4,50,000 रुपए का चेक प्रदान किया गया। नेक राम का खाता प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, और केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) खाताधारकों के लिए व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना से जुड़ा हुआ था। इन योजनाओं के तहत बीमित व्यक्ति की दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर होगी कबड्डी प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छत्रपति शिवाजी महाराज अध्ययन मंडल के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 10 से 12 जनवरी 2025 तक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है।

# चरस मामले में उदघोषित आरोपी चढ़ा पीओ सेल मंडी के हत्थे

## आरोपी को बिलासपुर बस स्टैंड के समीप किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



जिला मंडी पुलिस के विशेष दल पीओ सेल को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने स्पेशल जज मंडी के न्यायालय में विचाराधीन चरस बरामदगी के मामले में उदघोषित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को बिलासपुर बस स्टैंड के समीप गिरफ्तार कर आगामी प्रक्रिया के लिए पुलिस थाना औट के हवाले कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी पप्पू उर्फ नागदेव पुत्र किशनिया निवासी एमसी वार्ड नंबर-8 नजदीक लक्ष्मी नारायण मंदिर बिलासपुर तहसील और जिला बिलासपुर हिमाचल प्रदेश के खिलाफ वर्ष 2010 में पुलिस थाना औट में चरस बरामदगी को लेकर एफआईआर दर्ज की थी। वहीं, आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस द्वारा चालान तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया था। जहां स्पेशल जज मंडी के समक्ष विचाराधीन था। ट्रायल के दौरान आरोपी कोर्ट से गैर-हाजिर रहा और इस पर न्यायालय द्वारा उसे 25 जुलाई 2013 को उदघोषित आरोपी घोषित कर दिया गया। इसके उपरांत पुलिस टीम द्वारा आरोपी की धरपकड़ के लिए विभिन्न जगहों पर दबिश दी गई, लेकिन आरोपी बार-बार पुलिस टीम को चकमा देकर भाग जाता था।

इस पर पीओ सेल मंडी टीम एचएचसी मोहिंद सैनी व रवि कुमार तथा कांस्टेबल हरीश को आरोपी के बारे में बिलासपुर बस स्टैंड के समीप मौजूद होने की सूचना मिली इस पर मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की पुष्टि करते हुए, एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने कहा कि पीओ सेल टीम मंडी ने चरस बरामदगी मामले में उदघोषित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि पीओ सेल टीम ने आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को औट पुलिस के हवाले कर दिया है।



## धनोटू के शौचालय में फैली गंदगी

**अनंत ज्ञान, महादेव।** राष्ट्रीय उच्च मार्ग नंबर 21 से सटे शहीद राजेश चौहान चौक धनोटू में बने शौचालय में सफाई व्यवस्था का उचित प्रबंध न होने से बदबू फैली रहती है जिससे भीड़भाड़ वाले इस स्थान जिसको नाचन विधानसभा क्षेत्र का मुख्य द्वार और जंक्शन प्वाइंट भी कहा जाता है प्रदूषण की स्थिति बनने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्राम पंचायत महादेव द्वारा दी गई इस सहूलियत का रखरखाव करने की सख्त जरूरत है क्योंकि यहां सब कुछ ठीक न होना हर रोज की परेशानी है। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि शौचालय से सटे पंचायत के अधीन आते खुले मैदान में हर वर्ष हाट बाजार सजता है आमदनी होती है और इस बार भी लंबे समय से सजा है मगर सफाई की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लोगों ने माननीय ग्राम पंचायत से सानुरोध प्रार्थना की है कि शीघ्र ही शौचालय की नियमित सफाई करवाई जाए।

## विभिन्न उद्घाटनों और शिलान्यासों की रिपोर्ट तलब

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

**रिपोर्ट 9 जनवरी को 4 बजे तक भेजने को कहा**

जिला में सभी विभागों के साथ-साथ शिक्षा विभाग के सभी संस्थानों में विभिन्न उद्घाटनों व शिलान्यासों की रिपोर्ट तलब की गई है। उपायुक्त कार्यालय की ओर से सहायक आयुक्त कुलदीप सिंह पटियाल द्वारा जहां जिला में सभी विभागाध्यक्षों से यह रिपोर्ट मांगी गई है। वहीं, इसकी अनुपालना में उच्च शिक्षा उपनिदेशक द्वारा भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों के मुख्याध्यापकों से यह रिपोर्ट तलब की गई है।

मांगी गई रिपोर्ट में उन विकास कार्यों, योजनाओं और परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी देने को कहा गया है जिसकी निर्माण लागत लगभग एक करोड़ हो। जिनका या तो उद्घाटन प्रस्तावित हो या शिलान्यास प्रस्तावित हो। पत्र में कहा गया है कि यह सूचना मुख्यमंत्री कार्यालय को अनुमोदन हेतु प्रेषित की जानी है।

उपनिदेशक की ओर से प्रधानाचार्यों व मुख्याध्यापकों को यह हिदायत भी दी गई है कि 9 जनवरी को 4 बजे तक हर हालत में यह रिपोर्ट उनके कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए। जहां से संकलित करके यह आगामी कार्रवाई हेतु उपायुक्त कार्यालय को प्रेषित की जाएगी।

मांगी गई सूचनाओं में स्कूल का नाम, कार्य का नाम, धनराशि का अनुमानित व खर्च का विवरण, बजट उपलब्धता तथा कार्य का स्टेटस और कार्य करने वाली एजेंसी इत्यादि का विवरण देना होगा।

उच्च शिक्षा उपनिदेशक सुशील शर्मा ने कहा कि जिला में सभी प्रधानाचार्यों व मुख्याध्यापकों से यह रिपोर्ट मांगी गई है। इसे उचित कार्रवाई सहित उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## तुलाह स्कूल में जांचा बच्चों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तुलाह में बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान क्षयरोग (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चलाये जा रहे 100 दिवसीय अभियान के माध्यम से बच्चों को क्षय रोग के लक्षणों और कारणों की भी जानकारी दी गई। साथ ही क्षय रोग के संपूर्ण उन्मूलन के लिए बच्चों को शपथ भी दिलाई।

इस संबंध में जानकारी देते हुए खण्ड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) लड़भड़ोल डॉ. लाल सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तुलाह में बच्चों की डॉ. वीरेंदर ठाकुर एवं उनकी टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यक चिकत्सीय सलाह भी दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे सौ दिवसीय जन भागीदारी अभियान के माध्यम से स्कूली बच्चों को क्षय रोग के लक्षणों व कारणों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों से क्षय रोग के सम्पूर्ण उन्मूलन के लिए अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। इस दौरान बच्चों को टीबी उन्मूलन की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम के अतिरिक्त स्कूल का स्टाफ भी मौजूद रहा।

## सीबीबीओ ने एफपीओ धर्मपुर का काम जांचा

**रितेश, सरकाघाट**



भारत सरकार की देश में दस हजार एफपीओ गठित करने की परियोजना के तहत राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा धर्मपुर में वर्ष 2022 में एफपीओ का गठन किया गया है। जिसके संचालन में मदद करने के लिए उत्तर प्रदेश नोयडा की मार्ग-दर्शक कंपनी को नियुक्त किया गया है। जिसके प्रबधक हर्षकुमार सिंह हिमाचल प्रदेश के प्रभारी हरदयाल सिंह गुलेरिया और मार्केटिंग प्रभारी अभिजीत सिंह ने 6 व 7 जनवरी को दो दिन एफपीओ धर्मपुर के कार्यों की समीक्षा की और इस साल किए जाने वाले प्रमुख कार्यों का निर्धारण यहां आकर किया।

पहले दिन उन्होंने प्रबधक कमेटी, वर्किंग कमेटी और दूसरे दिन कार्यालय स्टॉफ के साथ एफपीओ संचालन बारे विस्तृत चर्चा की और इस अगली योजना भी बनाई। हर्षकुमार ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर एफपीओ परियोजना सरकार ने तीन साल के लिए स्वीकृत की है। इस दौरान तीन साल में एक एफपीओ के संचालन के लिए केंद्र सरकार 18 लाख रुपए की वित्तिय मदद देती है, लेकिन अब अच्छा कार्य करने वाले एफपीओ को सरकार इसे पांच साल तक बढ़ाने जा रही है। जिनमें हिमाचल प्रदेश से धर्मपुर एफपीओ भी शामिल है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में अब तक एनसीडीसी, नाबार्ड, एसआरएलएम के माध्यम से 175 एफपीओ गठित किए गए हैं, लेकिन उनमें केवल धर्मपुर एफपीओ ही है जिसने 1822 शेयर 1316 सदस्यों के माध्यम से हासिल करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अब 31 मार्च तक तीन हजार शेयर और दो हजार शेयरहोल्डर्स बनाने का लक्ष्य रखा है। यदि यह लक्ष्य अचीव हो जाता है तो ये एफपीओ देश के टॉप दस एफपीओ में शामिल हो जाएगा।

राष्ट्रीय सहकारिता विकास निगम ने 31 मार्च से पहले एफपीओ के लिए मल्टी-प्रोसेसिंग लघु उद्योग लगाने के लिए वित्तिय मदद उपलब्ध कराने के लिए सीबीबीबीओ से परियोजना मांगी है जो 15 जनवरी तक स्वीकृति के लिए भेज दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## माता-पिता के सपनों को पूरा करने के लिए लगन से करें पढ़ाई : जीवन

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पडोंल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य केपी अरुण ने उन्हें टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

समारोह को संबोधित करते हुए जीवन ठाकुर ने कहा कि वार्षिक पारितोषिक समारोह बच्चों की सालभर की मेहनत और उपलब्धियों का दर्पण है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करने के लिए पूरी लगन से पढ़ाई करें और अनुशासन व देशभक्ति को जीवन में आत्मसात करें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें सालभर की उपलब्धियां साझा की गईं। छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

समारोह में डॉ. विजय धीमान, एसएमसी अध्यक्ष राजेश कुमार, पीडब्ल्यूडी एक्शन जय सिंह वर्मा, प्रधान ऊटपुर संजय चौहान, प्रधान खद्दर प्रीतो देवी, प्रधान पिहड़-बेढलू रेणु देवी, पूर्व प्रधान रमेश चंद्र पिंकू, और टैक्सी यूनियन प्रधान ज्योति प्रकाश सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि जीवन ठाकुर ने अपने कर कमलों से मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम में महिला मंडल जटेहड़ और काला अंब का भी विशेष योगदान रहा। (अनंत ज्ञान)

## मशाल संस्था ने स्थापना दिवस पर 36 महिला मंडलों को बांटे 3.60 लाख



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

मशाल का 24वां स्थापना दिवस नववर्ष व लोहड़ी के पर्व के रूप में बचत भवन सरकाघाट में मनाया गया। इसमें देव बराड़ता, चौक, मसेरन, बाग, झंझेल, प्रसाद वाणी गोपालपुर, बरछवार और नगर परिषद की महिलाओं ने अपनी भागीदारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके दी।

सरकाघाट एवं थोना वार्ड से जिला परिषद सदस्य चंद्रमोहन शर्मा ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की गई। शर्मा कहा कि जहां नारियों की पूजा होती है, वहां देवताओं का वास होता है। महिलाएं अपनी योग्यता हर क्षेत्र में साबित कर रही हैं। आज हर एक क्षेत्र में नारी अपने प्रतिभा का लोहा मनवा रही है। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा नारी सशक्तिकरण के लिए भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। सभी आई हुई महिला मंडलों को चंद्रमोहन ने अपनी और से 10000-10000 रुपए की राशि दी एवं संस्था के लिए 1,51,000 रुपए की राशि की घोषणा की। कार्यक्रम में लगभग 36 महिला मंडलों ने भाग लिया।

## कांग्रेस में शामिल हुई सेलिब्रिटी जबना चौहान

**आदर्श, नेरचौक**



देश की सबसे कम उम्र की चर्चित सेलिब्रिटी पंचायत प्रधान रही प्रदेश स्तरीय समाजसेवी संस्था ओरिएंटल फाउंडेशन की संस्थापक जबना चौहान कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गई है। जबना चौहान लघु बचत योजना के उपाध्यक्ष प्रकाश करड की अध्यक्षता में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह से पार्टी मुख्यालय राजीव भवन शिमला में मिली जहां इन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने फूलमाला व पार्टी का पटका पहनकर जबना चौहान का पार्टी में शामिल होने पर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रतिभा सिंह ने कहा कि जबना चौहान सेलिब्रिटी रही हैं। जिन्होंने समाज के उत्थान के लिए बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जबना युवाओं व महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है तथा कांग्रेस पार्टी में शामिल होने से निश्चित तौर पर पार्टी को और मजबूती मिलेगी। इससे पूर्व जबना चौहान ने कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को शॉल, टोपी पहनाकर सम्मानित किया। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर जबना ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व लघु बचत योजना के उपाध्यक्ष प्रकाश करड का आभार प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि वह पूरी ईमानदारी व लगन के साथ एक कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के लिए कार्य करेगी (अनंत ज्ञान)

## हरियाणा रोडवेज की बस में व्यक्ति से 95 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना पुलिस ने पुंघ हाइवे पर नाका के दौरान हरियाणा रोडवेज की बस में सवार एक व्यक्ति को 95 ग्राम चरस के साथ हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना के दल ने पुंघ में नाका लगा रखा था। इस दौरान हरियाणा रोडवेज की कुल्लू से चंडीगढ़ की ओर जा रही बस को पुलिस ने जांच के लिए रोका। बस में सवार यात्रियों की तलाशी के दौरान पन्ना लाल (37) पुत्र बृजलाल निवासी बाली चौकी जिला मंडी के कब्जा से 95 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने बताया आरोपी के खिलाफ अधीन धारा 20, मादक द्रव्य अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। (अनंत ज्ञान)

## नाली साफ कर उड़ेल भी दी गंदगी

**भीम बसेड़ू, महादेव।** गांव लोअर महादेव लिंक रोड की गंदगी से लबालब भरी नाली की सुध लेने विभाग साधारण मशीनरी समेत आया तो जरूर पर कुछ बेतरतीब फैली झाड़ियों की कांट-छांट की और ट्रक में नाली की बेशुमार तरल बदबू मारती गंदगी इत्यादि डाली। कुछ हद तक नाली तो खुल गई, मगर गहरे गड्ढों में पड़ी सड़क जिसके जख्म सड़क संबंधी मैटिरियल से भरे जाने चाहिए थे, लेकिन वह भर गए। ट्रक से वापस बाहर निकलकर सड़क पर गिरी फैली इस तरलनुमा प्रदूषण फैलाती गंदगी से, क्योंकि विभाग ने एक ओर जहां गंदगी साफ करके ढोने को हुआ तो दूसरी ही ओर घनी आबादी के बीच यह गंदगी ढुलकती चली गई। बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि अगर अत्याधुनिक तरीके का वाहन होता तो यह नौबत न आती। लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही गांव लोअर महादेव के इस गंदगी सने लिंक रोड पर कीटाणु नाशक दवाई छिड़कने की व्यवस्था की जाए। (अनंत ज्ञान)

## प्रो. हेमराज दुबई में अंतरराष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन में पढ़ेंगे शोध-पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में भूगोल विभाग में कार्यरत सह-आचार्य डॉ. हेमराज राणा दुबई में अंतरराष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन में शोध-पत्र पढ़ेंगे। दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन का आयोजन आबूधाबी विश्वविद्यालय व साहित्य संचय शोध फाउंडेशन दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में 10-11 जनवरी 2025 को दुबई में किया जा रहा है।



डॉ. हेमराज भारत एवं यूएई में पर्यटन विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत करने के साथ ही वहां कवि सम्मेलन में कविता पाठ भी करेंगे। डॉ. हेमराज राणा के 15 शोध पत्र विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं तथा पांच पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। भूगोल में शोध के साथ-साथ डॉ. हेमराज राणा साहित्य प्रेमी भी हैं। विभिन्न साहित्य संस्थाओं ने इन्हें कविता लेखन व वाचन हेतु सम्मानित किया है। इनकी दो पुस्तकें हिंदी व पहाड़ी भाषा में प्रकाशन की प्रक्रिया में है।

**खुशखबरी** बीमार व्यक्तियों और गर्भवती महिलाओं को उनके गंतव्य तक आसानी से पहुंचने में मिलेगा लाभ

# धर्मपुर में 17 करोड़ से सुधरेगी पांच सड़कों की दशा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत पांच सड़कों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) फेज 4 के अंतर्गत पक्का करने और अधूरे कार्यों को पूरा करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सड़कों की कुल लंबाई 12. किलोमीटर होगी, जिनके निर्माण पर लगभग 17 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

जिला पार्षद वंदना गुलेरी ने आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि बीते साल 29 फरवरी 2024 को उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और रूरल डेवलपमेंट के सचिव शैलेश कुमार से दिल्ली में मुलाकात करके अपने जिला परिषद वार्ड के लिए इन आधा दर्जन सड़कों की दशा सुधारने और इन्हें पीएमजीएसवाई में डालने को लेकर मांग पत्र सौंपा था। इस पर केंद्रीय मंत्री द्वारा न सिर्फ इन सड़कों को पीएमजीएसवाई योजना में डाला है, बल्कि उनके लिए 17 करोड़ रुपए बजट स्वीकृत करके हिमाचल सरकार को भेज दिया है।



जिला पार्षद वंदना गुलेरी

उन्होंने बताया कि इन सड़कों के पक्के होने से क्षेत्रवासियों, छात्रों, गर्भवती महिलाओं और बीमार व्यक्तियों को यात्रा में सहूलियत होगी और उन्हें बेहतरीन सुविधा मिलेगी। अब इन सड़कों के लिए बजट स्वीकृत होने से इनके निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए संबंधित विभाग द्वारा इन सड़कों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी और पीएमजीएसवाई के तहत निर्माण प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

स्कूल जाने वाले बच्चों, बीमार व्यक्तियों और गर्भवती महिलाओं को उनके गंतव्य स्थानों तक आसानी से पहुंचने का लाभ मिलेगा। साथ ही, क्षेत्र में परिवहन और आर्थिक गतिविधियां भी सुगम होंगी। जिला पार्षद वंदना गुलेरिया ने इन सड़कों को बजट प्रदान करने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नितिन गडकरी जेपी नड्डा अनुराग ठाकुर पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर और पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह का आभार जताया है।

### इन सड़कों की सुधरेगी दशा

**ग्वैला** से दयोल सड़क लंबाई 4.00 किमी अनुमानित लागत 5.60 करोड़ रुपए, रोपड़ी से बागकल सड़क लंबाई 2.005 किमी अनुमानित लागत 2.81 करोड़ रुपए, भराड़ी से गढ़ालकोट संपर्क मार्ग लंबाई 1.485 किमी अनुमानित लागत 2.08 करोड़ रुपए, मझेड़ के लिए संपर्क मार्ग लंबाई 3.090 किमी अनुमानित लागत 4.33 करोड़ रुपए, काग के लिए संपर्क मार्ग लंबाई 1.555 किमी अनुमानित लागत 2.18 करोड़ रुपए इन सड़कों के निर्माण से गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा को समर्पित दहाजा कार्यक्रम 11 को

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट क्षेत्र के गांव चलेट वार्ड नंबर एक में बाबा सिद्ध चानो महाराज को समर्पित दहाजा कार्यक्रम 11 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इसमें लठियाणी की दहाजा पार्टी बाबा सिद्ध चनो महाराज की जीवनी पर आधारित प्रस्तुतियों को झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत करेगी। इस मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। सेवादारों में सोहन लाल, कमलजीत, सर्वजीत, कपिल देव, जगदीश राम, सतनाम सिंह, सतीश कुमार, चमन लाल, बलबीर सिंह ने बताया कि दहाजा कार्यक्रम 11 जनवरी को पूरी रात चलेगा। उन्होंने क्षेत्र सहित बाहर के प्रभु भक्तों से दहाजा के आयोजन में बढ़-चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया है।

### सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की दी जानकारी



**हीना पठानिया, बड़ूही।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी समिति बैंक टकोली शाखा द्वारा पलोह गांव में वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता जुल्फी राम प्रधान कृषि सहकारी ने की। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक कृष्ण पाल सिंह बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, की जानकारी दी गई। इस अवसर पर पलोह कृषि सहकारी समिति बैंक के सदस्यों सहित नीलम कुमारी उपप्रधान, राम चंद और लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### विस निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियां प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** ऊना जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों चिंतपूर्णी 41 (अ.जा.), गगरेट 42, हरोली 43, ऊना 44 और कुटलैहड़ 45 की फोटोयुक्त मतदाता सूची 2025 का अंतिम प्रकाशन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के अधीन संशोधित अनुपूरक सूची सहित अहर्ता तिथि 1 जनवरी, 2025 के आधार पर कर दिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ऊना जतिन लाल ने बताया कि फोटोयुक्त मतदाता सूचियों की प्रकाशित प्रति जिला निर्वाचन कार्यालय ऊना तथा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(एसडीएम), सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(तहसीलदार/नायब तहसीलदार) के कार्यालयों में निरीक्षण के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त समस्त अभिहित स्थलों पर प्रतिनियुक्त बूथ लेवल अधिकारियों के पास संबंधित मतदान केंद्र की मतदाता सूची की प्रति प्रकाशन की तिथि से सात दिनों तक जनसाधारण के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज होने की पुष्टि अवश्य करें। इसके अलावा मतदाता टोल फ्री नंबर 1950 डायल करके निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया बारे जानकारी प्राप्त कर सकते हैं तथा अपने सुझाव/शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

### उपभोक्ताओं के पास बिजली बोर्ड के फंसे लाखों

**विवेक शर्मा, अंब।** सब डिवीजन मुबारिकपुर के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं के पास बिजली बोर्ड के 10 लाख रुपए फंसे हुए हैं। बिजली बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि यदि 15 जनवरी तक बिजली बिल जमा नहीं हुए तो उपभोक्ताओं के बिना कोई नोटिस दिए कनेक्शन काट दिए जाएंगे। बिजली बोर्ड के एसडीओ धर्मपाल ने बताया कि विद्युत सब डिवीजन मुबारिकपुर के अंतर्गत आने वाले मुबारिकपुर, भंजाल, नकरोह, कुनेरन, बनेहड़ा जीतपुर बेहरी, सिद्ध चलेह, मवेह व कलरुही आदि गावों के सैकड़ों लोगों के बिजली बिल पेंडिंग हैं। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय पर बिजली बिल जमा नहीं हुए तो बिना नोटिस दिए बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे। एसडीओ धर्मपाल ने कहा विद्युत उपमंडल मुबारिकपुर के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलु उपभोक्ता विधुत उपमंडल मुबारिकपुर में आकर केवाईसी करवा सकते हैं। धर्मपाल ने कहा कि उपभोक्ता कार्यालय में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक केवाईसी करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## छात्र स्कूल ऊना में अपूर्व भव्यता से होगा जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

# जिले के गौरवशाली इतिहास की झलक होगी प्रस्तुत

**राजेश शर्मा, ऊना**

ऊना में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह अपूर्व भव्यता के साथ मनाया जाएगा। देशभक्ति के रंग में रंगा यह आयोजन 26 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र स्कूल ऊना के प्रांगण में होगा। समारोह में आकर्षक परेड, शानदार झांकियां और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां जिले के गौरवशाली इतिहास और उज्ज्वल भविष्य की झलक पेश करेंगी। उपायुक्त जतिन लाल ने वीरवार को संबंधित विभागों के साथ बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया और समारोह को यादगार बनाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए।



बैठक में मौजूद अधिकारी और कर्मचारी।

उपायुक्त ने बताया कि मुख्य अतिथि 26 जनवरी को पूर्वाह्न 10.40 बजे एमसी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद पूर्वाह्न 10.55 बजे स्कूल प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। ध्वजारोहण के बाद मुख्य अतिथि परेड का निरीक्षण करेंगे, मार्चपास्ट की सलामी लेंगे और जिला वासियों को संबोधित करेंगे।

परेड में पुलिस और होमगार्ड की टुकड़ियों के साथ-साथ एनसीसी और एनएसएस के छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे। समारोह में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बच्चे तथा नाट्य दल सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। बारिश की स्थिति में समारोह के लिए टाउन हॉल में वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

समारोह में विभिन्न विभागों के जनसेवा से जुड़े उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र शर्मा, एसडीएम ऊना विश्वमोहन देव चौहान, सहायक आयुक्त वरिंद्र शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**विकास योजनाओं पर आधारित झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र:** उपायुक्त ने कहा कि समारोह में प्रदेश सरकार की विभिन्न विकास योजनाओं पर आधारित झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। इनमें मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना, डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना, स्वास्थ्य, कृषि, बागवानी और पर्यटन विकास से जुड़ी झांकियां शामिल होंगी।

संबंधित विभागों को आकर्षक और सूचनात्मक झांकियां तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### मिनी सचिवालय की विशेष सजावट

गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में मिनी सचिवालय भवन को विशेष 'फसाड लाइटिंग' के जरिए राष्ट्रीय ध्वज के तीनों रंगों में सजाया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसे लेकर व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## किसी भी कार्यक्रम में भाग लेने से पहले अनुमति लेना अनिवार्य

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ऊना सोम लाल धीमान ने समस्त प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक व समस्त खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जेबीटी, एचटी, सीएचटी, सी एंड वी और टीजीटी को चुनाव ड्यूटी व जनगणना के अलावा किसी भी प्रकार की कार्यशाला, प्रशिक्षण शिविर और सेमिनार के लिए नहीं भेजा जाएगा।

उन्होंने कहा कि यदि किसी भी विभाग या अधिकारी द्वारा किसी भी अध्यापक को कार्यशाला, प्रशिक्षण शिविर और सेमिनार में भाग लेने के लिए निर्देश दिए जाते हैं तो इसकी अनुमति निदेशक प्रारंभिक शिक्षा से लेना अनिवार्य होगा। इसके लिए संपूर्ण मामला अग्रिम अनुमति के लिए उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा कार्यालय में भेजना होगा ताकि निदेशालय को अनुमति हेतु भेजा जा सके।

# सुभाष ढटवलिया ने खारल और तप्पा गांव में सुनी जनसमस्याएं



लोगों की जनसमस्याएं सुनने के दौरान कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया।

**एसके ठाकुर, बड़सर**

जनसंपर्क अभियान के दौरान बड़सर कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने बुधवार को ग्राम पंचायत घंगोट कलां के वार्ड नं 4 के गांव तप्पा एवं ग्राम पंचायत धंगोटा के वार्ड नं. 1 के गांव खारल में लोगों से मिले एवं लोगों की समस्याओं को सुना।

इस अभियान के दौरान ढटवालिया ने सुक्खू सरकार द्वारा चलाई गई कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को अवगत करवाया। ढटवलिया ने कहा कि आर्थिक बदहाली के बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश के चौमुखी विकास करवाने में लगे हुए हैं। वहीं, भाजपा विकास में विश्वास नहीं रखती है और अपने स्वार्थ के लिए राजनीति करती है। प्रदेश की जनता सब जानती है

भाजपा की कथनी और करनी में बहुत फर्क है। इस अवसर पर समाजसेवी कैप्टन सरवन सिंह, समाजसेवी वीर प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान धनीराम, पूर्व वीडीसी, सुरजीतसिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## देवभूमि अद्वैता हार्ट एंड मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल ऊना ने अपनी पहली ओपीडी वर्षगांठ पर पेश की मिसाल

# रक्तदान शिविर से समाजसेवा में निभाई भागीदारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

देवभूमि अद्वैता हार्ट एंड मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल ऊना ने अपनी पहली ओपीडी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस सामाजिक पहल के माध्यम से अस्पताल ने समाज सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाई।

रक्तदान शिविर का शुभारंभ हॉस्पिटल के फाउंडर्स और डायरेक्टर्स डॉ. हरजिंदर सिंह एवं श्रीमती मोनिका सिंह ने किया। इस अवसर पर ऊना के प्रतिष्ठित डॉक्टर्स डॉ. विशाल (नेत्र विशेषज्ञ, विशाल आई हॉस्पिटल), प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष शर्मा, डॉ. हेमराज शर्मा, देवभूमि अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. ताहिर सलीम भट, गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ. तेजस्वी एम, और एमडी मेडिसिन डॉ. शैलेंद्र रावल उपस्थित थे। उन्होंने रिबन काटकर और दीप प्रज्वलित कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। हरजिंदर सिंह ने इस मौके पर अस्पताल शुरू करने की सोच, उसके निर्माण से लेकर इस एक वर्ष की यात्रा के बारे में अपने अनुभव साझा किए।





रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के साथ डॉ. हरजिंद्र सिंह और निदेशक मोनिका सिंह (दाएं) रक्तदाताओं को सम्मानित करते विशेषज्ञ चिकित्सक।

उन्होंने बताया कि किस तरह से अस्पताल ने मरीजों की सेवा में एक साल का सफर तय किया और लोगों का भरोसा जीता। इस अवसर पर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के ब्लड बैंक की 5 सदस्यीय टीम ने अपनी सेवाएं दीं। फाउंडर डायरेक्टर ने कुछ विशेष मरीजों को भी सम्मानित किया, जिन्होंने अस्पताल में इलाज कराकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। ऊना की ब्लड टीम लवीश और रमन को सराहनीय कार्य जो वे लगातार ब्लड डोनेशन कैंप आयोजन करके करते है, उन्हें भी सम्मानित किया। डॉ. हरजिंदर सिंह ने अस्पताल के सभी डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ और सपोर्ट टीम का धन्यवाद किया, जिन्होंने पूरे वर्ष मरीजों की सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया।

अस्पताल की डॉक्टर्स एवं मैनेजमेंट टीम ने भी अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के अंत में मोनिका सिंह ने सभी का धन्यवाद किया, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग दिया।

## 'वो दिन योजना' के तहत दी स्वच्छता पर जानकारी



**अनंत ज्ञान, अंब।** बाल विकास परियोजना अंब वृत्त चकसराय के तहत रपोह मिसरा पंचायत के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वो दिन योजना के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे डॉ. इत्ती शर्मा द्वारा विद्यालय में दसवी से लकर वाहरवीं तक के बच्चों को पौष्टिक आहार, एनीमिया प्रबंधन, डायरिया रोकथाम और माहवारी में स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। इस जागरूकता शिविर मे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य तरसेम धीमान व सहयोगी अध्यापक उपस्थित थे। इस शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग से बाल विकास परियोजना अधिकारी विजय कुमार, सांख्यिकीय सहायक संदीप चौहान, सुपरवाइजर सरीफ बीबी, सुपरवाइजर पवन कुमार, जूनियर ऑफिस असिस्टेंट अलका, पोषण अभियान ब्लॉक को-आर्डिनेटर मातुल कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व हेल्पर सहित स्थानीय महिलाएं उपस्थित थीं।

## डायरेक्टर हायर एजुकेशन राज्य स्तरीय कैंप का करेंगे समापन

**गोंदपुर बनेहड़ा।** हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के हायर एजुकेशन के डायरेक्टर डॉ अमरजीत शर्मा 10 जनवरी को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में एनएसएस के राज्य स्तरीय मेगा कैंप के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल कैंप को-ऑर्डिनेटर संजीव पाराशर एनएसएस सलाहकार समिति के सदस्य राजन शर्मा, एनएसएस के जिला कोऑर्डिनेटर मुकेश कुमार व एनएसएस के पूर्व को-आर्डिनेरर व कैंप के विशेष प्रतिनिधि दिलीप ठाकुर व जिला के सह को-ऑर्डिनेटर पवन कुमार ने दी।

## आईटीआई ऊना में साक्षात्कार 15 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** क्रॉम्पटन ग्रीव्स लिमिटेड बद्दी और सात्विक ग्रीन एनर्जी अंबाला द्वारा 100-100 पदों के लिए साक्षात्कार 15 जनवरी को आईटीआई ऊना में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी आईटीआई के प्रधानाचार्य इंजीनियर अंशुल धीमान ने दी। उन्होंने बताया कि यह पद केवल पुरुष वर्ग से भरे जाएंगे। क्रॉम्पटन ग्रीव्स लिमिटेड में किसी भी ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण फ्रेशर्स अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं।

**क्रॉम्पटन ग्रीव्स और सात्विक ग्रीन एनर्जी में भरे जाएंगे 100-100 पद**

इसके अलावा सात्विक ग्रीन एनर्जी में फिटर, इलेक्ट्रिशियन, ऑटो इलेक्ट्रिशन, मैकेनिक इलेक्ट्रॉनिक्स और मैकेनिकल ट्रेड के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि क्रॉम्पटन ग्रीव्स लिमिटेड में फ्रेशर्स अभ्यर्थियों की आयु 18 से 23 वर्ष तथा सात्विक ग्रीन एनर्जी में अनुभवी अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष तक निर्धारित की गई है। इसके अलावा साक्षात्कार में चययिनत होने पर फ्रेशर्स को 13 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन और अनुभवी अभ्यर्थियों को कंपनी की पुरानी सैलरी से 15 से 20 प्रतिशत ज्यादा वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त ईएसआई, पीएफ, मेडिकल, ओवर टाइम और 18 रुपए प्रति टाइम भोजन की सुविधा भी रहेगी।

# छात्रों को लक्ष्य निर्धारित करना जरूरी : सुरेश

## विधायक ने नवाजे नव विभोर स्कूल सुलगवान व धमरोल स्कूल के मेधावी

**एसके शर्मा, जाहू**

विधायक सुरेश कुमार ने नव विभोर पब्लिक स्कूल सुलगवान में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्जलित करके किया। कार्यक्रम की शुरु आत बच्चों ने सरस्वती वंदना से की। स्कूल के प्रधानाचार्य ललित मोहन में वार्षिक रिपोर्ट के माध्यम से स्कूल की शैक्षणिक खेलकूद व अन्य उपलबिधयों से अवगत करवाया। इस दौरान विधायक सुरेश कुमार ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार रुपए देने व स्कूल तक पक्का रास्ता बनाने की घोषणा की। कार्यक्रम में भोरंज ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष विजय बन्याल, पूर्व अध्यक्ष राजीव लाल मैहर व अन्य उपस्थित रहे।

वहीं, राजकीय उच्च पाठशाला धमरोल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन की सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारित करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व की सरकार प्रदेश में शिक्षा में व्यापाक सुधार करके बच्चों को स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा देने को बल दे रही है। इसके लिए हिमाचल प्रदेश में कलस्टर सिस्टम शुरू किया गया है। बच्चों को सरकारी स्कूलों में आधुनिक शिक्षा मिले, इसके लिए स्मार्ट क्लास रूमों की सुविधा दी गई है।



नव विभोर पब्लिक स्कूल सुलगवान में विधायक सुरेश कुमार के साथ स्कूल की छात्राएं।

उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अध्यापक और अभिभावक की मदद से कडी मेहनत करके मेधावी छात्र बनें। उन्होंने कहा कि धमरोल स्कूल में 5 लाख रुपए की लागत से सोलर पैनल की सुविधा दी गई है तथा 15 लाख रुपए से डिजिटल पुस्कालय की व्यवस्था की जा रही है ताकि स्कूल के बच्चों प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें। उन्होंने कहा कि धमरोल वल्ली-मैरा सड़क का निर्माण किया जा रहा है तथा लोगों की सुविधा के लिए पुल भी बनेगा। उन्होंने स्कूल में डंगा लगाने स्कूल की छत की मरम्मत तथा शौचालय के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की। इस दौरान स्कूल के मुख्याध्यापक केवल कृष्ण ने वार्षिक रिपोर्ट के स्कूल की उपलब्धियों से अवगत करवाया। इस दौरान प्राथमिक व हाई स्कूल धमरोल में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विधायक सुरेश कुमार ने 11 हजार रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में स्कूली के मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

# मंदिर के सेवादार की मृत्यु पर गद्दीनशीन ने किया शोक प्रकट

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की छपरोह पंचायत के सुनील कुमार आयु करीब 50 जो बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन में बड़े अच्छे और सच्चे सेवादार थे, उनके अकस्मात निधन पर मंदिर के प्रमुख सेवादार एवं गद्दीनशीन बाबा अशोक ठाकुर ने दुख प्रकट किया है। बाबा अशोक ठाकुर ने बताया कि सुनील कुमार भारतीय सेना से हवलदार पद से सन 2018 में सेवानिवृत्त हुए थे और उसके बाद सुनील कुमार बाबा पहाड़िया की सेवा में समर्पित हो गए थे।



सुनील कुमार की फाइल फोटो

**बोले- बाबा पहाड़िया सुनील की आत्मा को करें शांति प्रदान**

बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन में हर शनिवार-रविवार को मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे एवं मंदिर में रखरखाव की व्यवस्था करते थे। जब मैं मंदिर में उपस्थित नहीं होता था तो पूरे मंदिर की देखभाल सहित पूजा-अर्चना करते थे। बाबा अशोक ठाकुर ने बताया कि सुनील कुमार बहुत अच्छे ओर सच्चे एवं बाबा पहाड़िया जी के अनन्य भक्त थे। मंदिर के प्रति सच्ची ओर गहरी निष्ठा के साथ सेवा करते थे। बाबा अशोक ने कहा कि बाबा पहाड़िया जी सुनील कुमार की आत्मा को शांति प्रदान करें और इस पवित्र आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें। सुनील कुमार के एक बेटा और एक बेटी है, जो अभी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सुनील कुमार बीते कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे और आइवीबाई चंडीगढ़ में उपचाराधीन थे, लेकिन बुधवार सुबह अढ़ाई बजे सुनील कुमार ने अंतिम सांस ली।

सुनील कुमार का पार्थिक शरीर घर लाया गया और पैतृक गांव छपरोह में अंतिम संस्कार किया गया। वहीं, सुनील कुमार की अंतिम यात्रा में बाबा पहाड़िया मंदिर पंजैन के गद्दीनशीन बाबा अशोक ठाकुर, अल्का ठाकुर, रजत शर्मा, मीडिया प्रभारी विपन साजन के साथ दर्जनों बाबा जी के भक्तों ने भाग लेकर सुनील कुमार को नम आंखों से विदाई दी।

## आयोजन ऊना में राज्य स्तरीय जल जागरूकता समारोह कल, मुकेश होंगे मुख्यातिथि

# जल संरक्षण और स्वच्छता की जलाई जाएगी अलख

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले के हरोली उपमंडल में 10 जनवरी को राज्य स्तरीय जल जागरूकता समारोह का आयोजन किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने को समर्पित यह आयोजन 10 जनवरी शुक्रवार को हरोली उपमंडल के कांगड़ मैदान में सुबह 10 बजे आरंभ होगा। जलशक्ति विभाग ऊना के अधीक्षण अभियंता नरेश धीमान ने बुधवार को विभागीय अधिकारियों के साथ समारोह स्थल का दौरा कर तैयारियों का निरीक्षण किया और इसे लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

नरेश धीमान ने बताया कि राज्य स्तरीय जल जागरूकता समारोह के दौरान उपमुख्यमंत्री जल शक्ति विभाग के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन भी करेंगे। समारोह में प्रदेश में बीते साल आई भयंकर प्राकृतिक आपदा के दौरान जल शक्ति विभाग के कार्यों पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री भी प्रस्तुत की जाएगी।



जल शक्ति विभाग के अधिकारी मौके का जायजा लेते हुए।

### समारोह में लगेगी विकास प्रदर्शनी

धीमान ने बताया कि समारोह में जल शक्ति विभाग की योजनाओं और विकास कार्यों के साथ अन्य विभागों की परियोजनाओं पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसमें स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार उत्पादों के स्टॉल और ईट राइट मेले की तर्ज पर पौष्टिक व्यंजनों के स्टॉल भी शामिल होंगे।

इस अवसर पर आपदा के दौरान अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए जीवन न्योछावर करने वाले दो अधिकारियों-कर्मचारियों को आदरांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों को सम्मान सौंपा जाएगा। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री प्रदेशभर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जल शक्ति विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को जल शक्ति सम्मान प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे।

समारोह में प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने वाले रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें ऊना और अन्य जिलों के नाट्य दल अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# पुलिस ने 452 ग्राम चरस सहित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले की सदर पुलिस ने गश्त के दौरान 452 ग्राम चरस बरामद कर हरीश कुमार और दीपक शर्मा को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच जारी है।

**धरनासी में रास्ता रोककर मारपीट का मामला आया सामने**

**भोरंज में गाली-गलौज और धमकी देने का लगाया आरोप**

वहीं, हमीरपुर के धरनासी गांव में चार लोगों द्वारा एक व्यक्ति का रास्ता रोककर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित सुनील कुमार की शिकायत पर राजीव कुमार, अजय कुमार, अरुण कुमार और सीमा देवी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।

वहीं, दूसरी ओर भोरंज थाना क्षेत्र में एक महिला की शिकायत पर गाली-गलौज, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज हुआ है। आरोपी जय गोपाल के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

### वाहन चालक की लापरवाही से ड्राइवर की मौत

हमीरपुर में हाइड्रा और लोडर की सहायता से वाहन निकालने के दौरान एक हादसे में हाइड्रा चालक ओम प्रकाश विश्वकर्मा की मौत हो गई। जांच में पाया गया कि लोडर चालक अनिल कुमार की लापरवाही से यह दुर्घटना हुई। सदर थाना हमीरपुर में मामला दर्ज कर जांच जारी है।

# मणिकर्ण में महिला दुकानदार की गला घोंटकर हत्या

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की पार्वती घाटी में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है।

घाटी के रशोल गांव के नजदीक जनग नामक स्थान पर गांव के रास्ते में दुकान करने वाली महिला का गला घोंटकर उसे बड़ी बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया। वहीं, उसके पति को भी इसी तरह जान से मारने की कोशिश की गई, उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है और वह क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में उपचारधीन है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुटी हुई है। एफएसएल टीम को भी वहां बुलाया गया है। वहीं, अपराध की तह तक जाने के लिए डॉग स्क्वायड की भी सेवाएं ली जा रही हैं। पुलिस ने बीएनएस की सेक्शन-103 के तहत मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मणिकर्ण घाटी के रशोल गांव में मंगलवार की रात को धनीराम और उसकी पत्नी गंगी देवी पर अज्ञात लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमले के दौरान गंगी देवी की मौत हो गई, जबकि बुजुर्ग धनी राम गंभीर रूप से घायल है।

**पति की हालत गंभीर क्षेत्रीय कुल्लू अस्पताल में उपचाराधीन**



धनीराम का उपचार क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में किया जा रहा है। हमले के बाद पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई है। इस घटना से पूरे कुल्लू जिला में सनसनी फैल गई है। वहीं, इस घटना के बाद पुलिस भी हरकत में आई है और हमलावरों की तलाश में जुट गई है। वहीं, इस सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में खौफ का माहौल बना हुआ है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

# सेल्फी का क्रेज जान पर भारी फिर भी पर्यटकों पर चढ़ी खुमारी

## मनाली के समीप नदी के बीचों-बीच जाकर पर्यटक ले रहे सेल्फी, जान जोखिम में डाल रहे

**कमलेश वर्मा, मनाली**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

सेल्फी का शौक और उसका क्रेज कुल्लू-मनाली आने वाले पर्यटकों की जिंदगी पर भारी पड़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद यहां आने वाले पर्यटकों पर नदी किनारे सेल्फी लेने की खुमारी चढ़ी हुई है।



सेल्फी के चक्कर में कई बार पर्यटकों को जान देकर इसकी कीमत भी चुकानी पड़ी है, लेकिन तब भी पर्यटक नहीं मान रहे हैं। इसका ताजा उदाहरण पर्यटन नगरी मनाली के समीप मनाली-सोलंगनाला सड़क मार्ग पर ब्यास नदी में देखने को मिल रहा है। यहां पर हर दिन पर्यटक ब्यास नदी के बीचों-बीच सेल्फी लेने के लिए पहुंच रहे हैं। वर्तमान में यह जगह पर्यटकों के लिए सेल्फी प्वाइंट ही बन गई है। यहां सुबह से लेकर शाम तक नदी किनारे और ब्यास के बीचों-बीच पत्थरों के ऊपर चढ़कर पर्यटक सेल्फी लेने में मशगूल दिखते हैं। बुधवार को भी इतनी ठंड होने के बावजूद पर्यटक नदी के किनारे बिना किसी खौफ के सेल्फी लेने में व्यस्त दिखे। हैरानी तो इस बात की है कि औट से लेकर मनाली और कसोल, मणिकर्ण, बंजार, आनी सहित जिले के हर क्षेत्र में प्रशासन और पुलिस द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा के लिए नदी किनारे न जाने की हिदायत के चलते बड़े-बड़े चेतावनी बोर्ड भी लगाए हैं, लेकिन फिर भी पर्यटक इन चेतावनी बोर्ड को नजरअंदाज करते हुए अपने अनमोल जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। यही नहीं पुलिस की ओर से बार-बार पर्यटकों से नदी किनारे न जाने की भी अपील की जा रही है बावजूद इसके पर्यटक नहीं मान रहे हैं और अपनी जान को जोखिम में डालकर नदी के बीचों-बीच पहुंच रहे हैं। मनाली में नदी किनारे सेल्फी का क्रेज दरअसल एक जानलेवा एडवेंचर साबित हो रहा है, जहां मौज-मस्ती की चाह और कुछ नया कर गुजरने की ख्वाहिश रखने वाले पर्यटकों को जान से हाथ धोना पड़ रहा है। आलम यह है कि इतने हादसे होने के बाद भी पर्यटक इससे सबक नहीं ले रहे हैं और इसका खामियाजा हर बार उनके परिवारों को झेलना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)

### कई हुए हादसों का शिकार

**कुछ** साल पहले जहां औट के पास हैदराबाद से घूमने आए इंजीनियरिंग के छात्रों को सेल्फी का क्रेज ले डूबा था और उसके बाद भी जिले में कई ऐसे हादसे पेश आ चुके हैं। वहीं, मनाली में भी ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें सेल्फी के चक्कर में पर्यटक ब्यास की जलधारा में बह गए। सेल्फी के चक्कर में कई पर्यटकों की जिंदगी खत्म हो गई, लेकिन फिर भी अन्य पर्यटकों में नदी के बीचों-बीच और किनारे जाकर सेल्फी लेने का क्रेज खत्म नहीं हो रहा।

> पर्यटकों से बार-बार अपील की जा रही है कि नदी, नालों के पास न जाएं, सतर्क रहें, सुरक्षित रहें। खासकर नदी किनारे सेल्फी लेने से बचें। पर्यटकों से अपील है कि पुलिस का सहयोग करें और लोगों की सुरक्षा के मद्देनजर जारी निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित रहें। मनाली पुलिस आपकी सुरक्षा और सुविधा के लिए लगातार प्रयासरत है। आपकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है।
>
> **केडी शर्मा, डीएसपी मनाली।**

# बंजार में तहसीलदार व नायब तहसीलदार के पदों का रिक्त होना दुर्भाग्यपूर्ण : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के राज में जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने



कहा कि बंजार की ही बात की जाए, तो पिछले दो माह से यहां पर तहसीलदार व नायब तहसीलदार के पद रिक्त चल रहे हैं, जिससे बंजार की जनता के काफी कार्य रुके हैं और जनता परेशान है। आए दिन बंजार क्षेत्र में आपदा के नए मामले सामने आ रहे हैं।

विभिन्न आपदाओं से राहत व पुनर्वास कार्यों में राजस्व विभाग व विभाग के प्रशासनिक प्रमुख तहसीलदार व नायब तहसीलदार की अग्रणी भूमिका से परिचित हैं। ऐसे में तहसीलदार व नायब तहसीलदार के पद रिक्त होने से जनता को किस तरह की दिक्कतें झेलनी पड़ रही है, इसको लेकर प्रदेश सरकार गंभीर नहीं है। यही नहीं कानूनगो के पद भी यहां रिक्त चल रहे हैं।

ऐसे में वर्तमान समय में बंजार क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यों सहित आपदा में राहत एवं पुनर्वास कार्यों में जनता को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने कहा है कि ऐसा पहली बार हुआ है, जब प्रशासनिक महता का इतने बड़े पद बंजार में इतने लंबे समय तक खाली रहे हो। तहसीलदार, नायब-तहसीलदार के अति महत्वपूर्ण पदों को ऐसे समय में खाली रखने के पीछे सरकार की जनता की उत्पीड़न करने की मंशा साफ झलकती है।

सरकार के स्थानीय नुमाइंदे भी इस विषय पर आंखे मूंद कर बैठे हैं। बंजार की इस तरह से अनदेखी बेहद खेदपूर्ण है। इसके साथ ही विधायक ने सरकार से पंचायतीराज विभाग व कृषि विभाग में खाली पड़े विभिन्न पदों को जल्द भरने की मांग की है।

### सरकार के भेदभावपूर्ण रवैये बारे जनता को करेंगे जागरूक

**विधायक** सुरेंद्र शौरी ने वर्तमान कांग्रेस सरकार के दो साल के कार्यकाल में बंजार विधानसभा क्षेत्र में रुके व बंद पड़े विकास कार्यों को लेकर सरकार के खिलाफ एक खुला पत्र जारी किया है। बंजार से कांग्रेस सरकार द्वारा किए जा रहे भेदभावपूर्ण रवैये पर विधायक शौरी ने जनता का ध्यान आकर्षित करने का इस पत्र के माध्यम से प्रयास किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, आनी।** पुलिस थाना आनी के अंतर्गत महिला और उसके बच्चों को अश्लील गालियां देने और जिंदा जलाने की धमकी देने का मामला दर्ज हुआ है। शिकायतकर्ता रोशन लाल निवासी छलाच पंचायत करशेइगाड जिला कुल्लू ने पुलिस थाना आकर शिकायत दर्ज करवाई कि वह मनाली में काम करता है, जबकि उसकी पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चे गांव में अपने घर पर रहते हैं। रोशन लाल ने शिकायत लिखवाई कि उसके ही गांव का मोहन लाल और सना देवी ने 5 जनवरी को उसके घर के आंगन में आकर उसकी पत्नी और बच्चों के साथ गाली-गलौज कर बेइज्जत किया और मारपीट शुरू कर दी। गनीमत रही कि वार्ड पंच रक्षा देवी और रोशन लाल के माता-पिता ने बीच बचाव कर उन्हें बचाया। रोशन लाल के मुताबिक मोहन लाल और सना देवी ने जाते-जाते उसकी पत्नी और बच्चों को घर मे ही जिंदा जला देने की धमकी दी। वहीं, रोशन लाल ने पुलिस को बताया कि गत वर्ष भी घर में अकेली रह रही उसकी पत्नी का मोहन लाल द्वारा नहाते हुए चुपके से विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल किया था, जिसके बाद मोहन ने बाकायदा पंचायत में आकर उसकी पत्नी से लिखित में माफी मांगी थी। रोशनलाल ने माफिनामे की प्रतिलिपि भी पुलिस को उपलब्ध करवाई है। साथ ही कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि पुलिस ने रोशन लाल की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 332 (सी) 352, 351(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर आगामी छानबीन शुरू कर दी है।

### पैराग्लाइडर से गिरकर हैदराबाद के पर्यटक की मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला कुल्लू की रायसन के नजदीक पैराग्लाइडिंग साइट पर एक बड़ा हादसा पेश आया है। इस हादसे में हैदराबाद के एक पर्यटक की गिरकर मौत हो गई। पैराग्लाइडिंग के दौरान हवा तेज होने के कारण पैराग्लाइडर 25-30 फुट ऊंचाई से गिर गया, जिससे पर्यटक को गंभीर चोटें आईं। घायल पर्यटक को पहले भुंतर के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान पर्यटक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में ले लिया। कुल्लू के पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकियन गोकुलचंद्रन ने बताया कि धारा 125, 106 भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पर्यटक की पहचान महेश रेड्डी उम्र 32 वर्षपुत्र त परमेश निवासी हाउस नंबर-11 इनकम टैक्स कॉलोनी रोड नंबर-06 आंध्रप्रदेश के रूप में हुई है।

### निबंध प्रतियोगिता में मनीषा पहले स्थान पर



**अनंत ज्ञान, भुंतर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शमशी में राज्य कार्यालय खादी और ग्रामोद्योग आयोग शिमला द्वारा लोक प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण संस्थान के कार्यकारी प्रधानाचार्य युवराज सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम में खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान निबंध प्रतियोगिता तथा वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया तथा निबंध प्रतियोगिता में कुमारी मनीषा-प्रथम, सानिया द्वितीय तथा विकेंद्र कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसके साथ वाद-विवाद प्रतियोगिता में कंचन प्रथम, मनीषा द्वितीय तथा नेहा चौहान तृतीय रही।

### केलांग-उदयपुर के लिए आज से दौड़ेंगी बसें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला मुख्यालय केलांग से उदयपुर के लिए दो सप्ताह बाद निगम की बस सेवा शुरू होगी। बुधवार को एचआरटीसी केलांग ने उदयपुर तक बस का ट्रायल किया, जो सफल रहा। अब विरवार को निगम की बस सेवा को शुरू करने का निर्णय लिया है। बसों के आवागमन से घाटी के लोगों को जिला मुख्यालय केलांग आने में आसानी होगी। अभी तक लोग टैक्सी में सफर करने को मजबूर थे। विधायक अनुराधा राणा ने एचआरटीसी प्रबंधन सड़क की स्थिति जांचने व बेहतर होने पर बस सेवा शुरू करवाने की बात कही थी। केलांग डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक आयुष उपाध्याय ने बताया कि केलांग से उदयपुर के बीच वीरवार को एक बस चलाई जाएगी। बस केलांग बस अड्डे से सुबह 11 बजे उदयपुर के लिए निकलेगी और यही दो बजे के करीब उदयपुर से केलांग आएगी। केलांग उदयपुर रूट पर बस संचालन होने से पट्टन घाटी के लोगों को काफी राहत मिलेगी। घाटी के ग्रामीण दोरजे, टशी राम, सोमदेव, पन्ना लाल, जगदीश व रणबीर ने बस सेवा शुरू करने के लिए विधायक अनुराधा राणा सहित एचआरटीसी केलांग का आभार जताया है।

### एसडीएम ने किया बामणिएं वीडियो एल्बम का विमोचन



**अनंत ज्ञान, मनाली।** हिमाचली लोक गायक वरुण कुमार का पहाड़ी गीत बामणिएं वीडियो एल्बम का विमोचन एसडीएम मनाली रमन कुमार ने किया। इस मौके पर उनके साथ डीएसपी मनाली केडी शर्मा भी उपस्थित रहे। आपको बता दें कि इस पहाड़ी वीडियो एल्बम में हिमाचली लोक गायक वरुण ठाकुर ने सुंदर गीत गया और इस वीडियो एल्बम में मनाली के प्रसिद्ध अदाकार इंद्र ठाकुर के साथ मॉडल प्रेरणा नेगी ने बेहतरीन रोल अदा किया है।

# केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखी एनएच-305 के निर्माण के लिए 531 .41 करोड़ की मांग

**अनंत ज्ञान, आनी**



आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन जयराम गडकरी के समक्ष राष्ट्रीय राजमार्ग-305 के तहत सैंज-लूहरी-औट के विस्तारीकरण एवं भू-अधिग्रहण की विस्तृत परियोजना की कुल लागत के लिए 531.41 करोड़ रुपएए की मांग रखी।

विधायक ने बताया कि इस सड़क से संबंधित सारे कागजात केंद्रीय कार्यालय के लिए प्रेषित किए जा चुके हैं, बस बजट का प्रावधान होना बाकी है। केंद्रीय मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के लिए जल्द बजट की स्वीकृति प्रदान की जाएगी। विधायक ने कहा कि यह राजमार्ग प्रदेश का एक प्रमुख मार्ग है, जिसका लाभ प्रदेश के अधिकांश जिलों की जनता को मिलेगा। साथ ही उन्होंने हालही में राष्ट्रीय राजमार्ग-305 के तहत प्रस्तावित जलोड़ी पास सुरंग की एलाइनमेंट की स्वीकृति प्रदान करने के लिए केंद्रीय मंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त किया और केंद्रीय मंत्री से इस प्रोजेक्ट मे तेजी लाने का भी आग्रह किया। विधायक ने विधानसभा क्षेत्र आनी कि विभिन्न सड़कों, पुलों परियोजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श कर उनके लिए जल्द राशि स्वीकृत करने का आग्रह किया ।

# पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन देकर लौटी कृतिका

**अनंत ज्ञान, निरमंड।** माय भारत पोर्टल के तहत यंग इंडिया डायलॉग कार्यक्रम के तहत पूरे देश भर में विभिन्न चरणों में प्रतियोगिताएं



आयोजित की गई। इसी कड़ी में निरमंड स्कूल की कृतिका शर्मा ने यंग इंडिया डायलॉग के फिट इंडिया पर तीसरे चरण में केंद्रीय विश्वविद्यालय में काफी मजबूती के साथ अपना वक्तव्य पावर प्वॉइंट के माध्यम से रखा। यंग इंडिया डायलॉग के तहत सबसे पहले पूरे देश स्तर पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कृतिका शर्मा केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला से प्रस्तुति देकर लौटी है और वे इस प्रतियोगिता से काफी उत्साहित है। उन्होंने कहा कि यहां पर प्रस्तुति देने के बारे में मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था। उन्होंने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यहां पर प्रेजेंटेशन से जहां उनका आत्मबल बढ़ा है।

# लुहरी जल विद्युत परियोजना की निर्माणाधीन कंपनी और प्रबंधन के खिलाफ दिया धरना

**अनंत ज्ञान, निरमंड**



हिमाचल किसान सभा ने लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट प्रभावित कमेटी के आह्वान पर बुधबार को नित्थर में अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन व चक्का जाम किया। इस प्रदर्शन में देहरा, निथर, दुराह व गड़ेच पंचायत के सैकड़ों किसानों ने भाग लिया।

इस प्रदर्शन को किसान सभा महासचिव देवकी नंद, उपाध्यक्ष रणजीत ठाकुर व कपिल ठाकुर ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि लुहरी प्रोजेक्ट के निर्माण से किसानों की पीड़ा बढ़ी हैं। परियोजना निर्माण की धूल से किसानों व बागवानों की फसलों को भारी नुकसान हो रहा है और परियोजना निर्माण कार्य में अंधाधुंध ब्लास्टिंग से लोगों के मकानों में दरारें आ गई हैं, जिसका मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है। किसान नेताओं ने कहा कि अभी तक मकानों में आई दरारों का केवल देहरा पंचायत में ही सर्वे हुआ है, लेकिन मुआवजा नहीं दिया गया है, जबकि बाकी पंचायतों में अभी तक सर्वे ही शुरू नहीं किया गया है। धूल से जो फसलों का नुकसान हुआ है उसका भी मुआवजा नहीं दिया गया है।

ऐसे में किसान सभा मांग करती है कि जहां पर फसलों के नुकसान का सर्वे हो चुका है, वहां उसका मुआवजा जल्द दिया जाए और जहां पर सर्वे होना है उसका सर्वे तुरंत किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते हुए किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस प्रदर्शन में परियोजना प्रभावित डोला राम, जोगिंदर, संदेश, पदम, राजेश, जन्मेश, अमी चंद, रणजीत, रेखा, रेवती देवी, उमा देवी, मेहरू देवी, निशा देवी, चुनी लाल, चंदा शर्मा, रमा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# कब बनेगी शमशर से शाह वाया पनेई सड़क!

## 18 साल से आश्वासनों में ही झूल रहा सड़क निर्माण, कुर्सी पर ढोए जाते हैं मरीज

**अनंत ज्ञान, निरमंड**

हालांकि प्रदेश सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे करती आ रही है, लेकिन उसके दावों की पोल प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र की असुविधाएं उड़ा देती हैं। जब असुविधाओं के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों से मरीजों को पालकी या कुर्सी पर बिठा कंधे पर उठाकर सड़क तक पहुंचाने की तस्वीरें सामने आती हैं।

आनी में शमशर से शाह पनेई 9 किलोमीटर लंबी प्रस्तावित सड़क निर्माण का मसला भी बजट के अभाव में लटका हुआ है। सड़क निर्माण के लिए वन विभाग की तरफ से फाइनल अप्रूवल आ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि हम 11 गांवों के वाशिंदे सड़क के मसले पर 18 वर्षों से लगातार ठगे जा रहे हैं। चुनावों में नेता आते हैं, कसमें खाते हैं कि शमशर से शाह वाया पनेई सड़क बन जाएगी और चुनावों के बाद भूल जाते हैं। प्रशासन भी वर्षों से टालमटोल का रवैया अपनाए हुए है।

ग्रामीणों का कहना है कि उनकी सड़क बनने से शमशर तनोटा जुनू पलैण जमदा भीखी कुटल टिपरी धारण बश्लेड़ा शुहच प्लेणी व शाह आदि 11 गांवों की भाग्यरेखा बदल जाएगी।


यह सड़क लगभग 3000 लोगों के लिए जीवनरेखा साबित होगी। ग्रामीणों का कहना है कि उनसे पहले भी बहुत लोगों ने सड़क का सपना देखा कई इस अधूरे सपने के साथ चल बसे और कई बूढ़े अब भी इंतजार में हैं कि शायद उनके भाग्य में सड़क देखना लिखा हो और कई नौजवान यह सपना पाले हुए जी रहे हैं कि अपने बुजुर्गों को गाड़ी में घुमा पाएंगे। उनका कहना है कि यह दुख तब और भी गहरा हो जाता है, जब हर दिन कहीं न कहीं सड़कों का शिलान्यास होता है या लोकार्पण होता है। लोग अपने आपको ठगा हुआ महसूस करते हैं और शर्मिंदा होते हैं। उधर, इस बारे में लोक निर्माण उपमंडल आनी के सहायक अभियंता ई. मुनीष कुमार ने बताया कि प्रस्तावित सड़क को वन विभाग की तरफ से फाइनल अप्रूवल मिल गई है। सड़क को स्वीकृति के लिए पीएमजीएसवाई चरण-4 में डाला गया है।

### सड़क सुविधा के लिए लगे लगाए बगीचे उखाड़ दिए

**ग्रामीणों** का कहना है कि सड़क सुविधा के लिए लोगों ने अपने लगे लगाए बगीचे उखाड़ दिए, लेकिन सड़क के अभाव में सेब को पीठ पर ढोकर सड़क तक पहुंचाने को विवश हैं। ग्रामीणों के बीमार होने पर एंबुलेंस सुविधा के अभाव में लोगों को मजबूरन अपने मरीज कुर्सी पर उठाकर सड़क तक पहुंचाने पड़ते हैं। ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शमशर से शाह वाया पनेई सड़क को जल्द सिरे चढ़ाने की मांग की है।

# सिस्सू में होगा आइस स्केटिंग ट्रेनिंग कैंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा ने कहा कि हिमाचल आइस स्केटिंग एसोसिएशन मनाली द्वारा लाहौल उपमंडल की पंचायत सिस्सू में पांच



दिवसीय आइस स्केटिंग ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस आइस स्केटिंग ट्रेनिंग कैंप का आयोजन 10 से 14 जनवरी तक किया जाएगा। उन्होंने जिले व प्रदेश के अन्य जिलों के आइस स्केटिंग सीखने वाले इच्छुक बच्चों से आग्रह किया कि वह 10 जनवरी से पूर्व इस कैंप में भाग लेने के लिए 7018927519 मोबाइल नंबर पर अपनी रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले के अधिक से अधिक बच्चों से इस कैंप में भाग लेने का आग्रह किया है।

## रंग लाया बार-बार किया प्रयास, बनी एचएएस अधिकारी

# एचएएस में चयनित होने वाली लाहौल स्पीति की पहली युवती बनी प्रियंका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



लाहौल के शांशा गांव की प्रियंका की मेहनत रंग लाई है। बार-बार प्रयास करने के बाद उन्होंने एचएएस अधिकारी बनने का सपना पूरा कर लिया है। प्रियंका एचएएस में चयनित होने वाली लाहौल-स्पीति की पहली युवती बन गई है।

प्रियंका लाहौल-स्पीति के लाहौल उपमंडल के शांशा गांव से संबंध रखती हैं। वह-2021 में बीडीओ के रूप में चयनित हो गई थी और जिला मंडी में बीडीओ के पद पर सेवाएं दे रही थी। प्रियंका की माता शकुंतला गृहिणी हैं और पिता प्रेम लाल होम्योपैथी डॉक्टर हैं। प्रियंका के एचएएस में चयनित होने पर घाटी में खुशी की लहर है। प्रियंका की इस कामयाबी पर लाहौल-स्पीति के पहले युवा एचएएस व वर्तमान में एडीएम कुल्लू अश्वनी कुमार ने भी बधाई दी है। अश्वनी कुमार ने बताया कि निश्चित रूप से यह एक बड़ी उपलब्धि है और उनकी सफलता आने वाले समय में कई अन्य युवक-युवतियों को प्रेरित करेगी।

प्रियंका ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता को दिया। उन्होंने कहा कि 2021 में जब वह बीडीओ के लिए चयनित हुई, तो निराश न होकर खुशी खुशी नौकरी ज्वाइन की और अपने सपने को साकार करने में जुटी रही।

# राष्ट्रीय स्तर पर आनी स्कूल के विद्यार्थियों का बेहतरीन प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, आनी**



भोपाल और ग्वालियर में संपन्न इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक और राष्ट्रीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी के छात्रों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से देशभर से आए प्रतिभागियों की वाहवाही लूटी है।

भोपाल में 3 से 7 जनवरी तक विद्यालय की टीम हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए शिक्षक वेद प्रकाश नेगी के मार्गदर्शन में भोपाल रवाना हुई और अपना उत्तम प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने स्थानीय वाद्ययंत्रों की विभिन्न धुन्नों का निष्पादन करते हुए दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया। ग्वालियर में संपन्न राष्ट्रीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में नौवीं के छह छात्रों ने बदलते पारिवारिक मूल्यों थीम पर आधारित अपने अंग अभिनय पर जहां एक ओर ज्युरी के सदस्यों ने शब्द-पुष्पों से प्रशंसा की। वहीं, देशभर से उपस्थित 35 राज्यों के ऐस्कॉट टीचर तथा सभी दर्शक झूम उठे। राष्ट्रीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में तीसरी बार और कला उत्सव में दूसरी बार राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय ने हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। ग्वालियर में संपन्न राष्ट्रीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में एनसीईआरटी द्वारा छात्रों और एस्कॉर्ट टीचर्स को राष्ट्रीय प्रतीक सत्यमेव जयते से युक्त स्मृति चिन्ह, वॉटर बॉटल, एक-एक बैग तथा प्रतिभागिता प्रमाण पत्र देखकर पुरस्कृत किया।

**निर्णय** लला मेमे की पुण्यतिथि व रक्तदान शिविर के आयोजन की समीक्षा बैठक आयोजित

# धूमधाम से मनाई जाएगी लला मेमे की पुण्यतिथि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



लला मेमे फाउंडेशन की बैठक कुल्लू के बदाह गोंपा में सोनम राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में फाउंडेशन के समस्त पदाधिकारी और सदस्यों ने भाग लिया।

फाउंडेशन के अध्यक्ष मंगल चंद मनेपा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी 15 फरवरी को फाउंडेशन लला मेमे की 14वीं पुण्यतिथि मना मनाने जा रही है, जबकि 13 फरवरी को रक्तदान शिविर आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर बदाह गोंपा में बैठक आयोजित हुई, जिसमें कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर फाउंडेशन के रक्तदान शिविर के संयोजक प्रेम लाल ने बताया कि फाउंडेशन के लिए हर्ष का विषय है कि वर्ष-2012 से अब तक 8500 यूनिट विभिन्न रक्तदान शिविरों के माध्यम से एकत्रित किया गया और उसे आवश्यक लोगों तक पहुंचाया जाता रहा है। रक्तदान शिविर में इस बार भी ग्रीन पीस कॉलोनी, हनुमानी बाग से लेकर भुंतर और शमशी तक के महिला मंडल एवं समितियां पारंपरिक व्यंजन और अन्य आवश्यकताओं की व्यवस्था करेंगी। पुण्यतिथि के दिन एक बौद्ध और एक हिंदू महात्मा हर वर्ष की भांति प्रवचन करेंगे और विभिन्न विभूतियों का भी इस दिन सम्मान किया जाएगा। बैठक में शकुंतला देवी (शकुन) को सर्वसम्मति से महासचिव और रत्तन कटोच को संयोजक (स्वच्छता अभियान) का पदभार दिया गया। बैठक में उपाध्यक्ष चंद्र मोहन परशीरा, निर्मल चंद, रामानंद, अंगमो, छेरिंग अंगमो, मनोज भोट, शाम आजाद, रतन कटोच, राज सिंघानिया, अजय और बहुत सारे महिला मंडल के सदस्यों ने भाग लिया।

### कौन थे लला मेमे

**लाहौल** के आध्यात्मिक गुरु लला मेमे ने 2011 में जीवन के सौ वर्ष पूर्ण कर अपनी सांसारिक यात्रा समाप्त की थी और उसके पश्चात उनके प्रति आस्था रखने वालों ने उनकी विशाल प्रतिमा गौशाल गांव के महादेव मंदिर में स्थापित की थी। यह किसी व्यक्ति विशेष की पहली प्रतिमा थी, जो किसी मंदिर में स्थापित हुई थी। उसी वर्ष लला मेमे फाउंडेशन की स्थापना हुई और उनकी पुण्यतिथि मनाने का फैसला लिया गया। मंगल चंद मनेपा की अध्यक्षता में तब से लगातार 15 फरवरी के दिन इनकी पुण्यतिथि मनाई जाती है और उससे दो दिन पहले कुल्लू में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें भारतीय अर्ध सेना बल, सीमा सुरक्षा बल, सीमा सड़क संगठन, हिमाचल पुलिस आदि के साथ असंख्य स्थानीय संगठन और युवा रक्तदान करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 205 ग्राम चरस के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** पुलिस थाना पांवटा साहिब की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर लंकेश पुत्र खतरीराम निवासी गांव व डा पनोग तह. शिलाई जिला सिरमौर जो चरस/सुल्फा बेचने का धंधा करता है। वह चाय की दुकान नजद गर्ल स्कूल पांवटा साहिब में बैठा था, उसके कब्जे से 205 ग्राम चरस बरामद की, जिस पर पुलिस थाना पांवटा साहिब में उपरोक्त आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है व अभियोग में अन्वेषण जारी है।

### 70 लाख के गहने व कैश लेकर चोर फरार

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बरोटीवाला के झाड़माजरी स्थित हिल व्यू अपार्टमेंट में चोरों ने फ्लैट का ताला तोड़कर करीबन 70 लाख रुपए की ज्वैलरी व कैश पर हाथ साफ कर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आगामी तफ्तीश शुरू कर दी है और आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए हैं। पुलिस के हाथ सीसीटीवी फुटेज भी लगी है, जिसमें चार से पांच संदिग्ध नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे हिल व्यू अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर-202 की ताला तोड़ने की घटना हुई। पुलिस को दी शिकायत में कीर्ति गर्ग पत्नी विकास गर्ग झाड़माजरी ने बताया कि वह अपने मायके गई हुई थी पीछे से कुछ अज्ञात लोगों ने फ्लैट का ताला तोड़कर अलमारी में रखा कैश व लाखों रुपए के डायमंड व ज्वैलरी चोरी कर फरार हो गए। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि झाड़माजरी में हिल व्यू अपार्टमेंट स्थित एक फ्लैट में चोरी की शिकायत मिली है, जिसकी तफ्तीश की जा रही है।

### लवनेश ने पास की बैंक प्रोबेशनरी ऑफिसर की परीक्षा

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** सरस्वती विद्या मंदिर दाड़लाघाट के पूर्व छात्र लवनेश ठाकुर ने बैंक प्रोबेशनरी ऑफिसर की परीक्षा पास की है। लवनेश पुत्र रमेश सिंह ठाकुर, जिला बिलासपुर के छकोह गांव से एक साधारण परिवार से संबंधित है। उन्होंने अपनी नर्सरी से लेकर जमा दो तक की स्कूल शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर दाड़लाघाट से पूरी की थी। लवनेश की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य गीता राम और विद्यालय परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय परिवार ने लवनेश की सफलता पर गर्व व्यक्त किया है और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### पारस खेलेगा नेशनल वॉलीबाल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजगढ़ के भाणत गांव के पारस पुंडीर का चयन राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 7 से 13 जनवरी तक राजस्थान के जयपुर में किया जाना है और टीम आज जयपुर के लिए रवाना हो चुकी है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रदेश टीम के उपजे विवाद के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री ने हस्तक्षेप करते हुए फिर से ट्रायल करवाने का निर्णय लिया और इस ट्रायल में राजगढ़ क्षेत्र के युवा पारस पुंडीर का चयन भी प्रदेश की टीम में हुआ। पारस पुंडीर जयपुर में प्रदेश की टीम का नेतृत्व करेगा। पारस वर्तमान में ऊना स्पोर्ट्स हॉस्टल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है और डिग्री कॉलेज का छात्र है। पारस इससे पहले अंडर-14 वर्ग में कबड्डी व अंडर-19 में वॉलीबाल नेशनल के अतिरिक्त खेलो इंडिया में भी प्रदेश का नेतृत्व कर चुका है। पारस के चयन पर राजगढ़ के वॉलीबाल खिलाड़ियों में खुशी की लहर है।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मरम्मत की सुविधा दी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा आईटीआई दाड़लाघाट ने सुई सुरहाड़ में एक समुदाय सहायता शिविर का आयोजन किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्राम वासियों को सहायता प्रदान करना और इलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के प्रशिक्षकों के व्यावहारिक कौशल को निखारना था। शिविर में गांव वासियों को उनके खराब वाशिंग मशीन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मरम्मत की सुविधा भी प्रदान की गई, जिसे ग्रामीणों ने काफी सराहा। शिविर के दौरान लीना देवी, मगलू देवी, ज्ञानचंद, बुद्धि सिंह, सुरेंद्र, भारती और अंबुजा आईटीआई दाड़लाघाट संस्थान की ओर से दलीप शर्मा, संदीप अरोड़ा और मोहित शर्मा भी मौजूद रहे।

### छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर पंचायत कोटला पंजोला में संपन्न हुआ। शिविर में बीएससी बागवानी और वानिकी कार्यक्रम के तीसरे वर्ष के 120 छात्रों ने भाग लिया। पूरे सप्ताह, छात्रों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और स्थानीय ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ समुदाय में योगदान दिया। उद्घाटन समारोह में ब्रह्माकुमारी संगठन की बहन प्रीति, छात्र कल्याण डीन डॉ. केके रैना और पंचायत प्रधान हेमराज कश्यप उपस्थित थे। इस अवसर पर आध्यात्मिक जागृति और आत्म-बोध पर एक भाषण दिया गया, जिसमें व्यक्तिगत विकास पर आत्म निरीक्षण और आत्म-जागरूकता के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर दिया गया। शिविर के दौरान, एनएसएस स्वयंसेवियों ने व्यापक स्वच्छता अभियान में भाग लिया। स्थानीय जल निकायों, मंदिर परिसर और पंचायत क्षेत्र के साथ-साथ कालाघाट से डोलांजी मोनेस्टरी तक सड़क की सफाई की। स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय युवा दिवस भी मनाया, साथ ही ब्रह्माकुमारियों ने छात्रों के बीच नशा मुक्त भारत अभियान के बारे में जागरूकता बढ़ाई। उन्होंने इस विषय पर एक नाटक प्रस्तुत किया और छात्रों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। बुधवार को आयोजित समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में वानिकी और बागवानी कॉलेज के डीन डॉ. सीएल ठाकुर और डॉ. मनीष शर्मा उपस्थित थे।

### संगड़ाह व राजगढ़ में लगेंगे विशेष आधार शिविर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा ने बताया कि विकास खंड संगड़ाह तथा राजगढ़ में 9 से 31 जनवरी तक जन सुविधा के लिए विशेष आधार शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि विकास खंड संगड़ाह की पंचायत सेर तंदूला में 9 से 12 जनवरी तक, विकासखंड संगड़ाह की पंचायत टिक्कर में 15 से 20 जनवरी, ग्राम पंचायत शलाणा में 21 से 25 तक पंचायत छोगटाली में यह शिविर 26 जनवरी से 31 जनवरी तक लगाए जाएंगे। इन तिथियों के दौरान प्रवीण कुमार द्वारा संचालित आधार केंद्र राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लाना चेता में कार्यशील आधार केंद्र बंद रहेगा। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि आधार केंद्र में सुरक्षा व सामाजिक दूरी के नियमों की अनुपालना सुनिश्चित करें तथा निर्धारित तिथियों अनुसार इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### राजेश्वर बने एंटोमोलॉजिकल सोसायटी के लाइफ फेलो

**अनंत ज्ञान, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (यूएचएफ), नौणी के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल को कीट विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए एंटोमोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया (ईएसआई) के मानद लाइफ फेलो के रूप में सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान मंगलवार को नई दिल्ली में ईएसआई और आईएआरआई के एंटोमोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित फ्रंटियर्स इन एंटोमोलॉजी-2025 और ईएसआई स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान दिया गया। 1938 में स्थापित, एंटोमोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया देश के बड़े पेशेवर संगठनों में से एक है, जो संबंधित विषयों में कीट वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को समर्थन देने के लिए समर्पित है। सोसायटी अपनी स्थापना के बाद से ही विभिन्न पुस्तकों और तकनीकी बुलेटिनों के साथ इंडियन जर्नल ऑफ एंटोमोलॉजी का प्रकाशन कर रही है। प्रोफेसर चंदेल को इंसेक्ट-पेस्ट प्रबंधन, मधुमक्खी पारिस्थितिकी, कीटनाशक विष विज्ञान और टिकाऊ फसल उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से प्राकृतिक खेती प्रथाओं में उनके काम के लिए व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है।

### मानव-कंप्यूटर संपर्क पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**अनंत ज्ञान, सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय के योगानंद स्कूल ऑफ एआई, कंप्यूटर और डेटा साइंसेज द्वारा आईआईटी मंडी और आईक्रिएट, गुजरात के सहयोग से आयोजित मानव-कंप्यूटर इंटरैक्शन और संज्ञानात्मक कंप्यूटिंग (एचसीआईसीसी-2025) पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन परिसर में आरंभ हुआ। सम्मेलन के प्रमुख भागीदारों में शूलिनी विश्वविद्यालय एसीएम छात्र चैप्टर और सीएसएलएसी विज्ञान संग्रहालय, शिमला, भारत सरकार के विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) की सहायक कंपनी अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) और एनआईईएलआईटी शिमला को और से वित्तीय रूप से समर्थित सम्मेलन ने वैश्विक विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और उद्योग के पेशेवरों के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। मानव-कंप्यूटर इंटरेक्शन (एचसीआई) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में प्रगति पर चर्चा करने के लिए शामिल थे। स्वागत भाषण प्रोफेसर वीरेंद्र रिहानी ने दिया, जिन्होंने टीआईएच आईआईटी मंडी और आईक्रिएट गुजरात सहित ज्ञान भागीदारों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

# मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल निर्माण को 14 करोड़ की अतिरिक्त राशि मंजूर

**आर मोहन चौहान, सोलन**

जिला मुख्यालय सोलन के कथेड़ में निर्माणाधीन मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के कार्य में तेजी आने की उम्मीद जगी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह की संस्तुति से अस्पताल निर्माण को 14 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली है।

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने इसकी पुष्टि की है, अब अस्पताल निर्माण को सिरे चढ़ना आसान होगा। बता दें कि बजट की कमी से ठेकेदार की तरफ से निर्माण कार्य को आगे बढ़ाने में आनाकनी भी सामने आई। इससे कुछ समय निर्माण कार्य भी रुका। इससे पहले सरकार अस्पताल निर्माण को 15 करोड़ रुपए की किस्त जारी कर चुकी है। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और सोलन के विधायक कर्नल धनीराम शांडिल पहले ही कह चुके हैं कि यह प्रोजेक्ट उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है। अस्पताल का निर्माण सर्वोत्तम प्राथमिकता है। पैसे की कमी से ठेकेदार अपनी जेब से ही इस निर्माण कार्य पर 10 करोड़ रुपए खर्च कर चुके हैं। ऐसे में पहले जारी हुए 15 करोड़ रुपए की किस्त में से 5 करोड़ रुपए ही निर्माण कार्य के लिए बचते थे, जो पर्याप्त नहीं था। (अनंत ज्ञान)



## 90.33 करोड़ की डीपीआर

**सोलन** के कथेड़ में सरकार में नए अस्पताल के निर्माण का कार्य शुरू किया गया है। इस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के निर्माण पर 90.33 करोड़ की राशि खर्च होनी है। हालांकि काम पूरे होने तक इस पर 100 करोड़ रुपए से भी ज्यादा पैसा खर्च होने का अनुमान है। जानकारी के मुताबिक कुछ समय पहले सरकार ने अस्पताल के निर्माण को शुरू करने के लिए 32 करोड़ रुपए की राशि जारी की थी, लेकिन अस्पताल के निर्माण पर अभी तक 42 करोड़ से अधिक की राशि खर्च की जा चुकी है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने सीएम का जताया आभार

**स्वास्थ्य** मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा कि अस्पताल के निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बजट की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 14 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि मंजूर होने से निर्माण कार्य में तेजी आएगी। धनराशि मंजूर होने पर स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह का आभार जताया है।

# आस्था को प्रशासनिक सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने पर बधाइयों का लगा तांता



एचएएस परीक्षा में उत्तीर्ण हुई आस्था को सम्मानित करते लोग।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**


पांवटा साहिब के दून वैली स्कूल की मेधावी छात्रा रही आस्था ने राज्य प्रशासनिक सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल प्रशासन, शिक्षक तथा छात्र बेहद गर्व महसूस कर रहे हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या शिवानी पांडे ने कहा कि यह आस्था की कड़ी मेहनत, समर्पण और लग्न का परिणाम है। उनकी इस सफलता से हम सभी बेहद खुश हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि निरंतर प्रयास और अनुशासन से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। आस्था को उनके शिक्षकों ने भी शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि हमारे स्कूल के लिए भी गौरव का क्षण है। उनकी मेहनत और दृढ़ संकल्प अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा है। विद्यालय ने आस्था के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। इस उपलब्धि पर पूरा स्कूल परिवार गर्व महसूस कर रहा है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। पांवटा साहिब की आस्था मलहंस एचएएस की परीक्षा उत्तीर्ण कर एसडीएम बनी हैं। एसबीआई बैंक में कार्यरत रहते लगातार मेहनत जारी रखी और अब यह उपलब्धि हासिल कर शहर व परिवार का नाम रोशन किया है।

# राम भरोसे चल रही कांग्रेस की सरकार : सुखराम चौधरी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने कहा कि जिस सरकार से विधायक एवं मंत्री आपस में न चल सके, तो वह सरकार कैसे चलेगी, यह कांग्रेस की सरकार राम भरोसे चल रही है।



उन्होंने कहा कि दून के विधायक चौधरी राम कुमार ने राज्य उद्योग विकास निगम के बहाने उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान पर निशाना साधा है। राम कुमार ने कहा कि वित्तीय संकट से जूझ रहे निगम द्वारा मल्कुमाजारा में ईंडो फार्म की जमीन के बचाव के लिए पौने 9 करोड़ रुपए की लागत से सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जा रहा है। ईंडो फार्म ने पिछले 2 वर्ष में इस जमीन पर कुछ नहीं किया है, अब निगम करोड़ों रुपए खर्च कर रत्ता नदी पर दीवार का निर्माण करने में लगा है।

निगम ने तो इसके निर्माण के लिए 14 करोड़ रुपए का एस्टीमेट तैयार किया था, लेकिन टैंडर करीब 8.75 करोड़ रुपए का हुआ है। सुखराम ने कहा कि कांग्रेस के विधायक ने सवाल तो ठीक ही किया है कि उद्योग की भूमि में सरकार क्यों पैसा खर्च कर रही है। उद्योग स्वयं अपनी भूमि में सुरक्षा दीवार का निर्माण करे।

## लापता नाबालिग कोटखाई से बरामद

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस महिला थाना सोलन में एक निवासी नेपाली मूल की महिला ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि इसकी नाबालिग लड़की जिसकी उम्र 17 वर्ष है, जो 12वीं कक्षा में पढ़ती है दिनांक 14-12-2024 को बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने अपनी बेटी की तलाश अपने तौर पर भी की, लेकिन उसका कहीं पर भी पता न चला, जिस पर महिला पुलिस थाना सोलन में अभियोग अधीन धारा-137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। अभियोग के अन्वेषण के दौरान महिला पुलिस थाना सोलन की पुलिस टीम द्वारा तकनिकी जांच पद्धति/काल डिटेल/टावर लोकेशन का विश्लेषण कर पीड़िता को जिला शिमला के कोटखाई क्षेत्र से बरामद किया गया। पीड़िता का चिकित्सा परीक्षण करवाया जा रहा है। मामले में जांच जारी है।

## मांगल स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन

# विधायक ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांगल ने अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। समारोह में विधायक अर्की संजय अवस्थी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

मुख्यातिथि ने कार्यक्रम का आगाज विद्या की देवी मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि विद्यालय स्तर की शिक्षा बेहतर भविष्य का आधार है और प्रदेश सरकार सभी स्तरों पर शिक्षा व्यवस्था में दीर्घावधि के सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। संजय अवस्थी ने इससे पूर्व हवानी चौक से उपरली रूग तक संपर्क मार्ग का लोकार्पण किया। इस सड़क के लिए जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट डीएमएफटी के माध्यम से 39 लाख रुपए का बजट स्वीकृत हुआ है। इसमें से 19 लाख रुपए का कार्य किया जा चुका है, जबकि 20 लाख की लागत से कार्य प्रगति पर है। विधायक ने स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मांगल के परिसर के लिए फुटओवर ब्रिज का लोकार्पण भी किया।



इसके निर्माण पर लगभग 12 लाख व्यय हुए हैं। विधायक ने कहा कि जीवन एक यात्रा है और इस यात्रा का प्रथम पढ़ाव विद्यालय है। विद्यालय स्तर पर प्रदान की जा रही शिक्षा और अभिभावकों तथा अध्यापकों के माध्यम से दिए जा रहे संस्कार ही आज के बच्चों को कल का बेहतर नागरिक और सफल व्यक्ति बनाते हैं। उन्होंने अध्यापकों तथा अभिभावकों से आग्रह किया कि युवा पीढ़ी पर ध्यान दें और उनसे नियमित संवाद बनाए रखें, ताकि युवा नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रह सकें। अर्की विधानसभा क्षेत्र का भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप विकास उनका लक्ष्य है और यह प्रयास किया जा रहा है कि अर्की में पर्यटन, उद्योग और अन्य अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों को समय पर पूरा किया जाए।

# नेशनल ड्रॉप रॉ बॉल में प्रदेश को गोल्ड, सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

बिहार की राजधानी पटना स्थित माउंट लिटेरा जी स्कूल बिहेटा में आयोजित 14वीं सब जूनियर और जूनियर ड्रॉप रॉ बॉल प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल को अपने नाम किया। प्रतियोगिता में 18 राज्यों की टीम ने भाग लिया।



हिमाचल ड्रॉप रॉ बॉल एसोसिएशन के महासचिव गोबिंद सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हिमाचल की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने नाम जूनियर में गोल्ड मेडल और ट्रिपल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल अर्जित किए और डबल में हिमाचल की टीम ने सिल्वर मेडल हासिल किया। उन्होंने इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए ड्रॉप-रा बॉल संगठन हिमाचल के सभी खिलाड़ी पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक को बधाई दी है। जूनियर सिंगल में आदर्श पंडित ने गोल्ड मेडल जीता। सब जूनियर वर्ग में ध्रुव समता ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया और जूनियर ट्रिपल इवेंट में रचित कपूर (कैप्टन) ऋषभ और हर्ष ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रोशन किया।

## संयुक्त पटवार एवं कानूनगो संघ के अध्यक्ष बने सुंदर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** संयुक्त पटवार एवं कानूनगो संघ की राजगढ़ ईकाई द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता परमेश्वर दत्त व पर्यवेक्षक दिनेश जिंटा द्वारा की गई। इस बैठक में सर्वसम्मति से राजगढ़ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सुंदर सिंह को अध्यक्ष, विनोद कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रवीण कुमार को महासचिव, ज्योतना चौहान व रजनी चौधरी को उप प्रधान, अरूण कुमार को सह सचिव, अदब सिहं को प्रेस सचिव, परमजीत सिंह को लेखा परिक्षक, राजेंद्र शर्मा को कोषाध्यक्ष, परमेश्वर दत्त, दिलावर सिंह, अजय सिंह को जिला प्रतिनिधि, रविंद्र सिंह, यशवंत सिंह, राम स्वरुप को मुख्य सलाहकार चुना गया।

# हत्या के दोषी को उम्रकैद व 2 लाख रुपए की सुनाई सजा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नालागढ़ अभय मंडयाल ने हत्या के जुर्म में उम्रकैद की सजा व 2,15,000 रुपए जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला उपन्यायवादी पंकज धीमान ने बताया कि 11 अक्तूबर 2017 को युधवीर सिंह ने पुलिस को बताया था कि इसका सबसे छोटा लड़का तेजिंद्र सिंह, जो कि झाड़माजरी स्थित एक निजी उद्योग में काम करता था, वह अपने कमरे में मृत अवस्था में मिला था, जिसके गले की चेन, अंगूठी और मोबाइल फोन गायब था। पुलिस द्वारा जांच में पाया गया कि तेजिंद्र की हत्या विजय कुमार पुत्र रामेश्वर दयाल गांव बिहारीपुर डाकघर कैलम जिला बरेली उत्तर प्रदेश व बाल अपचारी ने लूटपाट कर रसोई घर से कटर लाकर गला काटकर की। अदालत ने गवाहों के आधार पर विजय कुमार को हत्या के जुर्म में उम्र कैद व 2,15,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई और जुर्माना न देने पर एक साल का अतिरिक्त कारावास काटना होगा।

# महिलाएं ग्रुप से जुड़कर नाबार्ड जैसी योजनाओं का लाभ उठाएं : सुनीता

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट**

कंडाघाट उपमंडल की पंचायत मही नाबार्ड के सौजन्य से गठित महिलाओं के ज्वाइंट लाइबेलिटी ग्रुप की बैठक पंचायत प्रधान अंजू कौंडल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।



बैठक का उद्देश्य ग्रुप की महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए उन्हें नाबॉर्ड की योजनाओं से अवगत करवाना है। इस बैठक में शेड्स सोसायटी की चेयरमैन सुनीता ठाकुर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही। उन्होंने महिलाओं से अपने अनुभव साझा किए। महिलाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने बताया कि एक समय था, जब में खुद ही रोजगार की तलाश में थी, लेकिन उस समय ग्रुप जैसी किसी प्रकार की सुविधाएं नहीं होती थी बहुत समय बाद वह समूह से जुड़ीं और पहले एक छोटी दुकान खोली और फिर ट्यूशन पढ़ाने का काम शुरू किया। धीरे-धीरे आगे बढ़ती गई और आज शेड्स लॉ कॉलेज खोलना उसी मेहनत का परिणाम है। महिलाएं ग्रुप से जुड़कर नाबार्ड जैसी योजनाओं का लाभ उठाएं। एनजीओ के अध्यक्ष देविंदर शर्मा, नीलम राणा ट्रेनर लीला ठाकुर सहित कई पदाधिकारियों ने महिलाओं को समूह में आर्थिक गतिविधियों को चलाने की जानकारी दी।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव में कारिका चंडीगढ़ का करेगी प्रतिनिधित्व

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** चंडीगढ़ में शिक्षा ग्रहण कर रही कारिका ठाकुर ने आगामी विकसित भारत युवा नेता संवाद-2025 के तहत आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए अपना नाम पक्का कर लिया है। यह आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में 2025 के राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान आयोजित किया जाएगा। कारिका ठाकुर, वर्तमान में एमसीएमडीएवी कॉलेज फॉर वुमन, चंडीगढ़ में बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है, उन्होंने अपनी उत्कृष्ट वाद-विवाद क्षमता और संप्रेषण कला के लिए चंडीगढ़ का प्रतिष्ठान बढ़ाया है। कारिका ने अपनी 12वीं तक की शिक्षा पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर से प्राप्त की है, उनके पिता राज कुमार हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं तथा वर्तमान में उपमंडल दंडाधिकारी राजगढ़ जिला सिरमौर में कार्यरत हैं तथा माता पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में विज्ञान की शिक्षिका हैं उन्होंने पुत्री की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।



# पंजाब पुलिस व ड्रग विभाग की बद्दी की एक निजी फार्मा कंपनी में दबिश

**रजनीश ठाकुर, बद्दी**

पुलिस व ड्रग विभाग की संयुक्त टीम ने बद्दी की एक फार्मा कंपनी में दबिश दी।

टीम ने कंपनी का रिकॉर्ड खंगाला और कुछ दस्तावेज अपने साथ ले गई। कंपनी में यह दबिश पंजाब में कट्ठूनंगल थाने के तहत पकड़ी नशीली दवाइयों के बाद की गई है। बता दें कि रविवार को पंजाब के थाना कट्ठूनंगल की पुलिस ने पुल ड्रेन के पास नाकाबंदी के दौरान एक कार में सवार 2 तस्करों से नशीली दवाइयां मिली थीं। पुलिस ने जब कार को जांच के लिए रोका, तो मौके पर कार की पिछली सीट पर बैठे एक व्यक्ति 3 बैग लेकर भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे 200 मीटर की दूरी पर पकड़ लिया, जब पकड़े गए तीनों बैगों की तलाशी की, तो उनमें पचास हजार के करीब नशीली दवाइयां बरामद हुईं। इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों मंगा सिंह निवासी गांव माहल और परमिंदर सिंह निवासी चाटीविंड को मौका पर गिरफ्तार कर लिया। दोनों पकड़े गए आरोपियों की उम्र करीब 24 साल के करीब है, जब पकड़ी गई दवाइयों की जांच शुरू की गई, तो पाया गया कि यह नशीली दवाइयां बद्दी की एक निजी कंपनी की हैं।

तफ्तीश करते हुए पंजाब पुलिस व ड्रग विभाग की टीम बद्दी पहुंची और निजी कंपनी में दबिश देकर रिकॉर्ड को कब्जे में ले लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## आगामी जांच चल रही : मुनीश कपूर

**ड्रग** कंट्रोलर हिमाचल प्रदेश मनीष कपूर ने कहा कि पंजाब पुलिस की टीम एक मामले में तफ्तीश करने आई थी, जिसमें हमारी टीम मौके भी साथ रही, हमने मिलकर जांच की है, जिसमें कंपनी का रिकॉर्ड पंजाब पुलिस साथ ले गई है और आगामी जांच चल रही है।

**आदेश** डीसी सुमित खिमटा ने जमाखोरी और मुनाफाखोरी रोकने के लिए सिरमौर में गैस वितरण श्रम शुल्क किए निर्धारित

# एमसी क्षेत्र में 10 किलो सिलेंडर का 11 व 14.2 का 22 रुपए लिया जाएगा शुल्क

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने हिमाचल प्रदेश जमाखोरी और मुनाफाखोरी निवारण आदेश-1977 के तहत दी गई शक्तियों के अनुरूप सिरमौर में विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा उपलब्ध करवाए जा रहे 10 किलोग्राम व 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर के लिए अतिरिक्त परिवहन/श्रम शुल्क निर्धारित कर आदेश जारी किए हैं।



आदेशों के अनुसार हिमाचल राज्य आपूर्ति निगम लिमटेड नाहन-1 शहरी के आपूर्ति क्षेत्र, नाहन शहर, एमसी क्षेत्र, वार्ड नं. 1 से 13 तथा कैंट क्षेत्र, चिड़ावाली, यशवंत विहार, जाबल का बाग, तालों आदि क्षेत्रों में डोर स्टेप डिलिवरी व रामाधौण के केंद्र बिंदु तक के लिए 10 कि.ग्रा. सिलेंडर का शुल्क 11 रुपए तथा 14.2 कि.ग्रा. सिलेंडर का शुल्क 22 रुपए निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार नाहन के ग्रामीण क्षेत्र में गैस वितरण एजेंसी हिमाचल प्रदेश राज्य आपूर्ति निगम लिमटेड नाहन-2 के आपूर्ति क्षेत्र में आने वाले, जुड्डा, देवका, सेन की सेर, सेनवाला व निचला अंबवाला आदि क्षेत्रों में 10 किग्रा. सिलेंडर का शुल्क 10 रुपए तथा 14.2 किग्रा 20 रुपए निर्धारित है, जबकि कटोला, विक्रमबाग, गणेश का बाग, वरिष्ट माध्यमिक पाठशाला मातर, बनेठी, सुरला, आदि क्षेत्रों में 11 रुपए व 22 रुपए, रखनी, मातर, नेरला, कोलावाला भूड, चाकली, सतीवाला, के लिए 12 रुपए व 24 रुपए दर निर्धारित है।

डुंगाघाट, जामन की सेर, मडीघाट, क्यारी में 15 रुपए व 30 रुपए, लानाबाका, ठाकुरद्वारा, बागथन में 18 रुपए व 36 रुपए, जबकि सिरमौरी मंदिर, मेहदोबाग, ढंगयार, जयहर, बसांह में 22 रुपए व 44 रुपए, बोहलघाट, मानगड, नयागांव में 25 रुपए व 50 रुपए, डींगर किनर, चनालग, मानरिया आदि क्षेत्रों में 28 रुपए व 56 रुपए निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार गैस एजेंसी मैसर्ज पोसवाल इंडेन ग्रामीण वितरक खैरी त्रिलोकपुर के वितरण क्षेत्र में आने वाले कालाअंब, नागलसुकेती, मोगीनंद, त्रिलोकपुर, बर्मापापडी आदि क्षेत्रों में 10 व 20 रुपए, जबकि जंगलाभूड, कंडयीवाला, डाकरा आदि में 11 व 22 रुपए निर्धारित है। मैसर्ज सराहां कलां इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी सराहां के वितरण क्षेत्र सराहां, नवलघाट, बनाड, काहन आदि में 10 रुपए व 20 रुपए, धमाकड़ी की जोहड़ी, लानाबांका, चरपडी, बागपशोग, चरानीघाट, डूंगाघाट, आदि में 11 व 22 रुपए, बंबयार, भड़यार, प्रेमनगर, निहोग, सिरमौरी मंदिर, डेलन, गलानाघाट, शोटिया, डिलमन, कुजी आदि में 12 व 24 रुपए, बागथन, राजयों, देवरीया दसाणा, बनाड़, गागल शिकोर, तकांहां आदि में 14 व 28 रुपए, जामन की सेर, ठाकरद्वारा, महल प्रीतनगर, शेरशोग, में 18 व 36 रुपए निर्धारित किए गए हैं।




## न्यूज ब्रीफ

### पंजाब, हरियाणा में कई स्थानों पर घना कोहरा



**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा में बुधवार की सुबह कई स्थानों पर घना कोहरा छाया रहा तथा दोनों राज्यों में ठंड की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पंजाब के अमृतसर में घने कोहरे के कारण दृश्यता शून्य हो गई। उन्होंने बताया कि लुधियाना और पटियाला में दृश्यता क्रमशः केवल 20 मीटर और 10 मीटर थी। दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में दृश्यता 80 मीटर थी। हरियाणा के करनाल और अंबाला में भी कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब में संगरूर सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान सामान्य से छह डिग्री कम तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### दो आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** तरनतारन जिले के वल्टोहा में मुठभेड़ के बाद विदेशी गैंगस्टर प्रभ दासूवाल के दो कथित सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान दोनों को गोली लगी है और उनका अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि तरनतारन के गांव टूट निवासी करणप्रीत सिंह उर्फ करण तथा तरनतारन के गांव भंगाला निवासी गुरलालजीत सिंह उर्फ लाली को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उनके पास से .32 बोर की एक पिस्तौल, कारतूस और खोखे भी बरामद किए। उन्होंने बताया कि दोनों कथित तौर पर प्रभदीप सिंह उर्फ प्रभ दासूवाल के निर्देश पर जबरन वसूली का गिरोह संचालित कर रहे थे। प्रभ दासूवाल घनश्यामपुरिया गिरोह से जुड़ा हुआ है।

### नाबालिग खिलाड़ी के साथ कोच ने किया दुष्कर्म

**हरिद्वार।** उत्तराखंड में एक नाबालिग हॉकी खिलाड़ी के साथ उसके कोच द्वारा कथित तौर पर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। सिडकुल थाना प्रभारी मनोहर भंडारी ने बताया कि राज्य में आगामी राष्ट्रीय खेलों के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने वाले आरोपी कोच भानुप्रकाश (30) को गिरफ्तार कर लिया गया है और पीड़ित लड़की के पिता द्वारा उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के बाद उससे पूछताछ की जा रही है। राज्य की खेल मंत्री रेखा आर्य ने हरिद्वार का दौरा किया और अनुबंध पर काम कर रहे आरोपी कोच को निलंबित कर दिया।

### अडानी मामले की जांच के फैसले को चुनौती दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में भारतीय अरबपति गौतम अडानी की गतिविधियों की जांच करने के बाइडेन प्रशासन के फैसले को चुनौती देते हुए एक प्रभावशाली रिपब्लिकन सांसद ने कहा कि इस तरह की चुनिंदा कार्रवाइयों से प्रमुख भागीदारों के साथ महत्त्वपूर्ण गठबंधनों को नुकसान पहुंच सकता है। सदन न्यायपालिका समिति के सदस्य सांसद लैंस गुडेन ने अमेरिकी अटॉर्नी जनरल मेरिक बी गारलैंड को लिखे एक कड़े शब्दों वाले पत्र में पूछा कि यदि भारत प्रत्यर्पण अनुरोध का पालन करने से इनकार कर देता है तो अमेरिका क्या करेगा।

### टीएमसी पार्षद हत्या मामले में दो और गिरफ्तार

**मालदा।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने मालदा से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के पार्षद दुलाल सरकार की हत्या के सिलसिले में बुधवार को दो और लोगों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि ताजा गिरफ्तारियों के साथ अब तक कुल सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मालदा इंग्लिश बाजार से टीएमसी पार्षद की दो जनवरी को मालदा जिले में बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। दुलाल सरकार को मुख्यमंत्री बनर्जी ने अपना करीबी सहयोगी और लोकप्रिय नेता बताया था। पुलिस के मुताबिक, सरकार को इंग्लिश बाजार कस्बे के झालझलिया मोड़ पर नजदीक से कई बार सिर में गोली मारी गई थी। घटना के समय सरकार बाइक सवार हमलावरों से बचकर भागने की कोशिश कर रहा था।

### मणिपुर में हथियार, गोला-बारूद बरामद



**इंफाल।** मणिपुर के थौबल जिले में तलाश अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। पुलिस ने बताया कि जब्त की गई वस्तुओं में एक पिस्तौल, मोर्टार, हथगोला और गोलियां शामिल हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह बरामदगी मंगलवार को जिले के हंगोइलोक के पास इरोंग तांगखुल गांव में तलाश अभियान के दौरान की गई। मणिपुर पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन के एक सदस्य को बिष्णुपुर जिले से गिरफ्तार किया है। अधिकारी ने बताया कि 26 वर्षीय इस युवक को मंगलवार को सुनुसीफाई इलाके से गिरफ्तार किया गया।

# 15वें वित्त आयोग ने जारी की पंजाब के स्वास्थ्य विभाग को 250 करोड़ की ग्रांट

**एजेंसी, चंडीगढ़**

केंद्र सरकार ने पंजाब सरकार के स्वास्थ्य विभाग को 15वें वित्त आयोग अनुदान के रूप में 250 करोड़ रुपए की ग्रांट जारी कर दी है। इससे जहां अस्पतालों की हालत सुधारने के लिए काम किया जाएगा, वहीं शहरी आम आदमी क्लीनिकों के इंफ्रास्ट्रक्चर में भी बढ़ोतरी की जा सकेगी। इसी तरह केंद्र ने नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचम) के तहत 130 करोड़ रुपए की दूसरी ग्रांट भी जारी कर दी है।



हाल ही में सरकार ने एनएचम के फंडों की ऑडिट करवाकर केंद्र को एक रिपोर्ट भेजी थी, जिसके बाद ही दूसरी ग्रांट जारी की गई है। पहली किस्त के 123 करोड़ रुपए केंद्र सरकार की तरफ से पिछले महीने जारी किए गए थे। विवाद के चलते राज्य को अढ़ाई साल बाद यह राशि मिली थी।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 15वें वित्त आयोग अनुदान के तहत राशि मिलने के बाद विभाग ने सभी शहरी स्वास्थ्य केंद्रों की सूची तैयार करनी शुरू कर दी है, जिनमें स्वास्थ्य सुविधाएं की कमी है। साथ ही विभाग ने 165 नए आम आदमी क्लीनिक भी बनाए हैं, जिनमें इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इस परियोजना में भी विभाग को काफी फायदा होगा, क्योंकि केंद्र ने एनएचएम के तहत 130 करोड़ रुपये की दूसरी ग्रांट भी जारी कर दी है। अब राज्य सरकार ने केंद्र से तीसरी ग्रांट मांगी है।

प्रदेश में अब आम आदमी क्लीनिकों की संख्या बढ़कर 842 हो गई है। ग्रामीण में 530 और शहरी क्षेत्रों में 312 क्लीनिक है। ग्रामीण के बाद अब सरकार की योजना शहरी क्षेत्रों में भी इन क्लीनिकों के विस्तार करने की है। जिस तरह से माइग्रेशन बढ़ा है, उससे शहरी अस्पतालों में दवाब बढ़ता जा रहा है।

### विवाद के चलते रुक गई थी ग्रांट

**केंद्र** सरकार ने आरोप लगाया था कि एनएचएम फंड का दुरुपयोग करके पंजाब में आम आदमी पार्टी क्लीनिक खोले गए। अब केंद्र व राज्य सरकार की बीच सहमति बनी है कि राज्य सरकार इस योजना में केंद्र की ब्रांडिंग करेगा, जिसके बाद ही रुकी हुई राशि जारी की गई है। राज्य सरकार की तरफ से सबमिट उपयोगिता प्रमाण पत्र के अनुसार उसके पास 663 करोड़ रुपए का कुल फंड था, जिसमें से 517 करोड़ रुपए खर्च कर दिए गए हैं। इस तरह कुल 77.98 प्रतिशत राशि राज्य की तरफ से खर्च की गई है। केंद्र ने राज्य को निर्देश दिए थे कि नई ग्रांट मांगने से पहले पुरानी ग्रांट का उपयोगिता प्रमाण पत्र सबमिट किया जाना चाहिए। बता दें कि आम आदमी क्लीनिकों में एक मेडिकल ऑफिसर, फार्मासिस्ट, क्लीनिक असिस्टेंट और स्वीपर एवं हेल्पर की सुविधा दी गई है। साथ ही 80 तरह की दवाइयां भी उपलब्ध है, लेकिन केंद्र से फंड न मिलने के चलते सरकार को यह खर्च उठाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

# कटड़ा-बनिहाल ट्रैक पर हाई स्पीड परीक्षण हुआ सफल

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

कटड़ा से बनिहाल तक यूएसबीआरएल प्रोजेक्ट के तहत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सफल 180 डिग्री चढ़ाई पर उच्च गति परीक्षण के साथ भारतीय रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा गया। उत्तर रेलवे सुरक्षा आयुक्त दिनेश चंद देशवाल ने इस घटना को भारतीय रेलवे के लिए सकारात्मक संकेत बताया और कहा कि इससे कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच सीधी रेल सेवा शुरू करने की संभावना तेज हो सकती है।

उन्होंने कहा कि दो दिन की वैधानिक निरीक्षण प्रक्रिया के बाद एकत्रित डेटा का विश्लेषण किया जाएगा, जिसके बाद केंद्र सरकार इस बहुप्रतीक्षित सेवा के शुरू होने के संबंध में निर्णय ले सकती है। दिनेश चंद देशवाल ने कहा कि कटड़ा से बनिहाल तक 180 डिग्री चढ़ाई पर 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाला परीक्षण सफल रहा और यह रेलवे के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ा है। परीक्षण के दौरान ट्रेन ने कटड़ा



स्टेशन से सुबह 10:30 बजे रवाना होकर बनिहाल स्टेशन तक डेढ़ घंटे में यात्रा की। वापसी की यात्रा में यह ट्रेन 2 बजे कटड़ा के लिए रवाना होकर 3:30 बजे अपने गंतव्य पर पहुंचेगी। देशवाल ने कहा कि यह परीक्षण यात्रा ट्रैक पर अंतिम उच्च गति परीक्षण है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार इस परियोजना के शुरू होने पर अंतिम निर्णय लेगी।

इससे पहले, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिसंबर में रियासी-कटड़ा खंड के पूरा होने की घोषणा की थी, जो कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने में एक महत्वपूर्ण विकास है।

## मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में हुई सचिव समिति की बैठक

**अनंत ज्ञान, देहरादून**

राज्य में ईकोलॉजी एवं ईकोनॉमी के संतुलन के लिए निर्धारित किए गए फ्रेमवर्क ''नौ सूत्र प्रगति प्रकृति संतुलन मिशन'' पर गंभीरता से कार्य करने की हिदायत देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में सचिव समिति की बैठक में सभी सचिवों से इस संबंध में सुझाव मांगे हैं।

नियोजित बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष बल देते हुए राधा रतूड़ी ने सचिव कृषि को राज्य में बदलती जलवायु के अनुकूल खेती के तहत जैविक कृषि, मृदा संरक्षण व कुशल सिंचाई प्रबन्धन से संबंधित योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सचिव पर्यटन को राज्य में ईको-सर्टिफिकेशन, वेस्ट मेनेजमेंट तथा ईको टूरिज्म नीतियों को क्रियान्वित करने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने सचिव उद्योग को उद्योग क्षेत्र में ग्रीन टेक्नॉलजी के उपयोग से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं सस्टेनिबिटी को कायम करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सचिव ऊर्जा को ईकोलॉजिकल सेफगार्ड वाले छोटे जल विद्युत प्रोजेक्ट तथा सौर ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने सचिव आवास एवं लोक निर्माण विभाग को सत्तशील निर्माण तरीकों को इस्तेमाल करते हुए जलवायु अनुकूल आवासों और सड़कों के निर्माण को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने अन्य देशों एवं राज्यों में विशेषरूप से कृषि, पर्यटन, मैन्यूफैक्चरिंग, ऊर्जा तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर में किए जा रहे बेहतरीन कार्यों के अध्ययन के निर्देश दिए हैं।

## श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन बढ़ा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन ने संगठित और असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन बढ़ा दिया है। यह नई दरें 1 अक्तूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक लागू होंगी। अकुशल श्रमिकों का मासिक वेतन 14,142 रुपए और दैनिक वेतन 544 रुपए तय किया गया है। अर्ध-कुशल-11 श्रेणी का मासिक वेतन 14,292 रुपए और दैनिक वेतन 550 रुपए होगा। इसी तरह, अर्ध-कुशल-1 का मासिक वेतन 14,392 रुपए और दैनिक वेतन 554 रुपए होगा।

कुशल-11 श्रेणी के श्रमिकों का मासिक वेतन 14,592 रुपए और दैनिक वेतन 561 रुपए होगा, जबकि कुशल-1 का मासिक वेतन 14,817 रुपए और दैनिक वेतन 570 रुफए होगा। अति-कुशल श्रमिकों को अब 15,217 रुपए मासिक और 585 रुपए दैनिक वेतन मिलेगा।

# सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग ने 'पंजाब दे शेर' के साथ अपने नए सीजन की घोषणा की



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

क्रिकेट के वैश्विक खेल के माध्यम से सिने स्टार्स को उनके प्रशंसक आधार (फैंन बेस) से जोड़ने के लिए डिजाइन की गई सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (सीसीएल) 31 जनवरी, 2025 से वापस आ रही है। इसका भव्य उद्घाटन हैदराबाद में होगा। देश के आठ रीजनल फिल्म इंडस्ट्री के 200 सिने सितारे लगभग एक महीने तक चलने वाले टूर्नामेंट में अपनी क्रिकेट प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

'पंजाब दे शेर' के को-ओनर्स नवराज हंस और पुनीत सिंह ने टीम प्रबंधन के साथ बताया कि उनकी टीम 2016 से सीसीएल में भाग ले रही है और आगामी संस्करण में भी भाग लेगी। टूर्नामेंट 31 जनवरी को हैदराबाद से शुरू होगा और 23 फरवरी को विशाखापट्टनम में समाप्त होगा। सभी आठ टीमों को दो ग्रुप्स में बांटा गया गया है, जिसमें घरेलू टीम 'पंजाब दे शेर' चार लीग मैच खेलेगी। 'पंजाब दे शेर' की कप्तानी प्रसिद्ध समाजसेवी और सिनेस्टार सोनू सूद करेंगे।

टीम के अन्य सदस्यों में पॉलीवुड स्टार बिन्नू ढिल्लों, अपारशक्ति खुराना, नवराज हंस, गुरप्रीत गुग्गी, हार्डी संधू, बब्बल राय, जस्सी गिल, निंजा, देव खरोड़, मनमीत सिंह (मीत ब्रदर्स), सुय्यास राय, करण वाही, दक्ष अजीत सिंह, गैवी चहल, मयूर मेहता, अनुज खुराना और राहुल जेटली शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

## कांग्रेस ने दिल्ली में की 'जीवन रक्षा योजना' की घोषणा

# लोगों को 25 लाख रुपए तक मिलेगा मुफ्त इलाज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के मद्देनजर में बुधवार को 'जीवन रक्षा योजना' की घोषणा की, जिसके तहत उसने सत्ता में आने पर दिल्ली के लोगों को 25 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस योजना का ऐलान करते हुए कहा कि यह दिल्ली में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए क्रांतिकारी साबित होगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की यह दूसरी 'गारंटी' है। इससे पहले उसने 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा की थी, जिसके तहत उसने दिल्ली की पात्र महिलाओं को 2500 रुपए प्रति



माह देने का वादा किया है। गहलोत ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने की संभावनाएं बढ़ रही हैं। मेरा मानना है कि यह देश के लिए भी जरूरी है। प्रस्तावित योजना दिल्लीवासियों की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## हाथरस मामले में जिला मजिस्ट्रेट व एसएसपी तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हाथरस में हुई भगदड़ की घटना के मामले में जिले के तत्कालीन जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को 15 जनवरी को व्यक्तिगत रूप से पेश होने होकर यह बताने का निर्देश दिया है कि इस घटना के लिए उनकी जवाबदेही क्यों ना तय की जाए। याचिकाकर्ता मंजू देवी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने कहा कि आयोजक अपने लाभ के लिए भोली भाली जनता को बुलाते हैं और समुचित व्यवस्था न होने के कारण ऐसी घटनाएं होती हैं। पुलिस बल, चिकित्सा आदि की समुचित व्यवस्था है या नहीं, यह देखने की जिम्मेदारी प्रशासन की होती है।

# न सीएम और न ही प्रधानमंत्री आवास पहुंचे सके 'आप' नेता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** में 'शीशमहल' मामले को लेकर सियासत गर्म है। बुधवार को 'आप' नेता संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज दिल्ली सीएम आवास पहुंचे। सीएम आवास में अंदर जाने से पुलिस ने उन्हें रोक दिया।

इसके बाद दोनों आप नेता पीएम आवास के लिए निकले। बीच रास्ते में उन्हें पुलिस ने रोक दिया। भाजपा के 'शीश महल' आरोपों के बाद संजय सिंह ने भाजपा को मीडिया कर्मियों के साथ सीएम आवास पर जाने की चुनौती दी थी। 'आप' सांसद संजय सिंह ने 2700 करोड़ रुपए में बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आलीशान राजमहल को भाजपा को दिखाने की चुनौती दी। संजय सिंह ने भाजपा से मांग की है कि वह पीएम का राजमहल दिखाएं। संजय सिंह ने कहा था कि वह



मीडिया के साथ पहले मुख्यमंत्री आवास जाएंगे। उसके बाद प्रधानमंत्री का आवास देखने जाएंगे। आप नेता संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज दिल्ली सीएम आवास पहुंचे। सीएम आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई। आप नेताओं को सीएम आवास में जाने से पुलिस ने रोक दिया। मुख्यमंत्री आवास के बाहर तैनात पुलिसकर्मियों के साथ तीखी नोकझोंक हुई। मुख्यमंत्री आवास के बाहर पुलिस बैरिकेडिंग लगा दी है और भारी सुरक्षा बल तैनात किया है। आप नेता संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज धरने पर बैठ गए।

## पेरिया दोहरा हत्याकांड : हाईकोर्ट ने 4 दोषियों की सजा पर रोक लगाई

**एजेंसी, कोच्चि**

**केरल** हाईकोर्ट ने पांच साल पहले कासरगोड जिले के पेरिया शहर में दो युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हत्या के जुर्म में पांच साल की सजा पाए माकपा के एक पूर्व विधायक सहित चार आरोपियों की सजा पर बुधवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति पीबी सुरेश कुमार और न्यायमूर्ति जे. सेबेस्टियन की पीठ ने पूर्व विधायक और माकपा के जिला नेता केवी कुन्हीरामन, कन्हानगढ़ ब्लॉक पंचायत अध्यक्ष के मणिकंडन, राघवन वेलुथोली और एवी भास्करन की याचिका पर विचार करते हुए उनकी सजा पर रोक लगा दी। सीबीआई) की अदालत ने पिछले सप्ताह इस मामले में 10 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

## मॉब लिंचिंग केस पर जल्द सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** मॉब लिंचिंग मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने जल्द सुनवाई से इनकार कर दिया है। नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन वुमेन ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में जल्द सुनवाई की मांग की थी। कोर्ट ने पहले कहा था कि इसे कल सूचीबद्ध किया गया था, लेकिन समय की कमी होने की वजह से सुनवाई टालनी दी गई।

# असम में कोयला खदान में फंसे नौ मजदूरों में से एक का शव बरामद

**एजेंसी, गुवाहाटी**

**असम** के दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में फंसे नौ मजदूरों में से एक का शव सेना के गोताखोरों ने बुधवार को बचाव अभियान के तीसरे दिन बरामद कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि आठ अन्य खनिकों के बचने की संभावना कम है, हालांकि नौसेना, सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कर्मियों की एक टीम ने खनिकों को बचाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। सोमवार को उमरंगसो के 3 किलो क्षेत्र में स्थित असम कोयला खदान में अचानक पानी भर जाने से मजदूर फंसे गए थे। अधिकारियों ने बताया कि बचाव दल बारी-बारी से खदान में प्रवेश कर रहे हैं, और अभियान चौबीस घंटे जारी है। उन्होंने बताया कि गोताखोरों ने सुबह के समय खदान के अंदर काम करने वाले व्यक्ति का शव देखा, लेकिन उसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है।

# गाजा में बंधक लोगों को रिहा नहीं किया तो कहर टूटेगा : ट्रंप

**एजेंसी, वाशिंगटन**

**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी कि हमास की ओर से बंधक बनाए गए लोगों को अगर उनके शपथ ग्रहण तक रिहा नहीं किया गया तो पश्चिम एशिया पर कहर टूटेगा।



ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि यदि बंधक बनाए गए लोगों को रिहा नहीं किया गया तो वह क्या कार्रवाई करेंगे। हमास ने सात अक्तूबर 2023 को इसराइल पर हमला करके बड़ी संख्या में लोगों को बंधक बना लिया था। अधिकारियों का कहना है कि अब भी लगभग 100 लोग हमास के कब्जे हैं जिनमें कुछ अमेरिकी नागरिक भी हैं। अधिकारियों का मानना है कि बंधक बनाए गए लोगों में से कई की अब तक मौत हो गई होगी। ट्रंप ने कहा कि अगर बंधक वापस नहीं आए तो सब कुछ बिगड़ जाएगा। मैं आपकी बातचीत को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहता, अगर वे मेरे पदभार ग्रहण करने तक वापस नहीं आए तो पश्चिम एशिया में सब कुछ बिगड़ जाएगा। ट्रंप ने हमास को 20 जनवरी तक सभी बंधकों को रिहा करने की चेतावनी दी। यह हमास के लिए अच्छा नहीं होगा और सच कहूं तो यह किसी के लिए भी अच्छा नहीं होगा। सब कुछ बर्बाद हो जाएगा।

# सेंसेक्स 50 अंक गिरकर 78,148 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

सेंसेक्स बुधवार को 50 अंक की गिरावट के साथ 78,148 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स दिन के निचले स्तर 77,486 से 662 अंक संभला। वहीं, निफ्टी भी 18 अंक (-0.08 फीसदी) की तेजी के साथ 23,688 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी दिन के निचले स्तर 23,496 से 192 अंक रिकवर हुआ।




सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 14 में तेजी और 16 में गिरावट रही। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 22 में तेजी और 28 में गिरावट देखने मिली। एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स में ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.54 फीसदी की तेजी देखने को मिली। जबकि निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सबसे ज्यादा 2.16 फीसदी गिरावट के साथ बंद हुआ। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.35 फीसदी की गिरावट है और कोरिया के कोस्पी में 1.23 फीसदी की तेजी है। वहीं, चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 1.12 फीसदी की नीचे कारोबार कर रहा है। क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड और कैपिटल इन्फ्रा ट्रस्ट इनविट का आईपीओ दूसरा दिन है। निवेशक 9 जनवरी तक इसके लिए बिडिंग कर सकेंगे। 14 जनवरी को शेयर बीएसई- एनएसई लिस्ट होंगे।

# भारत में स्टील की मांग 9 फीसदी बढ़ने का अनुमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** में स्टील की मांग कैलेंडर वर्ष 2025 में 8 से 9 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। इसकी वजह हाउसिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर, इंजीनियरिंग, पैकेजिंग और अन्य सेगमेंट्स में स्टील की मांग बढ़ना है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की रिपोर्ट में बताया कि भारत के उलट वैश्विक स्तर पर स्टील की मांग में इस साल धीमापन देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में भारत में स्टील की मांग बढ़कर 11 प्रतिशत और ब्राजील में 5.6 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है।



वहीं, ग्लोबल स्तर पर स्टील की मांग में लगभग 1 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। चीन, जो सबसे बड़ा स्टील उत्पादक और उपभोक्ता भी है, में मांग में 3.5 प्रतिशत की गिरावट आई है, जिसकी वजह अनुकूल नीतिगत बदलावों और सहायता पैकेज जारी होने के बावजूद रियल एस्टेट क्षेत्र में स्टील की मांग में गिरावट होना है। यूरोप, जापान और अमेरिका से भी स्टील की मांग में 2-3 प्रतिशत की अनुमानित गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और ब्राजील जैसी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में मांग में वृद्धि ने वैश्विक स्तर पर स्टील की मांग में भारी गिरावट को रोका है।

## श्रीनगर में 8 किलो हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** श्रीनगर पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान से तस्करी करके लाई गई मादक पदार्थ की एक खेप को पकड़ा। इस संबंध में दो संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से आठ किलोग्राम हेरोइन बरामद की गई। श्रीनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) इम्तियाज हुसैन ने यहां संवाददाताओं को बताया कि बरथाना क्रॉसिंग पर नियमित जांच के दौरान पुलिस ने एक वाहन को रोका जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। उन्होंने बताया कि वाहन की गहन तलाशी लेने पर चालक की सीट के नीचे छुपाई गई छह किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। एसएसपी ने बताया कि इन लोगों की तलाशी के दौरान उनके पास से दो किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया। आरोपियों की पहचान कुपवाड़ा के दिलदार तंगदार निवासी अनस अजाज अवान और कुपवाड़ा के तंगदार के छन्नीपोरा निवासी जाहिद अहमद शेख के रूप में हुई है।


## स्पोर्ट्स विंडो

### जसप्रीत बुमराह के साथ झड़प पर सैम कोंस्टास को खेद



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के युवा बल्लेबाज सैम कोंस्टास ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान जसप्रीत बुमराह से हुई झड़प पर खेद जताते हुए स्वीकार किया है कि वह समय बर्बाद करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन आखिर में बुमराह को सफलता मिली। कोंस्टास ने आखिरी दो टेस्ट में अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी, लेकिन बुमराह और विराट कोहली से उलझने के कारण भी चर्चा में रहे। ऐसी एक घटना 5वें टेस्ट के पहले दिन हुई जब कोंस्टास और बुमराह के बीच तीखी बहस हो गई। कोंस्टास ने कहा ,''मुझे प्रतिस्पर्धा करना पसंद है और मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं।'' दिन का खेल जब खत्म होने को था तब बुमराह एक और ओवर फैंकना चाहते थे, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने विरोध किया जो समय खपाने की कोशिश में थे। इस कारण से बुमराह और कोंस्टास के बीच बहस हो गई। दो गेंद बाद बुमराह ने आखिरी गेंद पर उस्मान ख्वाजा का विकेट लिया। इसके बाद उन्होंने कोंस्टास की ओर बढ़कर उसे घूरकर देखा। कोंस्टास ने उस घटना के बारे में लगा ,''मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबक था। मैं थोड़ा समय बर्बाद करने की कोशिश कर रहा था, ताकि वे एक और ओवर नहीं फेंक सके, लेकिन बुमराह को आखिर में कामयाबी मिली।''

### अंतरराष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ियों का होगा भव्य स्वागत : सुधांशु



**नई दिल्ली।** खो-खो विश्व कप में भाग लेने के लिए दिल्ली पधारने वाले अंतरराष्ट्रीय खो-खो खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ का इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत की तैयारियां की जा रहीं हैं। 10 और 11 जनवरी को ज्यादातर टीमें नई दिल्ली पहुंच जाएंगी। खो-खो विश्व कप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया की एयरपोर्ट पर पहुंचने पर खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी, खो-खो फैंस और जीएमआर के वरिष्ठ अधिकारी खिलड़ियों का फूलों के गुलदस्ते और माथे पर तिलक लगाकर भारतीय परंपरा के अनुरूप स्वागत करेंगे। जीएमआर खो-खो विश्व कप का आधिकारिक स्पांसर है।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की संभावित टीम में होंगे चोटिल अयूब



**लाहौर।** पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने चोटिल बल्लेबाज सईम अयूब को 19 फरवरी से शुरू हो रही चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए संभावित टीम में रखा है जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को भेजी जाएगी। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के करीबी सूत्र ने बताया कि पिछले कुछ महीने में सईम के फॉर्म और बतौर सलामी बल्लेबाज 50 ओवरों के क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं को लगा कि उसे चोट के बावजूद प्रारंभिक टीम में होना चाहिए। उन्होंने कहा ,'' चयनकर्ता उन्हें प्रारंभिक टीम में रखेंगे क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने सईम को टखने की चोट के सर्वश्रेष्ठ इलाज के लिए लंदन भेजा है ताकि वह समय पर ठीक हो सके।'' सईम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले सप्ताह दूसरे टेस्ट के पहले दिन टखने में चोट लगी। उन्हें छह सप्ताह आराम की सलाह दी गई है।

# चैंपियंस ट्रॉफी टीम में राहुल, शमी और जडेजा को क्या मिलेगा मौका?

**एजेंसी, नई दिल्ली**



खराब फॉर्म से जूझ रहे रोहित शर्मा और विराट कोहली भारतीय एक दिवसीय टीम में बल्लेबाजी की धुरी होंगे, लेकिन कम से कम तीन सीनियर खिलाड़ी ऐसे हैं जिनके नाम पर चयनकर्ताओं को माथापच्ची करनी होगी जब वे चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का चयन करने बैठेंगे।

लोकेश राहुल, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा की 19 फरवरी से शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट के लिए टीम में जगह पक्की नहीं है हालांकि वे पिछले साल विश्व कप टीम का हिस्सा थे।

फाइनल के बाद से भारत ने छह वनडे खेले हैं, जिसमें शमी और जडेजा को आराम दिया गया, लेकिन राहुल को दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका में द्विपक्षीय सीरीज में टीम में जगह मिली। श्रीलंका के खिलाफ राहुल को सीरीज के बीच से बाहर किया गया।

समझा जाता है कि यशस्वी जायसवाल को वनडे टीम में जगह मिलने की संभावना है। ऋषभ पंत अगर विकेटकीपिंग के लिए पहली पसंद होते हैं तो राहुल को बैकअप रखने का कोई मतलब नहीं है। राहुल अगर विकेटकीपिंग नहीं कर रहे हैं तो बतौर बल्लेबाज टीम में उनकी जगह पक्की नहीं है।

उनके करीबी प्रतिद्वंद्वियों में ईशान किशन ने विजय हजारे ट्रॉफी में रन नहीं बनाए जबकि संजू सैमसन को शुरुआती मैचों से बाहर रहने के बाद केरल टीम में चुना नहीं गया। भारत को चैंपियंस ट्रॉफी में अपने मैच दुबई में खेलने हैं और बांग्लादेश के खिलाफ पहला मैच 20 फरवरी को खेला जाएगा। भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में खेलने से इनकार किया है। सफेद गेंद के प्रारूप में जडेजा का फॉर्म उतना अच्छा नहीं रहा है और सूत्रों का मानना है कि चयन समिति को वनडे में अक्षर पटेल बेहतर विकल्प लगते हैं।

वॉशिंगटन सुंदर का चयन तय लग रहा है, लेकिन कुलदीप यादव की फिटनेस पर चयनकर्ता नजर रखे हुए हैं। वह पूरी तरह फिट लग रहे हैं, लेकिन विजय हजारे ट्रॉफी में एक भी मैच नहीं खेला। उनके नहीं खेलने पर रवि बिश्नोई या वरुण चक्रवर्ती को मौका मिल सकता है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की फिटनेस को लेकर चयन समिति के सामने तस्वीर स्पष्ट नहीं है।

उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में पिछले दो मैचों में 8-8 ओवर फैंके। अगर जसप्रीत बुमराह कमर की तकलीफ के कारण नहीं खेल पाते हैं तो शमी का अनुभव काफी उपयोगी साबित हो सकता है। रिजर्व बल्लेबाजों में रिंकू सिंह और तिलक वर्मा में से एक विकल्प हो सकता है।

### चैंपियंस ट्रॉफी टीम में चयन के दावेदार

**रोहित शर्मा** (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, लोकेश राहुल, ऋषभ पंत, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती या रवि बिश्नोई, वॉशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, आवेश खान या मोहम्मद शमी, रिंकू सिंह या तिलक वर्मा।

### 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला दुबई में

## सिडनी की पिच संतोषजनक

# बाकी पिचों को आईसीसी ने दी बेहतरीन 'रेटिंग'



सिडनी क्रिकेट ग्राउंड

**एजेंसी, सिडनी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की पांच में से चार पिचों को आईसीसी ने 'बेहतरीन' करार दिया है जबकि सिडनी में 5वें और आखिरी टेस्ट की पिच को 'संतोषजनक' रेटिंग मिली है। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। पांच मैचों की सीरीज ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से जीती और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए भी क्वालीफाई किया।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक विज्ञप्ति में कहा कि पर्थ के आप्टस स्टेडियम की पिच, एडीलेड ओवल, ब्रिसबेन में गाबा की पिच और मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की पिच को ऊंची रेटिंग मिली है। वहीं सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच को 'संतोषजनक' बताया गया है।

सिडनी की पिच इस बार गेंदबाजों की मददगार थी और दोनों पारियों में बल्लेबाज जूझते नजर आए। क्रिकेट आस्ट्रेलिया के क्रिकेट परिचालन प्रमुख पीटर रोच ने कहा ,''हम हमेशा कोशिश करते हैं कि ऐसी पिचें तैयार करें जो उस मैदान की खूबी बताती हो और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में ऐसा ही होता आया है।'' उन्होंने कहा ,'' हम ऐसी पिचें नहीं तैयार करते जो मेजबान टीम के अनुकूल हो या हमारी मदद करे। हम चाहते हैं कि बल्ले और गेंद के बीच अच्छी स्पर्धा हो और नतीजा निकले। तैयारियों पर मौसम का असर पड़ा और हमें पता है कि सबसे कुशल क्यूरेटर भी विपरीत मौसम से प्रभावित होते।''

### युकी भांबरी ऑकलैंड में क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली।** एटीपी टूर पर भारत के लिए बुधवार का दिन मिश्रित सफलता वाला रहा, जिसमें युकी भांबरी और फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती की जोड़ी ऑकलैंड में एएसबी क्लासिक क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, जबकि एन श्रीराम बालाजी अपने जोड़ीदार मिगुल रेयेस वारेला के साथ एडीलेड इंटरनेशनल के प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गए।

भांबरी और ओलिवेत्ती ने सैंडर एरेंड्स और ल्यूक जॉनसन को 6-4, 6-4 से हराया। अब उनका सामना जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल और अजीत राय और किरणपाल पन्नू के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार को हैरी हेलियोवारा और हेनरी पाटेन की जोड़ी ने 6-3, 3-6, 13-11 से मात दी। बालाजी टोगो के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले में भारतीय टीम का हिस्सा हैं।

# बुमराह गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

**एजेंसी, दुबई**



भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने बुधवार को जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपनी बादशाहत जारी रखते हुए करियर की सर्वश्रेष्ठ 908 रेटिंग से गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान कायम रखा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5वें और अंतिम टेस्ट से पहले 907 अंक से किसी भी भारतीय गेंदबाज की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी रैंकिंग रेटिंग का रिकॉर्ड बनाने वाले बुमराह ने एससीजी में पहली पारी में दो विकेट लेने के बाद अपनी रेटिंग में एक अंक का सुधार किया।

हालांकि पीठ की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके जिससे उनकी भूमिका सिर्फ बल्लेबाजी तक सीमित रही। बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा एक पायदान के सुधार के साथ संयुक्त रूप से 9वें स्थान पर पहुंच गए, वह शीर्ष 10 में बुमराह के साथ दूसरे भारतीय हैं। जडेजा ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड के साथ संयुक्त रूप से 9वें स्थान पर हैं। बोलैंड सिडनी में शानदार प्रदर्शन के बूते 29 पायदान के सुधार के साथ शीर्ष-10 में पहुंच गए हैं।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को भी रैंकिंग में फायदा हुआ है, वह अंतिम टेस्ट में पांच विकेट की बदौलत दूसरे नंबर पर पहुंचने में कामयाब हुए। दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा एक पायदान के लाभ से तीसरे स्थान पर पहुंचे जबकि चोटिल जोश हेजलवुड दो पायदान के नुकसान से चौथे स्थान पर खिसक गए।

### पंत 9वें स्थान पर



**ऋषभ** पंत बल्लेबाजी रैंकिंग में 9वें नंबर पर पहुंच गए जबकि भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपना चौथा स्थान कायम रखा।

### टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग

| रैंक | खिलाड़ी | देश | रेटिंग अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | जसप्रीत बुमराह | भारत | 908 |
| 2. | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 841 |
| 3. | कैगिसो रबाडा | द.अफ्रीका | 837 |
| 4. | जोश हेजलवुड | ऑस्ट्रेलिया | 835 |
| 5. | मॉर्को जानसेन | द.अफ्रीका | 785 |
| 6. | मैट हेनरी | न्यूजीलैंड | 782 |
| 7. | नाथन लियोन | भारत | 774 |
| 8. | प्रभात जयसूर्या | श्रीलंका | 768 |
| 9. | रवींद्र जडेजा | भारत | 745 |
| 9. | स्कॉट बोलैंड | ऑस्ट्रेलिया | 745 |

### डोप टेस्ट में नाकाम धाविका अर्चना जाधव

**नई दिल्ली।** भारत की लंबी दूरी की धाविका अर्चना जाधव को डोप टेस्ट में नाकाम रहने की वजह से एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) का अस्थायी निलंबन झेलना होगा।

बीस वर्ष की जाधव ने अक्तूबर 2024 में दिल्ली हाफ मैराथन में महिलाओं की रेस में भाग लिया था जिसमें वह चौथे स्थान पर रही थी।

एआईयू के अनुसार जाधव के नमूने में प्रतिबंधित ओक्सांड्रोलोन पाया गया है। एआईयू ने एक्स पर लिखा ,''एआईयू ने अर्चना लक्ष्मण जाधव (भारत ) को उनके नमूने में ओक्सांड्रोलोन पाये जाने के कारण अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।'' इसमें आगे कोई जानकारी नहीं दी गई।

